संसेक्स 71,106.96 ▲ +241.86
डॉलर 83.2325 ▼ -0.0325

तापमान (डिग्री सेल्सियस)
आज का अनुमान

| | अधिकतम | न्यूनतम | (न्यूनतम) |
|---|---|---|---|
| रांची | 23.0 | 11.0 | 13.0 |
| धनबाद | 25.0 | 13.0 | 16.0 |
| जमशेदपुर | 27.0 | 12.0 | 16.0 |
| पलामू | 24.0 | 12.0 | 15.0 |

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते



डालटनगंज (मेदिनीनगर), मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष 10, विक्रम संवत 2080 डालटनगंज (मेदिनीनगर), शनिवार, 23 दिसंबर 2023, वर्ष-30, अंक- 67, पृष्ठ-12, मूल्य ₹2.00, रजिस्ट्रेशन नं: आरएनआई. 61316/94 www.rastriyanaveenmail.com

संपादकीय उत्तर प्रदेश: कैसे बना भारत की दूसरी सबसे...8

डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

राहुल ने संसद में घुसपैठ करने वालों का ...12 देश/विदेश

## पलामू सर्राफा

सोना (10 ग्राम) 63,260

चांदी (10 किलो) 75,760

## एक नजर

### नये साल से पहले महंगाई से राहत

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय सूचकांकों में नरमी के बीच वाणिज्यिक इस्तेमाल वाले 19 किलोग्राम के रसोई गैस सिलेंडर (एलपीजी) की कीमतों में शुक्रवार को प्रति सिलेंडर 39.50 रुपये की कटौती की गई। हालांकि, घरेलू इस्तेमाल वाले रसोई गैस सिलेंडर (14.2 किलोग्राम) का दाम 903 रुपये पर कायम है। स्थानीय कर के आधार पर दरें अलग-अलग राज्यों में भिन्न-भिन्न होती हैं। पेट्रोल और डीजल की कीमतें लगातार रिकॉर्ड 21वें महीने स्थिर बनी हैं।

### झारखंड की डिजिटल पंचायतों में अब 'डाक मित्र' भी होंगे

**रांची।** राज्य की डिजिटल पंचायतों में सीएससी केंद्रों के द्वारा डाक मित्र सेवाएं भी मिलनी शुरू हो गयी हैं। फिलहाल पहले फेज में इसे आईएसओ परियोजना के लिए चिन्हित पंचायतों में लागू किया गया है। धीरे धीरे बाकी सभी पंचायतों में भी डाक विभाग की सेवाएं मिलने लगेंगी, जिन 30 चयनित ग्राम पंचायतों में अभी (पहले फेज में) डाक सेवाएं शुरू की गई हैं, उनमें डाक विभाग के स्पीड पोस्ट, रजिस्टर्ड पोस्ट की सुविधा सीएससी के जरिये मिलने लगी हैं। इससे अब ग्रामीणों को अपनी पंचायतों के जरिये ही डाक सेवाएं मिलने लगी हैं और शहरों की ओर दौडने के झंझट से छुटकारा मिलने भी लगा है। उल्लेखनीय है कि डिजिटल पंचायत स्कीम के तहत पंचायत भवनों में स्थित सीएससी सेंटर के जरिये विभिन्न तरह की सुविधाओं को ग्रामीणों को उपलब्ध कराए जाने का काम शुरू हो गया है। इससे ग्रामीणों को अपने ही पंचायतों में कई तरह की सेवाएं मिलने लगेंगी।

### नक्सलियों ने गोइलकेरा-पोसैता रेलवे स्टेशन के बीच रेल पटरी को उड़ाया

**पश्चिमी सिंहभूम।** भाकपा माओवादियों ने गुरुवार रात करीब 11:00 बजे गोइलकेरा और पोसैता स्टेशन के बीच बम विस्फोट कर रेल पटरी को उड़ा दिया। इससे चक्रधरपुर रेल मंडल के हावड़ा-मुंबई मुख्य रेलमार्ग में ट्रेनों का परिचालन ठप हो गया। इसके बाद एहतियातन शालीमार-कुर्ला अप एक्सप्रेस ट्रेन (18030) को गोईलकेरा स्टेशन पर रोक दिया गया। माओवादियों ने 22 दिसंबर को भारत बंद का आह्वान किया था। बंद शुरू होने से पहले ही नक्सलियों ने चक्रधरपुर रेल मंडल के गोइलकेरा और पोसैता रेलवे स्टेशनों के बीच पोल संख्या 356/29ए और 31ए के बीच थर्ड लाइन में विस्फोट कर रेल पटरी को उड़ा दिया। नक्सलियों ने इस स्थान को बैनर और पोस्टरों से पाट दिया है। विस्फोट की ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

### इससे पूर्व जितने भी जनप्रतिनिधि रहे किसी ने नहीं ली सुध, विभाग को डीपीआर तैयार करने का आदेश दे दिया गया है : मंत्री बादल पत्रलेख

# विधायक चौरसिया ने सदन में उठाया विस में कोयल नदी पर पुल निर्माण का मामला

संजय कुमार पांडेय





**मेदिनीनगर।** डालटनगंज विधायक आलोक चौरसिया ने विधानसभा में पलामू के जिला मुख्यालय मेदिनीनगर से शाहपुर- चैनपुर मार्ग पर स्थित कोयल नदी पर एक नया पुल बनाने का मामला सदन में उठाया है। बता दें इससे पूर्व जितने भी जनप्रतिनिधि रहे हैं,किसी ने इस ओर ध्यान नहीं दिया है। दूसरी बार विधायक चौरसिया ने सदन को गंभीरता से इस मामले को लेने की मांग सरकार से की है। शुक्रवार को इस महत्वपूर्ण मामले को उठाते हुए विधायक श्री चौरसिया ने बताया कि शाहपुर -चैनपुर- मेदिनीनगर मुख्य मार्ग पर कोयल नदी का एकलौता पुल करीब चालीस साल पुराना हो चुका है। इस पुल पर प्रति दिन हजारों की संख्या में बढ़े- छोटे व भारी मालवाहक वाहनों का आवागमन होता है। उन्होंने बताया कि डालटनगंज विधानसभा के ग्रामीण इलाकों को प्रमण्डलीय मुख्यालय से जोड़ने का यह पुल ही एकमात्र जरिया है। जिस पर कई बार दुर्घटना एवं जाम के कारण आवागमन बुरी तरह प्रभावित होता है। इससे आमजनों को तो परेशानी होती ही है,जाम के कारण कई बार बीमार या घायल मरीज रास्ते में ही दम तोड़ देते हैं। उन्होंने झारखण्ड की वर्तमान सरकार से अनुरोध किया कि इस 40 साल पुराने पुल के बगल में एक और नया पुल के निर्माण की स्वीकृति जल्द से जल्द दें, जिससे जाम और दुर्घटना जैसी असुविधा का सामना जनता को नहीं करनी पड़े। हालांकि विधायक श्री चौरसिया की मांग पर सरकार की तरफ से आश्वासन में मंत्री बादल पत्रलेख ने बताया कि उनके द्वारा विभाग को डीपीआर तैयार करने का आदेश दिया गया है। जल्द ही इस विषय पर संज्ञान लेकर फंड मुहैया कराते हुए नये पुल का निर्माण कराकर जाम से मुक्ति दिलाने के साथ विधायक आलोक चौरसिया की मांग को सरकार पूरा करेगी। गौरतलब हो कि कोयल पुल से होकर गुजरने वाला यह मार्ग न सिर्फ डालटनगंज विधान सभा ग्रामीण सैकड़ों गावों को जोड़ता है बल्कि गढ़वा व भवनाथपुर समेत यूपी और छतीसगढ़ जैसे राज्यों तक पहुंचता है। हाल के वर्षों में कई सड़कों का निर्माण हुआ है। जिसके बाद अन्य दूसरे मार्गो कई अपेक्षा दूरी कम होने के कारण इस मार्ग से गुजरने वाली वाहनों की संख्या में अप्रत्याशित वृद्धि ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

#### पूरनचंद सेतु पुल टैक्स फ्री है

पलामू की गंगा कोयल नदी पर बना यह पुल जिले के गांधी पूरनचंद ने एकीकृत बिहार में खान मंत्री रहते वित्तीय वर्ष 1977-78 में बनवाया था। उस समय इसकी लागत 37 लाख के करीब थी। इस पुल की विशेषता यह रही है कि इस पुल का टैक्स कभी लोगों को नहीं लगा। इसका कारण यह था कि पूरनचंद उस समय अपने विभाग से इसका पैसा दे दिये थे कालांतर में इस पुल का नाम उनके नाम पर पूरनचंद सेतु रखा गया है।

### उत्तराखंड हादसे पर केंद्र की कार्रवाई पर भी उठाया सवाल

# न दिल्ली से न रांची से, गांव से चलेगी झारखंड सरकार : हेमंत

- पूर्ववर्ती सरकारों ने क्या काम किया यह देख कर चिंता होती है
- राज्य में अब तक कुल 36 लाख लोगों पेंशन का लाभ दे चुके हैं



**धनबाद।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन शुक्रवार को धनबाद के बलियापुर में आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम के तहत जनता से मुखातिब थे। गुरुवार विधानसभा में प्रदर्शित तेवर को जारी रखते हुए उन्होंने कहा कि झारखंड की सरकार न दिल्ली से चलेगी और न ही रांची, झारखंड की सरकार गांव से चलेगी। उन्होंने सरकार के कार्यों में बाधा पहुंचाने के लिए विपक्षी दलों व नेताओं पर भी जमकर हमला बोला। सीएम ने कहा कि पूर्ववर्ती सरकारों ने क्या किया यह देख कर चिंता होती है। इसलिए हम सरकार को ही आपके द्वार लेकर आये हैं ताकि आपकी समस्या का समाधान तत्काल आपके सामने हो सके। कहा कि लोगों को सरकार की योजना का लाभ मिल रहा है या नहीं इसका आकलन करने वे हर जगह पहुंच रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज भी राज्य के ग्रामीणों को नहीं पता कि उनके प्रखंड के बीडीओ कौन है? डीसी, एसपी की जानकारी होना तो उनके लिए दूर की बात है। सीएम ने उत्तराखंड हादसे पर केंद्र की कार्रवाई पर सवाल उठाते हुए कहा कि यदि उत्तराखंड के टनल में किसी नेता अधिकारी का बेटा फंसा ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

#### 408.39 करोड़ की योजनाओं का उद्घाटन

बलियापुर प्रखंड में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने 408.39 करोड़ रुपये से अधिक की 71 योजनाओं का उद्घाटन तथा 122 करोड़ रुपये से अधिक की 135 योजनाओं का शिलान्यास किया। साथ ही उन्होंने 376497 लाभुकों के बीच 418 करोड़ रुपये से अधिक की परिसंपत्तियों का वितरण भी किया।

#### उद्योग स्थापित होगा तो 75प्रतिशत स्थानीय लोगों को मिलेगा लाभ

उन्होंने कहा कि अब झारखंड में कोई भी उद्योग को स्थापित होगा तो उसमें 75 फीसदी स्थानीय लोगों को लाभ मिलेगा। साथ ही किसानों के लिए विभिन्न योजनाएं, जैसे बिरसा और पशुधन योजना, गुरु जी क्रेडिट कार्ड योजना और छात्रों के लिए 15 लाख तक का लोन प्रदान किया जा रहा है। जनवरी 2019 में 16 लाख लोगों को पेंशन मिली है और अब तक 36 लाख पेंशन दी जा चुकी है। साथ ही किसानों को आठ लाख केसीसी कार्ड भी प्रदान किए गए हैं, जो डबल इंजन के किसी सरकार से कही बड़ा कदम है।

## पलामू में अब सरकारी मध्य विद्यालयों में पहुंचेगी रेल



स्वीटी वर्मा

**मेदिनीनगर।** जी हां! अब रेल पहुंचेगी सरकारी मध्य विद्यालयों में। चौंकिये मत यह वह रेल नहीं है जो प्लेटफार्म पर पहुंचती है। सरकारी विद्यालयों में शिक्षण व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिये शासन ने नयी योजना रेल लागू की है। इसका फुलफार्म है रेगुलर असेसमेंट फॉर इंप्रूव्ड लर्निंग। यानि की अब बच्चों की पढ़ाई व प्रोग्रेस का नियमित आंकलन किया जायेगा कि उनका वास्तविक प्रगति हो रही कि नहीं। पलामू के उपायुक्त शशि रंजन ने बताया कि जल्द ही जिले के चयनित राजकीय मध्य विद्यालयों में रेल परियोजना की शुरूआत करने जा रहे हैं। इसके तहत बच्चों को समग्र रूप से अद्यतन जानकारी दी जायेगी। साथ ही अध्यापक सिर्फ बच्चों को पढ़ायेंगे ही नहीं, बल्कि बच्चे उनके पढ़ाये को ग्रहण कर रहे हैं कि इसका भी आंकलन करेंगे। पिछले दिनों पाटन प्रखंड के एक स्कूल भ्रमण का वाक्या का उल्लेख करते हुये डीसी ने कहा बड़ा हैरत हुआ जब कक्षा सात व आठ के बच्चे मृदा का अर्थ नहीं बता पाये। इसका मतलब यह नहीं है कि बच्चों को पढ़ाया नहीं जा ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

#### शिक्षण को बेहतर बनाने के लिये शासन की अनोखी पहल

#### चुनिंदा विद्यालयों में लागू होगी रेगुलर असेसमेंट फॉर इंप्रूव्ड लर्निंग योजना

## ट्रेन की चपेट में आने से प्रवासी मजदूर की मौत

### मजदूरी करने सिकंदराबार जा रहे थे मनातू के सुरेंद्र

**मेदिनीनगर।** मनातू थाना क्षेत्र के ग्राम घिरसीरी निवासी तेजन भुइंया के पुत्र सुरेन्द्र भुइयां उम्र 35 वर्ष की गुरुवार की रात डालटनगंज रेलवे स्टेशन पर ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। इस घटना के बारे में परिजनों ने बताया कि सुरेंद्र भुइयां गुरुवार की रात मजदूरी करने के लिए सिकंदराबाद जा रहा था। उसे मूरी एक्सप्रेस पकड़ना था। वह स्टेशन पर बैठकर ट्रेन का इंतजार कर रहा था। इसी बीच प्लेटफार्म नंबर दो वाराणसी-रांची इंटरसिटी आई तो उन्होंने समझा कि यही उनकी ट्रेन है। वह उसी पर चढ़ गये, किंतु तुरंत ही उन्हें पता चल गया कि वह गलत ट्रेन पर सवार हो गये हैं। वह उतरने की सोच ही रहे थे कि ट्रेन खुल गई। वह हड़बड़ाकर चलती ट्रेन से कूद पड़े। इस दौरान असंतुलित होकर पटरियों पर गिर गये। जिसमें उसका दाहिना हाथ और सिर धड़ से अलग हो गया। आरपीएफ निरीक्षक बनारसी यादव ने भी घटना की पुष्टि की है। घटना की जानकारी मिलते ही जीआरपी थाना की पुलिस घटनास्थल पर पहुंच शव को कब्जे में लेकर उसे पोस्टमार्टम के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल भेज दिया।

### झारखंड हाई कोर्ट में मानहानि से जुड़े राहुल गांधी के मामले की सुनवाई 4 जनवरी को



**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट में कांग्रेस नेता राहुल गांधी के खिलाफ मानहानि के एक मामले में शुक्रवार को आंशिक सुनवाई हुई। जस्टिस अंबुज नाथ की कोर्ट ने मामले में सुनवाई के लिए चार जनवरी की तिथि निर्धारित की है। नवीन झा की ओर से वरीय अधिवक्ता अजीत कुमार एवं अधिवक्ता विनोद साहू ने पक्ष रखा। पूर्व में अदालत ने फैसला सुरक्षित रख लिया था। यह मामला साल 2018 का है। उस दौरान नई दिल्ली में कांग्रेस अधिवेशन के दौरान राहुल गांधी ने भाजपा के तत्कालीन राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित शाह पर निशाना साधा था। उन्होंने कहा था कि एक हत्यारा सिर्फ भाजपा में ही राष्ट्रीय अध्यक्ष बन सकता है, कांग्रेस में नहीं। अमित शाह के खिलाफ कथित ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

### छिपादोहर पुलिस को मिली बड़ी कामयाबी

## जेजेएमपी के चार उग्रवादी हथियार व लेवी की राशि के साथ गिरफ्तार

नवीन मेल संवाददाता



**बरवाडीह।** प्रखंड की छिपादोहर पुलिस को उग्रवादी संगठन जेजेएमपी के चार सक्रिय सदस्यों को हथियार व वसूली गई लेवी के साथ गिरफ्तारी करने में कामयाबी हासिल हुई है। इस संबंध में शुक्रवार को छिपादोहर थाना परिसर में बरवाडीह सर्किल इंस्पेक्टर अनिल उरांव ने प्रेस वार्ता कर बताया कि छिपादोहर थाना प्रभारी अभिषेक कुमार को दूरभाष से सूचना मिली कि थाना क्षेत्र के हंसराज टोला के नवीन तिर्की के घर के पास अज्ञात अपराधी हथियार के साथ पहुंच कर ग्रामीणों के साथ गाली गलौज एवं मारपीट कर रहे हैं। वरीय पुलिस अधिकारियों को इसकी सूचना देते हुए घटनास्थल पर पुलिस टीम के साथ पहुंचने पर पाया गया कि कुछ लोग नवीन तिर्की के घर के गाली गलौज व हल्ला कर रहे हैं। पुलिस को आते देख सभी लोग इधर-उधर भागने लगे लेकिन पुलिस की तत्परता से सामदेव सिंह बाबनरिया थाना लातेहार, रामसुंदर सिंह, बाजकूम लातेहार, अख्तर अंसारी एवं लक्ष्मण ठाकुर, दोनों मनकारी लातेहार के रहने वाले को पकड़ा गया, जबकि पांचवां अभियुक्त मोहन परहिया उर्फ आलोक परहिया, जो नावाडीह छिपादोहर थाना के रहने वाला है, भागने में कामयाब रहा। पकड़े गए चारों अभियुक्तों ने अपने स्वीकारोक्ति बयान में कहा कि वे सभी जेजेएमपी सुप्रीमो पप्पू लोहारा के कहने पर लेवी वसूलने एवं जमीन पर कब्जा दिलाने का काम करते हैं। यहां पर अपने संगठन के पुराने साथी मोहन परहिया के कहने पर जमीन पर कब्जा दिलाने के लिए आए थे। छिपादोहर पुलिस ने पकड़े गए चारों लोगों के पास से चार मोबाइल फोन, एक देसी कट्टा, दो कारतूस, लेवी की 71000 रुपये एवं उपयोग में लाए गए स्विफ्ट कर बरामद किए गए। पकड़े गए ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## इंडिया भारत की जाति जनगणना न्याय या राजनीतिक अवसर ?



सुनील बादल

***समतामूलक*** समाज के प्रवर्तक महात्मा गांधी के जन्मदिन 2 अक्तूबर को बिहार की जातीय जनगणना की रिपोर्ट सार्वजनिक कर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने एक संदेश देने का प्रयास किया है कि 2024 के चुनाव के लिए वह अपने पुराने विकास के एजेंडे पर नहीं बल्कि ताजा पार्टनर लालू प्रसाद यादव के पुराने सफल जात-पात एजेंडे पर फिलहाल अपनी बिसात बिछा चुके हैं। इसी बिहार से शुरू हुई गांधी के डांडी यात्रा से लेकर जेपी के आंदोलन को जाति -धर्म और क्षेत्र से ऊपर उठकर लोगों का समर्थन मिला था और उनके वर्तमान पार्टनर चारा घोटाले में सजायाफ्ता लालू प्रसाद ने जाति आधारित समता के नाम पर अपने परिवार और अपनी जाति के दबंग लोगों को राजनीति में उतार कर बिहार की दुर्दशा की थी जिसके बाद उनके विरोध में नीतीश कुमार आए और बिहार को जातीय जकड़न से दूर अपने विकास के एजेंडे से बदलकर रख दिया और सुशासन बाबू के नाम से मशहूर हुए थे। उनके इस नए बदले हुए रूप से राजद प्रमुख लालू यादव की बांछे खिल गई हैं क्योंकि अब उनकी पुरानी मांग पूरी होने के आसार दिखने लगे हैं जब उनका पुराना एमवाइ गठजोड़ यादव(14.26) और मुस्लिम (17.70) सरकारी आंकड़ों में दिखने लगा है और अत्यंत पिछड़ा वर्ग (36.01) को तोड़कर अजेय लग रहे नरेंद्र मोदी के अभेद हिंदू (81.99) वोट को जातीय आधार पर हिस्सेदारी देने का लालच देकर तोड़ने का प्रयास किया जा सकता है। प्रधानमंत्री बनने की आस लगाए नीतीश कुमार अपनी कुटिल राजनीतिक चालों के लिए जाने जाते हैं और बीच-बीच में कुछ ऐसा किया भी कि चर्चा तेज हो गई थी कि वे फिर भाजपा का दामन थाम लेंगे। जातीय जनगणना के आंखड़ों से जोखिम भी है क्योंकि मुस्लिम (17.70) एकमुश्त वोट देकर खेल कि दिशा बदल सकते हैं और खुद मुख्यमंत्री कि कुर्सी की दावेदारी कर सकते हैं जिससे लालू यादव बचाव की मुद्रा में आ सकते हैं। यदि भाजपा उनके ही आजमाए महिला आरक्षण को भुनाने में कामयाब हो गई तो वे बिना देर किए किए उनके खेमे में जाकर फिर मुख्यमंत्री या बड़े पद के लिए मोलभाव कर सकते हैं क्योंकि इंडी एलायंस अभी पकता हुआ नहीं दिख रहा है। इस तरह केस मुकद्दमे में उलझे लालू यादव को पार्टी की ताकत बढ़ाने का अवसर नहीं मिलेगा और नीतीश कुमार के दोनों हाथों में लड्डू वाली स्थिति होगी। चतुर खिलाड़ी लालू यादव इसे अच्छी तरह समझते हैं पर उन्हें विपक्षी इंडी एलायंस से भी उम्मीदें हैं कि वह यूपी, एमपी जैसे बड़े राज्यों में इसे उछालकर भाजपा की जड़ें खोद सकता है जबकि हाल में हुए राज्यों के चुनावों से उन्हें निराशा जरूर हुई होगी। झारखंड भी जातीय जनगणना करने की घोषणा कर दांव में कूद चुका है और भाजपा भी इससे इनकार नहीं कर रही पर आरएसएस ने कहा कि जाति जनगणना समाज के 'उत्थान' के लिए हो 'सामाजिक सद्भाव' न टूटे। इन सभी के बीच पेंच भी है कि बिहार सदैव से राजनैतिक रूप से परिपक्व रहा है और युवा भारत भी अब इस बात को समझ रहा है कि तेजी से हो रहे निजीकरण के दौर में सरकारी नौकरियां कितनी बची हैं कि उसमें उसे रोजगार मिलेगा? दूसरे ओबीसी समाज में बड़ा वर्ग व्यवसाय से जुड़ा है जिसे सरकारी नौकरी का झुनझुना नहीं व्यवसाय अनुकूल माहौल और बाजार चाहिए जिसकी झलक मोदी दिखा चुके हैं । मोदी जब राज्यों की तरह लोकसभा के चुनाव प्रचार में उतरेंगे तो अपने वैश्विक भारत और कांग्रेस की फ्लॉप योजनाओं का उदाहरण देकर उसे बैकफुट में लाने का प्रयास करेंगे। हालांकि इसके और भी पहलू हैं हिंदू वोट बिखरने से रोकने के लिए हाल में बनी राज्य सरकारों में भाजपा ने समीकरण फॉमूर्ला आजमा दिया है पर मालदार सरकारी नौकरी मतलब पावर ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## पुंछ की हेलीकॉप्टर और ड्रोन से निगरानी

- सुरनकोट इलाके में सुरक्षा बलों का व्यापक सर्च ऑपरेशन
- जंगल युद्ध में उच्च प्रशिक्षित आतंकियों ने किया था दो सैन्य वाहनों पर हमला
- वन क्षेत्रों में लगभग 25-30 पाकिस्तानी आतंकियों के छिपे होने की आशंका
- राजौरी के हमले वाले इलाके में पहुंची एनआईए की टीम



**नई दिल्ली।** पुंछ में गुरुवार को घात लगाकर किए गए आतंकी हमले में पांच सैनिकों के शहीद होने तथा दो अन्य के घायल होने के बाद सुरक्षा बलों ने शुक्रवार को इलाके के वन क्षेत्र में व्यापक घेराबंदी और तलाशी अभियान शुरू किया। एनआईए की एक टीम भी वहां पहुंच चुकी है। इलाके के वन क्षेत्रों में लगभग 25-30 पाकिस्तानी आतंकवादियों के छिपे होने की आशंका है। खुफिया इनपुट में कहा गया है कि ये आतंकवादी जंगल युद्ध में उच्च प्रशिक्षित हैं और डिजिटल निशानों से बचने के लिए संचार के ऑफलाइन तरीकों का भी उपयोग कर रहे हैं। अधिकारियों ने बताया कि '16वीं कोर' के जनरल ऑफिसर कमांडिंग (जीओसी) लेफ्टिनेंट जनरल संदीप जैन ने इलाके का दौरा किया तथा सेना और पुलिस के शीर्ष अधिकारियों के साथ स्थिति की समीक्षा की। डेरा की गली के घने जंगलों में जमीनी सर्च ऑपरेशन के अलावा आसमान से हेलीकॉप्टर और ड्रोन के जरिए निगरानी हो रही है। जांच के दौरान सेना ने डेरा की ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## एक नजर

### आपके द्वार कार्यक्रम में अबुआ आवास के सर्वाधिक आवेदन

**हरिहरगंज।** प्रखंड क्षेत्र के सरसोत पंचायत अंतर्गत सुलतानी गांव में शुक्रवार को सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के दूसरा राउंड के आयोजन में ग्रामीणों की भारी भीड़ उमड़ी। इस दौरान अबुआ आवास में ग्रामीणों ने रूचि दिखाई और सबसे ज्यादा आवेदन जमा किया। एसबीआई के शाखा प्रबंधक अनिल कुमार भगत ने बताया कि जिन किसानों को प्रधानमंत्री कृषि सम्मान योजना का लाभ मिल रहा है। वैसे सभी किसानों को केसीसी ऋण दिया जाएगा। शिविर में एक सौ शौचालय निर्माण, दिव्यांग व वृद्धा पेंशन सहित कई प्रकार के आवेदन ग्रामीणों ने जमा किया। शिविर में सीओ यामुन रविदास, मुखिया विनय कुमार सिंह, एमओ ब्रजेश कुमार, सीआई प्रगति प्रकाश, अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार संघ के जिला अध्यक्ष सुजीत सिंह सहित सभी विभाग के अधिकारी कर्मी व सैकड़ो ग्रामीण उपस्थित थे।

### जघासी व पचकेड़िया पहुंची विकसित भारत यात्रा

**पाटन।** केंद्र सरकार की विकसित भारत संकल्प यात्रा शुक्रवार को जघासी व पचकेड़िया में किशुनपुर पंचायत पहुंची। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पाटन भाजपा मंडल अध्यक्ष संजय सिंह उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलित कर की गयी। मौके पर मुखिया पिंकी देवी, समाज सेवी मुकेश सिंह, जिला कार्यसमिति सदस्य वशिष्ठ पांडे, निरंजन पासवान, श्याम देव सिंह, विधायक प्रतिनिधि उमेश सिंह, नोडल अधिकारी ब्रजेश कुमार, श्रीकांत तिवारी, अरविंद प्रजापति, सुरेंद्र प्रजापति, संपति सिंह आदि मौजूद रहे। इस दौरान कृषि विभाग द्वारा ड्रोन से खेतों में दवा छिड़काव का डेमो भी किया गया।

### सेक्टर पदाधिकारी एवं सेक्टर पुलिस पदाधिकारियों का प्रशिक्षण

**मेदिनीनगर।** आगामी लोकसभा आम चुनाव 2024 के निमित जिला स्तर पर सभी विधानसभा क्षेत्रों में मतदान केन्द्रों के भेद्यता,मानचित्रण एवं अन्य निर्वाचन कार्यों के निष्पादन के संबंध में नियुक्त किये गये सेक्टर पदाधिकारी एवं सेक्टर पुलिस पदाधिकारियों का प्रथम प्रशिक्षण कार्यक्रम शुक्रवार से शुरू हुआ। यह प्रशिक्षण 26 दिसंबर तक चलेगा। स्थानीय समाहरणालय भवन (ब्लॉक-सी) के सभाकक्ष में एवं पुराना डीआरडीए भवन के सभाकक्ष में सेक्टर पदाधिकारी एवं सेक्टर पुलिस पदाधिकारियों का प्रशिक्षण दिया गया। जिसमें 40-40 के बैच में सेक्टर पदाधिकारी एवं सेक्टर पुलिस पदाधिकारियों का प्रशिक्षण कार्य सम्पादित कराया गया। प्रशिक्षण के दौरान जिला आपूर्ति पदाधिकारी सह उप निर्वाचन पदाधिकारी प्रीति किस्कू, विजय केरकेट्टा, भूमि सुधार उप समाहर्ता छतरपुर अमर जान, उप समाहर्ता हुसैनाबाद सुरजीत कुमार, अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी सदर अनुराग तिवारी एवं देवदत्त पोद्दार अंचल पुलिस निरीक्षक सदर जिला स्तरीय मास्टर प्रशिक्षक के रूप में उपस्थित थे। शुक्रवार को 75 पांकी एवं 76 डालटनगंज के 40-40 सेक्टर पदाधिकारी एवं सेक्टर पुलिस पदाधिकारियों को प्रशिक्षण दिया गया।

### प्रशिक्षु आईएएस ने आंगनबाड़ी केंद्र व स्कूल का किया निरीक्षण

**हरिहरगंज।** प्रशिक्षु आईएएस रवि कुमार ने पिपरा बीडीओ अनीता केरकेट्टा के साथ शुक्रवार को पिपरा प्रखंड के तेनुडीह स्थित आंगनबाड़ी केंद्र तथा उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने आंगनबाड़ी केंद्र व विद्यालय का नियमित रूप से संचालन तथा पोषाहार आदि की जांच की। उन्होंने बताया कि जांच के दौरान विद्यालय में एमडीएम की रजिस्टर पंजी के साथ मूवमेंट पंजी नहीं पाया गया। जबकि आंगनबाड़ी केंद्र में उपस्थिति रजिस्टर गायब मिला। हालांकि बच्चों की ऑनलाइन उपस्थिति बनाई गयी थी। मालूम हो कि उक्त आंगनबाड़ी केंद्र में अनियमितता को लेकर ग्रामीणों ने पलामू उपायुक्त, छतरपुर एसडीओ, बीडीओ सहित सीडीपीओ को शिकायती आवेदन पत्र दिया था।

---

मामला पथरा पंचायत के राजकीयकृत प्राथमिक विद्यालय का

# एमडीएम का चावल गबन का आरोप, ग्रामीणों में आक्रोश

**प्रधानाध्यापक विद्यालय में रखे तीन क्विंटल चावल में से ढाई क्विंटल (पांच बोरा) चावल एक टेंपो पर लादकर ले गये : ग्रामीण**

नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद।** प्रखंड के पथरा पंचायत के राजकीयकृत प्राथमिक विद्यालय कुशानारायणपुर के प्रधानाध्यापक शाने अहमद द्वारा एमडीएम का चावल शुक्रवार की सुबह स्कूल से बाहर भेजे जाने पर ग्रामीणों ने गहरी आपत्ति जताई है। ग्रामीणों ने इसकी सूचना तत्काल पथरा पंचायत के मुखिया नरेश पासवान को दी। सूचना मिलते ही मुखिया ने विद्यालय पहुंचकर ग्रामीणों से जानकारी ली। ग्रामीणों ने बताया कि शुक्रवार की सुबह करीब 7: 30 बजे विद्यालय के प्रधानाध्यापक विद्यालय में रखे तीन क्विंटल चावल में से ढाई क्विंटल (पांच बोरा) चावल एक टेंपो पर लादकर ले गये हैं। इस संबंध में मुखिया द्वारा पूछे जाने पर प्रधानाध्यापक ने बताया कि ज्यादा राशन आ गया था। उसे वापस करने जा रहे हैं। जबकि इस संबंध में बीईओ रामनरेश राम ने बताया कि विद्यालय के लिये 19 दिसंबर को ही तीन क्विंटल चावल का उठाव हुआ था। बीईओ ने बताया कि स्कूल 9 बजे खुलता है, तो सुबह में स्कूल में रखे अनाज को ले जाने की क्या जरूरत थी। इससे साफ जाहिर होता है कि हेडमास्टर और वेंडर की मिलीभगत से एमडीएम के राशन की कालाबाजारी की गई है। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों की शिकायत पहले भी मिली है कि विद्यालय में हेडमास्टर प्रतिदिन लेट से आते हैं। बीईओ ने कहा कि हेडमास्टर से स्पष्टीकरण मांगते हुये वेतन पर तत्काल रोक लगा दी गई है।



विद्यालय में एमडीएम जांच करते मुखिया

---

कर्नल कप फुटबॉल टूर्नामेंट अंतिम दौर में , चरम पर रोमांच

# सडेया ने विश्वसीया को 2-0 से पराजित किया

नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद।** कर्नल ब्रिगेड स्पोर्ट्स क्लब जपला के तत्वावधान में खेले जा रहे कर्नल कप फुटबॉल प्रतियोगिता में शुक्रवार का मैच पिछले वर्ष सेमीफाइनल खेलने वाली टीम सड़ेया बनाम विश्वसीया के बीच खेला गया। दोनों टीमों के खिलाड़ियों के बीच कड़ा संघर्ष देखने को मिला। खिलाड़ियों ने गोल करने के कई प्रयास किये। मध्यांतर तक दोनों टीमें बराबरी पर रहीं। उसके बाद सड़ेया ने आक्रामक खेल खेलते हुए एक के बाद एक लगातार दो गोल कर विश्वासिया को चारो खाने चित कर दिया। टीम मैच को 2-0 से अपने नाम करने में सफल रही। सड़ेया की तरफ से गुंजन कुमार और विमलेश कुमार ने गोल किया। सड़ेया के युवा खिलाड़ियों के प्रदर्शन को दर्शकों ने खूब सराहा। मैच से पूर्व सेवानिवृत्त शिक्षक गोवर्धन सिंह और जगदीश राम ने सभी खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका मनोबल बढ़ाया। उन्होंने खिलाड़ियों से संयम के साथ खेलने की अपील की। मैच के दौरान क्लब के सचिव मनोज शर्मा, निर्णायक सुदय सिंह, सगीर अहमद, अभय सिंह, तक्की रिजवी, अजय सिंह ,अभिमन्यु सिंह, प्रह्लाद ठाकुर, अजय सिंह, विजय सिंह, प्रेमचंद चौधरी, गोलू , रवि, सलमान उपस्थित थे। शनिवार का मैच बैरांव बनाम जपला के बीच खेला जायेगा।


टूर्नामेंट में प्रदर्शन करते खिलाड़ी

---

# एमकेडीएवी में याद किये गये गणितज्ञ रामानुजन

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** स्थानीय एमकेडीएवी पब्लिक स्कूल में प्रसिद्ध गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन की जयंती धूमधाम से मनाई गई। विद्यालय की प्रातःकालीन प्रार्थना सभा में विद्यालय के प्राचार्य डा. जीएन खान ने वरिष्ठ एवं गणित शिक्षकों के साथ रामानुजन जी के चित्र के समक्ष वेद मंत्रोच्चार के बीच दीप प्रज्ज्वलन कर एवं पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि गणित सभी विषयों में सबसे कठिन मानी जाती है। किसी भी परीक्षा हेतु गणितीय ज्ञान परम आवश्यक है। श्रीनिवास रामानुजन जैसे गणितज्ञों ने अपने ज्ञान एवं प्रतिभा के बल पर गणित को अत्यंत सुगम एवं सरल बनाया। गणित के क्षेत्र में उनके योगदान को हमेशा याद रखा जायेगा। ज्ञात हो कि आगामी शनिवार को पाठ्य सहगामी क्रियाकलाप में गणित प्रश्नोत्तरी का भी कार्यक्रम रखा गया है। इससे पूर्व प्रार्थना सभा की समस्त गतिविधियां भी श्रीनिवास रामानुजन पर आधारित थीं। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक राजकिशोर राणा ने किया तथा संयोजक कन्हैया राय थे। वेद मंत्रोच्चार शिक्षक अरविंद कुमार एवं दिनेश दुबे ने किया।


दीप प्रज्ज्वलित करते अतिथि

---

सभी कागजात होने के बाद भी विवाद खड़ा करने का आरोप , 2022 में ही मिला है आवास

# दिव्यांग विधवा ने अंबेडकर आवास के लिए लगायी गुहार

नवीन मेल संवाददाता

**हरिहरगंज।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत तूरी पंचायत की बरवादोहरी निवासी दिव्यांग विधवा फुलिया कुंवर ने अपनी ही विवादित जमीन पर अंबेडकर आवास निर्माण के लिये अंचल अधिकारी यामुन रविदास से गुहार लगायी है। मालूम हो की वर्ष 2022 में उक्त महिला को अंबेडकर आवास मिला था। जिसकी पहली किश्त 40 हजार रुपया भी उक्त महिला को मिल चुकी है। इसके बाद कुछ लोगों द्वारा उसकी जमीन पर विवाद खड़ा करते हुये उनका आवास नहीं बनने दे रहे हैं। महिला ने बताया कि खाता 10, प्लॉट 182, रकबा 110डी. में 55 डिस्मिल जमीन उनके हक में है। उक्त जमीन का 1988 में केवाला हुआ और 1990-91 में उसका दाखिल खारिज भी हो चुका है। उनके नाम से रसीद भी कटी है। महिला ने आरोप लगाते हुए कहा कि उक्त जमीन पर कुछ लोगों द्वारा विवाद उत्पन्न किया जा रहा है। जबकि उपायुक्त पलामू के निर्देश पर एसडीओ द्वारा पिछले एक फरवरी को नोटिस जारी की जा चुकी है। जमीन के सभी जरुरी कागजात उनके पास उपलब्ध हैं। इसके बावजूद अबतक अम्बेडकर आवास बनाने नहीं दिया जा रहा है। सीओ ने बताया कि मामले की जांच कर समुचित कदम उठाया जायेगा।


अंबेडकर आवास बनाने की गुहार लगाते दिव्यांग महिला

---

# एक्शन में एसडीओ, अनुमंडलीय अस्पताल का किया निरीक्षण



अस्पताल का निरीक्षण करते एसडीएम

नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद।** अनुमंडल के नये प्रशिक्षु आईएएस अशीष गंगवार ने शुक्रवार को निवर्तमान अनुमंडल पदाधिकारी कमलेश्वर नारायन से प्रभार लिया। प्रभार लेने के बाद वे बगल में स्थित हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान इमरजेंसी वार्ड, डिलीवरी वार्ड, दवा वितरण कक्ष, 108 एबुलेंस सेवा, अस्पताल परिसर में लगे ऑक्सीजन प्लांट, लैब की जानकारी ली। साथ ही उन्होंने स्वास्थ्य उपाधीक्षक डा. दीपक कुमार सिन्हा से आयुष्मान कार्ड व सहिया लोगों से समय पर मानदेय मिलता है या नहीं इसकी अद्यतन जानकारी प्राप्त की। उन्होंने स्वास्थ्य उपाधीक्षक से अस्पताल की साफ- सफाई और नियमित रूप से चिकित्सकों को रहने का निर्देश दिया। साथ ही अस्पताल परिसर में लगे इंटर कॉलेज पोस्टर को तत्काल हटाने की बात कही। इस मौके पर तत्कालीन एसडीओ कमलेश्वर नारायन, अंचल पदाधिकारी धनंजय गुप्ता, प्रखंड विकास पदाधिकारी रौशन कुमार, कार्यपालक पदाधिकारी विपुल सन्नी समेत कई स्वास्थ कर्मचारी मौजूद थे।

---

नावा खास पंचायत में सरकार आपके द्वार शिविर का आयोजन

# अबुआ आवास के 650 आवेदन, 200 की स्वास्थ्य जांच

नवीन मेल संवाददाता

**पाटन।** झारखंड सरकार की महत्वाकांक्षी योजना आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम के तहत नावाखास पंचायत में शिविर का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन सीओ दीपक कुमार मिश्रा, मुखिया मनोज कुमार, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष रंजीत कुमार सिंह, पूर्व मुखिया चन्द्रदेव सिंह, पूर्व जिला परिषद सदस्य नन्द कुमार यादव, उप प्रमुख अमरेश वर्मा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। सुबह से ही शिविर में ग्रामीणों की भीड़ उमड़नी शुरू हो गयी। सीओ दीपक कुमार मिश्रा ने बताया कि हर पंचायत मे शिविर लगाकर सरकार की योजनाओं को पंचायत स्तर पर दिया जा रहा है। शिविर में अबूआ आवास के लिए 650 आवेदन प्राप्त किए गए। गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड के तहत 4500 रुपए का विद्यार्थियों के बीच चेक वितरण किया गया। मनरेगा मजदूरों को जॉब कार्ड वितरण भी हुआ। शिविर में 18 स्टाल लगाए गये। इस दौरान 200 से अधिक लोगों के स्वास्थ्य की जांच की गयी। जरूरतमंद लाभुकों को सर्वजन पेंशन स्वीकृति पत्र दिया गया। शिविर मे गोद भराई की रस्म भी आयोजित की गई। शिविर का संचालन मनरेगा सहायक धीरज कुमार सिंह द्वारा किया गया। मौके पर एमओ सखीचंद दास,जीपीएस कामेश्वर महतो,आवास कोऑर्डिनेटर शिवम जायसवाल, प्रधान सहायक मृत्युंजय सिंह, बीपीओ निर्मल कांत ठाकुर मौजूद थे।



शिविर में चेक के साथ विद्यार्थी

---

# लाल आतंक के साये में पिपरा की बंद रहीं दुकानें

नवीन मेल संवाददाता

**हरिहरगंज।** नक्सली बंदी का शुक्रवार को पिपरा प्रखंड में व्यापक असर रहा। बैंक सहित व्यवसायिक प्रतिष्ठान पूरी तरह से बंद रहे। वहीं बाजार में दुकानें भी नहीं खुलीं। बंदी के कारण वाहनों का संचालन पूरी तरह से ठप रहा। सड़कों पर सन्नाटा पसरा रहा। हालांकि बंदी से निपटने को लेकर पुलिस की ओर से सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए थे। ग्रामीण क्षेत्र में पड़ने वाले बैंकों में भी कारोबार प्रभावित हुआ। नक्सल प्रभावित प्रखंड पिपरा में दुबटीया-पथरा मुख्य मार्ग पर लंबी दूरी की गाड़ियों का परिचालन पूरी तरह से ठप रहा। नक्सली बंदी को लेकर लंबी दूरी कि यात्रा करने वाले यात्रियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। इसके विपरीत नक्सली बंदी का हरिहरगंज में कोई असर नहीं देखा गया। दुकान, प्रतिष्ठान व बाजार पूरी तरह से खुले रहे।

---

# महान गणितज्ञ रामानुजन की 135वीं जयंती मनी

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** अनुसूचित जाति-जनजाति छात्र संघर्ष मोर्चा के जिला कार्यालय में महान गणितज्ञ रामानुजन की 135 वीं जयंती मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता मोर्चा अध्यक्ष उदय राम ने की। सर्वप्रथम मां सरस्वती की तस्वीर पर फुल माला चढ़ा कर कार्यक्रम की शुरूआत की गई। अपने संबोधन में मोर्चा अध्यक्ष ने कहा कि पुरातन काल से ही भारत ने विश्व को हर क्षेत्र में ज्ञान देने का कार्य किया है। गणित, विज्ञान एवं अर्थशास्त्र समेत विभिन्न क्षेत्रों मे भारत का परम वैभव रहा है। रामानुजन का संपूर्ण जीवन गणित के विकास के लिए ही समर्पित था। उनका जन्म 22 दिसंबर 1887 में इरोड नामक स्थान तमिलनाडु में हुआ था। उन्हें गणित का जन्मदाता माना जाता है। इस अवसर पर अरविंद कुमार , विजय राम, दीपक कुमार, यशवंत कुमार, राकेश कुमार, सूरजमल राम, बबन कुमार, महेंद्र राम, अनूप कुमार, कुंदन कुमार, प्रदीप राम, अमरनाथ कुमार, अमरजीत कुमार, नीतीश कुमार उपस्थित थे। सरवन कुमार ने धनवाद ज्ञापित किया।

**रामानुजन का संपूर्ण जीवन गणित के विकास के लिए ही समर्पित था**

---


## नाम परिवर्तन

मैं अकली देवी पति श्री नरेश बैठा, ग्राम- बन्दुआ, पो0- शाहपुर, थाना-चैनपुर, जिला-पलामू, झारखंड का निवासी हूं। मैं शपथ पूर्वक एकरार करती हूं कि मेरा नाम अकली देवी है। मेरा नाम आधार कार्ड में भूलवश शान्ति देवी दर्ज हो गया है। जो कि गलत है। जबकि मेरा नाम राशन कार्ड, पहचान पत्र में अकली देवी है। जो सही है। मैं अकली देवी के नाम से जानी एवं पहचानी जाती हूं।

**शपथ पत्र संख्या : 7313/ दिनांक : 13/12/2023**


## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
## ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, चतरा

पत्रांक 2058 / ग्रा॰वि॰वि॰प्र॰, चतरा, दिनांक– 22.12.2023

**शुद्धि-पत्र**

ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, चतरा द्वारा ई–निविदा आमंत्रण सूचना संख्या– RDD/SD/CHATRA/33/2023-24 में वर्णित चतरा जिला के प्रखण्ड पत्थलगडडा अंतर्गत पंचायत बरवाडीह में भुराही नदी पर पुल निर्माण कार्य जिसका PR No. 313215 द्वारा निविदा में भाग लेने हेतु कंडिका क्रमांक 02 में वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि 18.12.2023 के स्थान पर दिनांक–27.12.2023, कंडिका क्रमांक 03 में ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय दिनांक–18.12.2023 से दिनांक–30.12.2023 के अपराह्न 05:00 बजे के स्थान पर दिनांक–27.12.2023 से दिनांक–08.01.2024 के अपराह्न 05:00 बजे तक एवं कंडिका क्रमांक 05 में ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय – 02.01.2024 अपराह्न 02:00 बजे के स्थान पर दिनांक–09.01.2024 अपराह्न 02:00 बजे तक पढ़ा जाय।

निविदा की शेष शर्तें पूर्ववत रहेगी।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल,
PR 314151 Rural Development (23-24)_D चतरा

---

## कार्यालय– समेकित जनजाति विकास अभिकरण (I.T.D.A) लातेहार
(अ0ज0जा0, अ0जा0, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग)

**प्रवेशिकोत्तर पाठ्यक्रमों में अध्ययनरत अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ी जाति के छात्र/छात्राओं के लिए छात्रवृति योजना वर्ष 2023–24 हेतु ऑनलाईन आवेदन से संबंधित आवश्यक सूचना**

पोस्ट मैट्रिक छात्रवृति योजना के अन्तर्गत अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ी जाति के छात्र/छात्राओं को सरकार द्वारा जारी निर्देश के आधार पर निर्धारित मापदंड के अनुसार वित्तीय वर्ष– 2023–24 में प्रवेशिकोत्तर पाठ्यक्रमों में अध्ययनरत छात्र/छात्राओं से आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं।

1. **छात्रवृति के लिए आय की अधिसीमा :–**
अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं पिछड़ी जाति के छात्र–छात्राएँ, जिनके माता–पिता/अभिभावक की सभी श्रोतों से वार्षिक आय 2.50 लाख रूपये से अधिक नहीं हो। इस योजना के अन्तर्गत छात्रवृति प्राप्त करने वाले विद्यार्थी अन्य कोई छात्रवृति का लाभ प्राप्त नहीं कर सकेंगे।
2. **आवेदन करने की प्रक्रिया :–**
अहर्त्ता प्राप्त छात्रों को वेबसाईट **https://ekalyan.cgg.gov.in** में दिये गये सभी दिशा–निर्देशों एवं प्रक्रियाओं का पालन करते हुए ऑनलाईन आवेदन करना है एवं सभी निम्नांकित वांछित प्रमाण–पत्रों की **Scanned Copy jpeg/jpg में 1mb** तक) वेबसाईट पर अपलोड करेंगे :–

I. ऑनलाईन के माध्यम से निर्गत आय प्रमाण–पत्र **(Income Certificate)** (अंचलाधिकारी/अनुमण्डल पदाधिकारी अथवा उपायुक्त स्तर से निर्गत) की मूल प्रति। (दिनांक–01.08.2023 अथवा उस तिथि के बाद से निर्गत आय प्रमाण–पत्र मान्य होगा।)
II. ऑनलाईन के माध्यम से निर्गत जाति प्रमाण–पत्र **(Caste Certificate)** (अंचलाधिकारी/अनुमण्डल पदाधिकारी अथवा उपायुक्त स्तर से निर्गत) की मूल प्रति।
III. ऑनलाईन के माध्यम से निर्गत आवासीय प्रमाण–पत्र **(Residential Certificate)** (अंचलाधिकारी/अनुमण्डल पदाधिकारी अथवा उपायुक्त स्तर से निर्गत) की मूल प्रति।
IV. संस्थान के लेटर हेड में संस्थान द्वारा वर्तमान वर्ष के लिए निर्गत **Bonafide Certificate (with Fee Structure)** निर्गत संख्या एवं दिनांक के साथ की मूल प्रति। (एक पृष्ठ में)
V. पूर्व की परीक्षा के अंकपत्र **(Marksheet of Previous exam)** की अभिप्रमाणित प्रति।
VI. छात्रवृति की धनराशि **PFMS** के माध्यम से **Aadhar Enabled DBT** के द्वारा सुयोग्य छात्र–छात्राओं के खाते में अन्तरित की जायेगी। **(बैंक खाता को आधार संख्या से सीडिंग होना अनिवार्य है।)**।

3. **ऑनलाईन आवेदन की समय सीमा :–**

| क्र0 | प्रक्रियात्मक कार्यवाही | कार्यवाही प्रारंभ होने की तिथि | कार्यवाही के लिए निर्धारित अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | नए शैक्षणिक संस्थानों द्वारा ई–कल्याण पोर्टल पर पंजीकरण हेतु आवेदन की तिथि। | 20.12.2023 | 10.01.2024 |
| 2 | शैक्षणिक सत्र– 2023–24 हेतु छात्र/छात्राओं के आवेदन प्रक्रिया की तिथि। | 11.01.2024 | 20.02.2024 |
| 3 | संबंधित शैक्षणिक संस्थान के INO द्वारा छात्र/छात्राओं के आवेदन का सत्यापन की तिथि। | 12.01.2024 | 29.02.2024 |

नोट :– शेष दिशा–निर्देश (Website- ekalyan.cgg.gov.in) पर उपलब्ध है।

जिला कल्याण पदाधिकारी,
लातेहार

PR 314138 Welfare(23-24)#D

---

## कार्यालय, उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी,पलामू
दूरभाष (मो0) सं0– (जिला भू-अर्जन शाखा) Email {dlaopalamau@gmail.com}

**KHATIAN AND VALUATION STATEMENT**
(3G Award के तहत् घोषित)
**Name of Project :-** भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या–75 **(Section-II)**
(कि0मी0 97.515 (उदयपुरा) से कि0मी0 147.540 (भोगू) तक 4 लेन पथ निर्माण)

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकार (NHAI-75) खण्ड–2 कि0मी0 97.515 (उदयपुरा) से कि0मी0 147.540 (भोगू) तक 4 लेन पथ निर्माण हेतु अधिनियम की धारा–3G के तहत् घोषित निम्न विवरणी के अनुसार भूमि अर्जन की जा रही है। तद्नुसार उक्त विवरणी के आलोक में संबंधित रैयत साक्ष्य के साथ अपना आपत्ति एक सप्ताह के भीतर जिला भू–अर्जन कार्यालय, पलामू में दर्ज करना सुनिश्चित करें। उक्त अवधि के पश्चात् प्राप्त आपत्ति पर जिला भू–अर्जन कार्यालय विचार करने हेतु बाध्य नहीं होगा।

एन0एच0ए0आई0–75 अन्तर्गत मौजा:– नावाडीह, थाना:– सतबरवा, थाना नं0:– 248
पत्रांक– 844(B)/भू0अ0, दिनांक– 18.12.2023

| क्र0स0 | ग्राम का नाम | खाता | प्लॉट | भूमि का प्रकार | भूमि का किस्म | अर्जित भूमि एकड़ में | क्रमांक एवार्ड | एवार्डधारी का नाम पिता के साथ | अभियुक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 1 | नावाडीह | 9 | 199/P | रैयती | टांड़–3 | 0.0718 | 1 | गिरिन्द्र कुमार चौधरी, पिता जगदीश चौधरी | |
| 2 | | 9 | 199/P | रैयती | टांड़–3 | 0.2300 | 2 | जितेन्द्र कुमार चौधरी, पिता जगदीश चौधरी | |
| 3 | | 36 | 194 | रैयती | टांड़–3 | 0.3605 | 3 | जगदीश चौधरी, पिता बुटन चौधरी | सुरेश चौधरी, अन्धन चौधरी, संतोष चौधरी, पिता स्व० जगदीश चौधरी, मुकेश चौधरी, मुखमंजन चौधरी, पिता स्व० विद्यानन्द चौधरी |
| | | 36 | 193 | रैयती | टांड़–3 | 0.1633 | | तदैव | तदैव |
| 4 | | 35 | 200/P | रैयती | टांड़–2 | 0.4325 | 4 | फुलकुमारी देवी, पति सुरेश चौधरी, संतोष चौधरी, पिता जगदीश चौधरी | |
| 5 | | 4 | 215/P | रैयती | टांड़–3 | 0.1219 | 5 | बनारसी बढ़ई, पच्चु बढ़ई, पिता दीपन बढ़ई वो मसोमात मन कुंवर, पति नारायण बढ़ई | दखलकार फकिरचन्द मिस्त्री, रामलाल मिस्त्री, पिता स्व० बनारसी बढ़ई |
| 6 | | 40 | 202/P | रैयती | टांड़–2 | 0.1125 | 6 | यसोदा देवी, पति बिनोद चौधरी | |
| 7 | | 36 | 216 | रैयती | टांड़–3 | 0.0133 | 7 | मसोमात राम रति कुंवर, पति स्व० बागेश्वर चौधरी | |
| 8 | | 35 | 200/P | रैयती | टांड़–2 | 0.4100 | 8 | ललु महतो, पिता प्रभु महतो | जगदीश महतो एवं अन्य |
| 9 | | 9 | 199/P | रैयती | टांड़–3 | 0.2400 | 9 | विष्णु चौधरी, पिता लालजी चौधरी | अनार देवी, पति स्व० विष्णु चौधरी |
| | | 40 | 201 | रैयती | टांड़–2 | 0.2802 | | तदैव | तदैव |
| 10 | | 12 | 214 | रैयती | टांड़–3 | 0.0071 | 10 | मो० सदीक अंसारी वो खुर्शीद आलम, पिता शेख समसुदीन सा० ताबर | मो० सदीक अंसारी एवं अन्य |
| 11 | | 12 | 195 | रैयती | टांड़–3 | 0.2550 | 11 | अज्ञात | दखलकार अनार देवी, पति स्व० विष्णु चौधरी |
| 12 | | 4 | 215/P | रैयती | टांड़–3 | 0.6102 | 12 | अज्ञात | सिलोचीन कुंवर, पति युगेश्वर चौधरी, बिनोद चौधरी, पिता उदीत चौधरी |
| 13 | | 6 | 213 | रैयती | टांड़–2 | 0.0111 | 13 | अज्ञात | गुड़िया खातुन, पति नाजीर सा० |
| 14 | | 40 | 202/P | रैयती | टांड़–2 | 0.0953 | 14 | अज्ञात | अज्ञात |
| | | | | | कुल | 3.4147 | | | |

कानूनगो, जिला भू–अर्जन कार्यालय,पलामू | जिला भू–अर्जन पदाधिकारी पलामू | अपर समाहर्त्ता पलामू | उपायुक्त पलामू

PR 314070 Palamu(23-24).D

## एक नजर

### डीटीओ व एसी ने किया आयुक्त का स्वागत


आयुक्त का स्वागत करते अधिकारी

**मेदिनीनगर।** पलामू, गढ़वा व लातेहार के परिवहन पदाधिकारी क्रमशः अनवर हुसैन, धीरज प्रकाश एवं सुरेन्द्र कुमार ने शुक्रवार को आयुक्त दशरथ चन्द्र दास से शिष्टाचार मुलाकात की और गुलदस्ता भेंटकर उनका स्वागत किया। इनके अलावे पलामू के अपर समाहर्ता सुरजीत कुमार सिंह ने भी आयुक्त श्री दास से शिष्टाचार मुलाकात कर उनका स्वागत किया।

### फरार वारंटी के घर पुलिस ने चिपकाया इश्तेहार


आरोपी के घर इश्तेहार चिपकाने पहुंची पुलिस

**मेदिनीनगर।** पांकी थाना की पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर थाना क्षेत्र निवासी छोटू उर्फ छोटका उर्फ संजय सिंह खेरवार के घर इश्तेहार चिपकाया। इस संबंध में पांकी थाना प्रभारी उपेंद्र नारायण सिंह ने बताया कि उक्त आरोपी पांकी थाना कांड संख्या 158/18 दि021/12/2018 धारा 174(अ) भादवि के तहत कई वर्षो से फरार चल रहा है। उन्होंने बताया कि मामला दर्ज होने के बाद पुलिस ने आरोपी को खोजने का काफी प्रयास किया, लेकिन वह नहीं मिल पाया। जिसके बाद न्यायालय से निर्गत इश्तेहार को अभियुक्त के घर पांकी थाना के एएसआई भुदेव कुमार महतो ने जवानों के साथ जाकर चिपकाया।

### एड्स नियंत्रण समिति का प्रशिक्षण कार्यशाला


कार्यशाला में उपस्थित अधिकारी

**मेदिनीनगर।** झारखंड राज्य एड्स नियंत्रण समिति द्वारा सिविल सर्जन कार्यालय पलामू स्थित सभागार में जिला पीएलएचआईवी नेटवर्क सदस्यों का प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर झारखंड राज्य एड्स नियंत्रण समिति के सहायक निदेशक संतोष कुमार सिंह, जिला कार्यक्रम प्रबंधक दीपक कुमार गुप्ता, जिला परियोजना अधिकारी अहाना, इमाम अंसारी, अध्यक्ष स्नेहदीप स्टेट नेटवर्क मनोज यादव, पलामु नेटवर्क के मनोज कुमार सहित कुल लगभग 26 प्रतिभागी उपस्थित थे। इस अवसर पर प्रशिक्षकों ने बताया कि एचआईवी संक्रमित व्यक्तियों के साथ कोई भेदभाव करता है या किसी डाक्टर द्वारा उसका ऑपरेशन करने से मना किया जाता है तो एचआईवी/एड्स (रोकथाम एवं नियंत्रण) एक्ट 2017 के अंतर्गत उसे एक लाख रुपए तक का जुर्माना अथवा 3 माह से 2 साल तक की कैद अथवा दोनों हो सकता है। इस अवसर पर सभी प्रतिभागियों को सामाजिक सुरक्षा कार्यक्रम अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं यथा पेंशन, राशन कार्ड, आयुष्मान भारत योजना के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। इस दौरान एड्स के कारण व बचाव के विविध आयामों की जानकारी दी गयी।

---

पुलिस अधीक्षक के आदेश पर चलाया गया वाहन चेकिंग अभियान

## वाहन चलाते समय हेलमेट का करें प्रयोग : ट्रैफिक प्रभारी

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** एसपी रिष्मा रमेशन के आदेश पर गुरुवार की रात ट्रैफिक प्रभारी रामजीत सिंह के नेतृत्व में छहमुहान के निकट सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान ट्रैफिक प्रभारी ने सभी दो पहिया वाहन चालकों को रोककर उन्हें हेलमेट पहनने की सलाह दी। उन्होंने बताया कि लाख मना करने के बाद भी लोग ट्रिपल ड्राइव और बिना हेलमेट के वाहन चलाते दिख रहे हैं। लोग ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन कर वाहन चला रहे हैं। वाहन चेकिंग के दौरान


वाहनों की जांच करते यातायात प्रभारी

जितने भी वाहन पकड़े गए सभी को चेतावनी देकर छोड़ दिया गया है। ट्रैफिक प्रभारी ने सभी दोपहिया वाहन चालकों से आग्रह किया है की बाइक चलाते समय हेलमेट का प्रयोग करें।

---

छाया उल्लास, गगनभेदी जयकारे के साथ श्रद्धालुओं ने किया स्वागत

## गुरु सिंह गुरूद्वारा पहुंचा श्रीराम मंदिर का पूजित अक्षत

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** अयोध्या से आये नवनिर्मित श्रीराम मंदिर के पूजित अक्षत व कलश को शुक्रवार को गगनभेदी जयकारे के साथ बेलवाटीका स्थित गुरु सिंह गुरूद्वारा लाया गया। पूजित अक्षत कलश का स्वागत करते हुये गुरुद्वारा प्रबंध समिति के सरदार चरणप्रीत सिंह ने कहा कि गुरुद्वारे में पूजित अक्षत लाने के साथ विहिप पदाधिकारियों द्वारा दिया गया आमंत्रण सराहनीय है। विश्व हिंदू परिषद के जिला मंत्री दामोदर


पूजित अक्षत का स्वागत करते श्रद्धालु

मिश्र ने कहा कि भगवान श्रीराम का सिक्ख धर्म में प्रमुख स्थान है। उन्हें राजा राम या रामचंद्र जी कहकर बुलाया जाता है। दशवें गुरु गोविंद सिंह द्वारा रचित दशम ग्रंथ के अंतर्गत भगवान राम का उल्लेख भगवान विष्णु के चौबीस अवतारों के रूप में किया गया है। इसमें भगवान राम व कृष्ण का विस्तृत उल्लेख है। कार्यक्रम में गुरुद्वारा प्रबंध समिति के राजा सिंह, उपेंद्र सिंह, सेवा प्रमुख गोपाल तिवारी, प्रचार-प्रसार प्रमुख सुरेश वर्मा, बजरंग दल जिला संयोजक संदीप प्रसाद गुप्ता, जिला बलोपासना प्रमुख विकास कुमार कश्यप आदि मौजूद रहे।

---

आईएनडीआईए गठबंधन दलों में उबाल, जताई नाराजगी, की नारेबाजी

# 143 सांसदों के निलंबन के खिलाफ किया प्रदर्शन

**प्रधानमंत्री मोदी देश के लोकतंत्र और संविधान को खत्म करने का बीड़ा उठाया है : जैश रंजन पाठक**

**ये लोग दलितों, मजदूरों, महिलाओं और किसानों को कुचलने का काम कर रहे है**

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** केन्द्र सरकार द्वारा विपक्षी दलों के 143 सांसदों के निलंबन के खिलाफ इंडिया गठबंधन दलों ने शुक्रवार को जेएमएम जिलाध्यक्ष राजेंद्र सिन्हा के नेतृत्व में पलामू समाहरणालय परिसर में सामूहिक रूप से जोरदार विरोध-प्रदर्शन किया। जिसमें कांग्रेस, झामुमो, राजद, सीपीआई, भाकपा माले सहित पूरे इंडिया गठबंधन लोगों ने



विरोध प्रदर्शन करते गठबंधन दलों के नेता

छहमुहान से विशाल जुलूस निकाला। कार्यक्रम का संचालन कर रहे पलामू कांग्रेस अध्यक्ष जैश रंजन पाठक बिट्टू ने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री मोदी देश के लोकतंत्र और संविधान को खत्म करने का बीड़ा उठाया है। ये लोग दलितों, मजदूरों, महिलाओं और किसानों को कुचलने का काम कर रहे हैं। लोकतंत्र को बचाने के लिए विपक्ष एकजुट है। इसके लिए हम कोई भी कीमत चुकाने को तैयार हैं। जेएमएम अध्यक्ष श्री सिन्हा ने कहा कि लोकतंत्र की हत्या हो गई है। हिटलरशाही सरकार कभी काला कानून लाती है तो कभी आवाज उठाने वाले सांसदों को निलंबित कर रही है। डरपोक मोदी सरकार महंगाई, महिला सुरक्षा और बेरोजगारी की बात उठानेवालों से डर रही है। लोकतंत्र की हत्या कर दी गई है। अब विपक्ष को मिलकर लोकतंत्र को पुनर्जीवित करना है। झारखंड में हमारी सरकार अच्छा काम कर रही है,लेकिन उन्हें केन्द्र सरकार बराबर अड़ंगा लगा रही है। उन्हें किसी न किसी रूप में बदनाम करना चाहते हैं। हमें उन लोगों से लोकतंत्र को बचाने की जरूरत है। संसद में सुरक्षा चूक मुद्दे पर सरकार को जवाब देना चाहिए। मौके पर वरीय कांग्रेसी नेता विजय कुमार चौबे, राजद जिलाध्यक्ष मोहन विश्वकर्मा, झामुमो जिला सचिव सन्नू सिद्दीकी, कोषाध्यक्ष रमेश सिंह, केंद्रीय समिति सदस्य मुन्ना सिन्हा,महिला मोर्चा अध्यक्ष सुशीला मिश्रा, अविनाश देव, जितेंद्र कमलापुरी, प्रखंड अध्यक्ष संजय तिवारी, रुचिर तिवारी, पूर्णिमा पांडे, धनंजय पासवान, राजेश रोशन, रामनाथ चंद्रवंशी आदि उपस्थित थे।

---

मामला समाहरणालय परिसर में प्रतिमा स्थापित करने का

## धरने में खूंटी, गुमला व सिमडेगा के लोगों ने किया प्रतिभाग


धरना स्थल पर संकल्प लेते आन्दोलनकारी

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** कचहरी परिसर स्थित जिला परिषद कार्यालय के समक्ष संविधान बचाओ मोर्चा के तत्वावधान में राजा मेदिनीराय व शहीद नीलाम्बर-पीताम्बर की प्रतिमा स्थापित करने की मांग को लेकर दिये जा रहे धरने में खूंटी, गुमला व सिमडेगा जिले से आये लोगों ने भी प्रतिभाग किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता खूंटी जिले के रविंद्र सिंह चेरो ने जबकि संचालन गुमला जिला ने किया। गुरुवार को नवें दिन के धरने की अध्यक्षता छतरपुर के अजय उरांव एवं संचालन भीम आर्मी के अनुराग भारती ने किया। वक्ताओं ने कहा कि 25 नवंबर की रात्रि में सदर एसडीओ के नेतृत्व में तीनों महापुरुषों की प्रतिमा को हटाए जाने के बाद से लोगों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। मौके पर अखिल भारतीय आदिवासी महासभा पलामू के जिला अध्यक्ष त्रिपुरारी सिंह चेरो, केंद्रीय सचिव अजय सिंह चेरो, दिव्या भगत, अभिषेक रंजन, भीम आर्मी जिला सचिव अनुराग भारती, कुलदीप सिंह चेरो, सुरेंद्र सिंह खरवार, ईश्वरी महतो आदि उपस्थित थे।

---

पलामू टाइगर रिजर्व प्रबंधन ने डीआरएम को भेजा पत्र

## पीटीआर से गुजरते समय लंबी हॉर्न बजायें रेल चालक

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू टाइगर रिजर्व के उत्तरी प्रमंडल के उपनिदेशक पीके जैना ने धनबाद रेलवे डिवीजन के डीआरएम को पत्र भेजकर अनुरोध किया है कि पलामू टाइगर रिजर्व के कोर क्षेत्र से गुजरते समय रेल चालक लंबी हार्न बजायें। साथ ही इस दौरान ट्रेन की अधिकतम गति सीमा 25 किमी प्रतिघंटा निर्धारित किया जाये। श्री जैना ने बताया कि 11 किलोमीटर रेलवे लाइन पलामू टाइगर रिजर्व के कोर एरिया से गुजरती है। जिस पर रात और दिन मालगाड़ी ,पैसेंजर गाड़ी और एक्सप्रेस गाड़ियों का आना-जाना लगा रहता है। जबकि कोर एरिया में


पीटीआर से गुजरती माल गाड़ी

हाथी, तेंदुआ सहित विभिन्न प्रकार के वन्य प्राणियों का वास है। ऐसे में वन्य जीवों की सुरक्षा के लिये उक्त गाइड लाइन का अनुपालन किया जाना निहायत जरूरी है। बताते चलें कि इस समय पलामू टाइगर रिजर्व में दो नर बाघ है। उनकी सुरक्षा को लेकर पीटीआर प्रबंधन विशेष सावधानी बरत रहा है। पीटीआर के अधिकारियों का कहना है कि दोनों नर बाघ बहुत ही एक्टिव है। अपना शिकार कर रहे हैं।

---

### अमर बाउरी का पलामू आगमन आज

**मेदिनीनगर।** झारखंड विधानसभा में प्रतिपक्ष के नेता अमर बाउरी का आगमन 23 दिसंबर की शाम में मेदिनीनगर परिसदन भवन में होगा। वहीं 24 दिसंबर को प्रातः 11:00 बजे पलामू भाजपा कार्यालय में उनके सम्मान में समारोह का आयोजन किया जाएगा। समारोह कार्यक्रम की तैयारी को लेकर पलामू भाजपा जिला अध्यक्ष विजयानंद पाठक ने कार्यालय में प्रमुख कार्यकताओं के साथ बैठक में विचार विमर्श किया। श्री पाठक ने कहा कि विधानसभा में प्रतिपक्ष के नेता बनने के बाद श्री बाउरी का पहली बार पलामू आगमन हो रहा है। बैठक में प्रभात भुईया, अरविंद गुप्ता, छठन राम, इंद्रदेव पासवान, किशोर सिन्हा मौजूद थे।

---

बसरिया पहुंची सरकार, गरीबों को मिला योजनाओं का लाभ

## योजनाओं में अब नहीं चलेगी बिचौलियागिरी : बीडीओ

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को चैनपुर प्रखंड के बसरिया कला पंचायत में शिविर का आयोजन किया गया। इसका उद्घाटन चैनपुर बीडीओ नितेश भास्कर, प्रमुख गायत्री देवी, उप प्रमुख सुनील सिंह, प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष रंजन दुबे, उपाध्यक्ष सागर दास,जिला परिषद सदस्य फजायलअहमद, झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष कमरुद्दीन अंसारी व अनिल चंद्रवंशी आदि ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस दौरान शिक्षा विभाग, कृषि विभाग, पेंशन व आवास योजना समेत कई विभागों के स्टॉल लगाए गये। स्टॉल के माध्यम से लोगों को योजनाओं


उद्घाटन करते बीडीओ व अन्य

की जानकारी दी गयी। बीडीओ श्री भास्कर ने बताया कि सरकार की योजनायें गरीबों व बंचितों के लिए है। गरीब इसका लाभ उठाएं। आवास योजना में गरीब लोग ही अबुआ आवास का फायदा लें। क्योंकि यह कार्यक्रम गरीबों के लिए किया गया है। सरकार की सोच है कि जब तक सरकार गरीबों के द्वार नहीं पहुंचेगी तब तक गांव व गरीब का विकास नहीं हो सकता है। उन्होंने कहा कि अब बिचौलियागिरी नहीं चलेगी। मुखिया नीतीश कुमार सिंह ने आगन्तुकों का स्वागत किया। कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में लोग स्टॉल पर भूमि संबंधित दस्तावेजों का सुधार कराते देखे गये। इस दौरान भ्रूण हत्या व बाल विवाह आदि पर जागरूकता अभियान भी चलाया गया।

---

## मेदिनीनगर में राजा मेदिनीराय की प्रतिमा नहीं लगना दुर्भाग्यपूर्णः रूचिर


कचहरी परिसर में धरना देते लोग

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव सह राष्ट्रीय परिषद सदस्य रूचिर कुमार तिवारी, राज्य कार्यकारिणी सदस्य जितेंद्र सिंह, अखिल भारतीय किसान सभा के जिला अध्यक्ष उमेश सिंह चेरो, करीमन मांझी, अखिल भारतीय नौजवान संघ के जिला सचिव अभय कुमार भुइंया, अखिल भारतीय किसान सभा के उपाध्यक्ष सनी सिंह ने रोष जताते हुये कहा कि मेदिनीनगर शहर में ही राजा मेदिनी राय की प्रतिमा का स्थापित ना होना दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने 11 दिनों से राजा मेदिनीराय की प्रतिमा लगाने के लिए धरना पर बैठे आंदोलनकारियों का शुक्रवार को समर्थन किया। जिला सचिव श्री तिवारी ने कहा कि राजा मेदिनी राय का यश और कीर्ति पलामू प्रमंडल में ही नहीं पूरे भारतवर्ष में एक न्याय प्रिय राजा के रूप में रही है। उनके नाम पर ही डालटनगंज का नाम मेदिनीराय किया गया है, किंतु पता नहीं किन कारणों से सरकार व प्रशासन उनके ही शहर में उनकी प्रतिमा स्थापित करने की अनुमति नहीं दे रहा है। यदि इस संबंध में तत्काल समुचित कार्रवाई नहीं की गयी तो व्यापक आंदोलन छेड़ा जायेगा।

---

कुदरत का करिश्मा... दो बच्चे गये घर, एक चिकित्सक की निगरानी में

## महिला ने दिया तीन बच्चों को जन्म, सभी स्वस्थ

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** कुदरत के करिश्मे के आगे किसी की नहीं चलती। कहते हैं जन्म व मरण ऊपर वाले के हाथ में है। शहर के पांकी रोड स्थित आशी केयर अस्पताल में प्रसूता द्वारा एक साथ तीन स्वस्थ बच्चों को जन्म देने की घटना से उक्त उक्ति अक्षरशः सत्य साबित हुई। अस्पताल प्रबंधन ने बताया कि नौडीहा प्रखण्ड-पड़वा से शकुंतला देवी प्रसव पीड़ा के साथ पहुंची तब तक मरीज व परिजनों को भी यही पता था कि महिला के गर्भ में जुड़वा बच्चे हैं, परंतु अस्पताल की चिकित्सकीय टीम ने जब प्रसव कराया तो पता चला कि 3 बच्चों का जन्म हुआ है। जन्म के समय



अस्पतला में तीनों बच्चों के साथ दंपति

तीनों का वजन क्रमशः 1.4-1.4 किग्रा व 800 ग्राम था। चिकित्सकों के अनुसार यह सामान्य नवजात से काफी कम है। प्रसव के बाद चिकित्सक व परिजन दोनों के लिए ही बड़ी चुनौती सामने खड़ी थी। एक और बड़ी समस्या तब सामने आई जब परिजनों ने बताया कि वो बच्चों के इलाज के लिए उन्हें बाहर ले जाने में बिल्कुल भी सक्षम नहीं हैं। तब नवजात एवं शिशु रोग विशेषज्ञ डा. संतोष मेहता व आशी केयर की टीम तीनों नवजातों का जीवन बचाने में जी जान से लग गया। फलस्वरूप 20 दिसंबर को स्थिति सामान्य होने पर 3 में से 2 बच्चों की छुट्टी कर दी गई। एक शिशु को अभी भी चिकित्सकों की निगरानी में रखा गया है। इसमें अस्पताल के स्वास्थ्य कर्मी सिस्टर संजीता, अनोखा, शोभा आदि का उल्लेखनीय योगदान रहा। अस्पताल के निदेशक मनीष तिवारी ने बताया कि अस्पताल हमेशा से जरूरतमंदों की मदद के लिए तत्पर है।

---

### संत मरियम स्कूल के परिवहन कर्मियों को मिला स्वेटर


चालकों को स्वेटर देते डायरेक्टर

**मेदिनीनगर।** ठंड के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए शुक्रवार को संत मरियम स्कूल प्रबंधन ने अपने सभी बस चालकों एवं सह चालकों को स्वेटर प्रदान किया। मौके पर स्कूल के चेयरमैन अविनाश देव ने कहा की ठंड में खुद को सुरक्षित रखते हुये चालक व परिचालक बच्चों को भी सही सलामत स्कूल और घर तक पहुंचायें। विद्यालय के सभी कर्मी उनके परिवार के सदस्य हैं। अपने शरीर को यथासंभव ठंड से बचाकर ही कोई बेहतर सेवा दे सकता है।

---

पलामू प्रमंडल के आयुक्त ने तीनों जिलों के परिवहन पदाधिकारियों के साथ की बैठक

# मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना को धरातल पर उतारेंः कमिश्नर

**योजना के संचालन में वित्तीय सहयोग के लिए बैंकों से समन्वय स्थापित कराने पर बल**

**मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना को लेकर पलामू में 12 सड़क मार्ग (रूट) का निर्धारण कर लिया गया है : अनवर हुसैन**

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** प्रमण्डलीय आयुक्त दशरथ चंद्र दास ने शुक्रवार को प्रमंडल क्षेत्र के पलामू, गढ़वा एवं लातेहार के जिला परिवहन पदाधिकारियों के साथ बैठक कर मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना के क्रियान्वयन को लेकर विचार-विमर्श किया। उन्होंने तीनों जिले के पदाधिकारियों से इस योजना में अबतक की प्रगति की अलग-अलग जानकारी ली। साथ ही योजना को मूर्त रूप देने में तत्परता दिखाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री



बैठक करते आयुक्त

ग्राम गाड़ी योजना को सुचारू रूप से चलाने के लिए सड़क मार्ग का चयन करते हुए अन्य व्यवस्थाएं सुनिश्चित करायें। उन्होंने योजना की सफलता के लिए बैंकों से वित्तीय सहयोग के लिए वाहन मालिकों एवं बैंक पदाधिकारियों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कराते हुए वाहनों की खरीददारी कराने की सकारात्मक पहल करने का निर्देश दिया। बैठक में पलामू के जिला परिवहन पदाधिकारी अनवर हुसैन ने बताया कि मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना को लेकर पलामू में 12 सड़क मार्ग (रूट) का निर्धारण कर लिया गया है। पांच बसों को तत्काल चालू कराने की तैयारी अंतिम चरण में है। वहीं लातेहार के जिला परिवहन पदाधिकारी सुरेंद्र कुमार ने बताया कि लातेहार जिले में मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना को लेकर 21 रूटों का निर्धारण किया गया है। तीन वाहनों को तत्काल चलाने की तैयारी है। इसमें एक गाड़ी उपलब्ध भी हो गया है। इसके अलावा गढ़वा जिले के जिला परिवहन पदाधिकारी धीरज प्रकाश ने बताया कि उनके जिले में मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना को लेकर 11 रूट का निर्धारण किया गया है। तत्काल तीन गाड़ियों के परिचालन की तैयारी अंतिम चरण में है। आयुक्त श्री दास ने सभी जिला परिवहन पदाधिकारी को इस योजना को गंभीरता से लेते हुए प्राथमिकता के तहत धरातल पर उतारने का निर्देश दिया। बैठक में आयुक्त के सचिव अरविंद कुमार, उप निदेशक जनसंपर्क आनंद, पलामू के जिला परिवहन पदाधिकारी अनवर हुसैन, गढ़वा के जिला परिवहन पदाधिकारी धीरज प्रकाश एवं लातेहार के परिवहन पदाधिकारी सुरेंद्र कुमार उपस्थित थे।

---

## यौन शोषण के आरोपी अध्यापक पर हो कार्रवाई : एबीवीपी


विरोध जताते एबीवीपी के कार्यकर्ता

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा नगर मंत्री रमाशंकर पासवान की अध्यक्षता में पलामू उपायुक्त को ज्ञापन सौंपकर नाबालिग के यौन शोषण के आरोपी अध्यापक के खिलाफ तत्काल कार्रवाई की मांग की गयी। नगर मंत्री ने आरोप लगाया कि निजी संस्थानों में पढ़ाने वाले शिक्षकों के कोचिंग संचालन पर अविलंब रोक लगायी जाये। मामले में संबंधित स्कूल की मान्यता रद्द कर स्पष्ट गाइड लाइन तय की जाये। अन्यथा विद्यार्थी परिषद पुरजोर आंदोलन के लिये बाध्य होगी। उक्त अवसर पर परिषद के राष्ट्रीय प्रादेशिक विश्वविद्यालय सह संयोजक विनीत पांडे,प्रदेश का कार्यकारिणी सदस्य अभिषेक कुमार रवि, राहुल कुमार चेरो, विवेक तिवारी, अभय वर्मा, राजन कश्यप, प्रकाश पांडे, नीतीश दुबे, कार्यालय मंत्री उत्कर्ष तिवारी आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## एक नजर

### दंपतियों के बीच किट व उपहार का वितरण

**भवनाथपुर।** सीएचसी भवनाथपुर और अरसली वनखेता हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर में कार्यक्रम आयोजित कर एक दर्जन योग्य दंपतियों के बीच किट और उपहार का वितरण आयुष डॉक्टर डॉ अभिनीत विश्वास ने किया। मौके पर ने आयुष डॉक्टर ने कार्यक्रम में उपस्थित योग्य दंपतियों को परिवार नियोजन से संबंधित जानकारी देते हुए बताया कि आप बच्चों के जितना भी अंतर चाहें में अंतर ला सकती हैं,क्योंकि उसके लिए कई विभिन्न प्रकार के उपाय हैं। उन्होंने बच्चों में अंतर लाने के लिए सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी दी। वहीं मौके पर योग्य दंपतियों को उपहार तथा बच्चों में अंतर लाने वाले किट भी प्रदान किया गया। मौके पर अनुप कुमार,एएनएम सरोज देवी, बीटीटी धर्मजीत राम, वीरेंद्र मिश्रा, उपेंद्र कुमार साह, चंद्रशेखर प्रसाद, अरुण लकड़ा, सुनील पटेल आदि उपस्थित थे।

### समीक्षात्मक बैठक हुई

**भवनाथपुर।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी की अध्यक्षता में मासिक समीक्षात्मक बैठक की गई, जिसमें मलेरिया, टीबी, आरबीएसके, कुपोषण, इत्यादि पर चर्चा की गई। परिवार नियोजन कार्यक्रम में बेहतरीन कार्य करने वाले कर्मचारियों को पुरस्कृत भी किया गया। रेनू वैजयंती खलखो, सीमा कुमारी, सुलेखा कुमारी,वीरेंद्र मिश्रा को पुरस्कृत किया गया। मौके पर डॉ अभिनित विश्वास, प्रखंड लेखा प्रबंधक प्रदीप कुमार पाठक, अनूप कुमार, अरुण लकड़ा, मनोज पाठक, धर्मजीत राम, वायलेट इक्का, गुप्तेश्वर प्रसाद बीटीटी अनुज कुमार, लालसा कुमारी, राधा रितु कुमारी आदि कर्मी उपस्थित थे।

### यौन उत्पीड़न मामले में आरोपी गिरफ्तार

**केतार।** केतार थाना की पुलिस ने शुक्रवार को छापेमारी कर मायर गांव निवासी धारा 376 के प्राथमिकी अभियुक्त सतीश कुमार सिंह को यौन उत्पीड़न मामले में गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। उक्त युवक पर 4 दिसंबर को केतार थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। इसकी जानकारी पीएसआई दिनेश मरांडी ने दी।

### कैंप में दिव्यांगों को दिया गया प्रमाणपत्र

**भंडरिया।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में दिव्यांग कैंप का आयोजन किया गया, जिसमें प्रखंड के विभिन्न गांवों से 27 लोगों की जांच की गई। जांच दल में डालटेनगंज सदर अस्पताल के हड्डी विशेषज्ञ एसके रवि, गढ़वा सदर से डॉक्टर पीयूष प्रमोद, डॉक्टर संजय कुमार शामिल रहे। सभी मरीजों को प्रमाण पत्र दिया गया। मौके पर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ विजय किशोर रजक, जिला लिपिक दिनेश उरांव, शैलेंद्र कुमार, प्रखंड लेखा प्रबंधक सुनील कुमार आदि मौजूद थे।

### एएनएम को दी अंतरा व छाया की जानकारी

**श्री बंशीधर नगर।** अनुमंडल मुख्यालय स्थित ट्रॉमा सेंटर में शुक्रवार को सभी एएनएम को अंतरा व छाया से सबंधित ऑनलाइन करने का प्रशिक्षण दिया गया। अनुमंडलीय अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ गोकुल प्रसाद ने सभी एएनएम को अंतरा व छाया की जानकारी विस्तार से देते हुये अंतरा व युविन पोर्टल पर ऑनलाइन करने की जानकारी दी। प्रशिक्षण में प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक करुणा कुमारी, बीडीएम अनुरंजन पांडेय मौजूद थे।

# केतार बाजार में खुला दाल-भात केंद्र राष्ट्रीय नवीन मेल की खबर का असर

**नवीन मेल संवाददाता। केतार**

केतार बाजार स्थित सब्जी बाजार के समीप शेड में मुख्यमंत्री दाल-भात केंद्र का शुभारंभ मुखिया प्रमोद कुमार, उप मुखिया संजय पाल ने फीता काट कर किया। इस अवसर पर मुखिया प्रमोद कुमार ने कहा कि केतार बाजार में पांच वर्ष से दाल-भात केंद्र बंद था, जिससे गरीब, असहायों और जरूरतमंदों व मजदूरों को दोपहर में भोजन नहीं मिल पा रहा था, लेकिन अब दाल-भात केंद्र खुलने से राहगीरों, ठेले खोमचे वाले, दुकानदार, असहाय और गरीबों को मात्र 5 रुपये में दाल- भात खिलाया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि राष्ट्रीय नवीन मेल अखबार ने दाल-भात केंद्र बंद, जरूरतमंद हो रहे हैं परेशान शीर्षक से 11 दिसंबर को प्रमुखता से खबर प्रकाशित की थी। खबर प्रकाशित होने के बाद प्रखंड प्रशासन हरकत में आया और केतार बाजार में दाल-भात केंद्र खुलवाया। इससे जरूरतमंदों को लाभ मिल रहा है। इस मौके पर चंदन कुमार, बिंदु राम आदि मौजूद थे।



# जिलास्तरीय साइकिलिंग प्रतियोगिता का समापन

**नवीन मेल संवाददाता। भवनाथपुर**

द्वितीय गढ़वा जिलास्तरीय रोड साइकिलिंग प्रतियोगिता का समापन हुआ। सीनियर पुरुष वर्ग में प्रथम स्थान कार्तिक कुमार मेहता, द्वितीय स्थान अखिलेश कुमार रवि व तृतीय स्थान सामाजिक सुरक्षा सहायक निदेशक नीतीश कुमार निशांत को मिला। वहीं सब जूनियर बालक वर्ग में प्रथम स्थान विशाल कुमार पाल, द्वितीय स्थान आले रसूल को मिला। यूथ बालक वर्ग में प्रथम स्थान अनुज कुमार, द्वितीय स्थान रोहित दुबे व तृतीय स्थान नितेश कुमार रजक ने हासिल किया। जूनियर बालिका वर्ग में प्रथम स्थान छोटी कुमारी, द्वितीय स्थान स्नेहा कुमारी को मिला। सब जूनियर बालिका वर्ग में प्रथम स्थान अनिता कुमारी गुप्ता, द्वितीय स्थान प्रतिमा कुमारी व तृतीय स्थान सोनी कुमारी ने प्राप्त किया। यूथ बलिका वर्ग में प्रथम स्थान पारो कुमारी, द्वितीय सीखा कुमारी व तृतीय स्थान प्रियांशु कुमारी ने हासिल किया। सभी पदक विजेताओं पुरस्कृत सामाजिक सुरक्षा सहायक निदेशक नीतीश कुमार निशांत, झारखंड साइकलिंग संघ के महासचिव शैलेंद्र कुमार पाठक, गढ़वा जिला वालीबाल संघ के सचिव ओमप्रकाश तिवारी, विधायक प्रतिनिधि खेलकूद सह गढ़वा जिला साइकलिंग संघ कोषाध्यक्ष ओमप्रकाश गुप्ता ने सामूहिक रूप से किया। सभी विजेता खिलाड़ी दसवीं राजा स्तरीय रोड साइकिलिंग प्रतियोगिता गिरिडीह के लिए 28 से 30 दिसंबर तक गढ़वा जिला का प्रतिनिधित्व करेंगे। मौके पर शारीरिक शिक्षक सुशील तिवारी, शिवकुमार, संतोष कुमार, किशोर कुणाल, मनीष तिवारी, डे बोर्डिंग प्रशिक्षक रमाशंकर सिंह, प्रभात तिवारी, विवेक सिन्हा मौजूद थे।



# 235 आवेदनों का त्वरित निष्पादन

## खरौंधी प्रखंड की माझिगावां पंचायत में आयोजित सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में आए 1362 आवेदन

**नवीन मेल संवाददाता। खरौंधी**

प्रखंड की माझिगावां पंचायत में शुक्रवार को आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसका शुभारंभ बीडीओ रविंद्र कुमार, अंचलाधिकारी सुनील कुमार, प्रमुख आभा रानी, उपप्रमुख देवदत प्रसाद आर्य, मुखिया बिंदा देवी, बीडीसी कृष्णा राम, उपमुखिया प्रतीक द्विवेदी ने संयुक्त रूप से किया। इन्होंने उपस्थित लोगों से सरकार की योजनाओं का लाभ लेने की अपील की। शिविर में पंचायत के लोगों की विभिन्न समस्याओं के निदान के लिये अलग-अलग स्टॉलों पर आवेदन लिये गये।

इस दौरान 1362 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें 235 आवेदनों का ऑन द स्पॉट निष्पादन किया गया। सावित्री बाई फुले समृद्धि योजना का लाभ तत्काल दिया गया। मौके पर झामुमो नेता हिफाजत अंसारी, बिनोद यादव, विधायक प्रतिनिधि जितेंद्र प्रसाद यादव, बीपीओ कमलेश कुमार, जीपीएस उमेश कुमार, प्रखंड समन्वयक प्रवीण कुमार, रवि कुमार, शिक्षा विभाग से बीआरपी राजेन्द्र गुप्ता, सीआरपी अर्चना कुमारी, बिजली विभाग से इंदल राम, लेखपाल अशानंदन राम, अंचल निरीक्षण मोजिब खान, कर्मचारी अमरेंद्र कुमार, अजमेरी अंसारी, पंचायत सचिव केश्वर सिंह, रोजगार सेवक धर्मेंद्र कुमार, मुखिया प्रतिनिधि सतीश राम, ऑपरेटर मनीष मेहता, मोसाफिर साह, सचेत कुमार, मयंक विश्वकर्मा, रवि हुसैन, सुनील द्विवेदी, सतेंद्र यादव, पंकज कुमार, अनिल कुमार गुप्ता, जैनेंद्र यादव, सत्यनारायण यादव, महेंद्र मोची, समसुद्दीन अंसारी, कुलदीप सिंह, संजय विश्वकर्मा आदि उपस्थित थे।



### 12 लोगों को जॉब कार्ड मिला, 40 लोगों के बीच कंबल का वितरण

**भवनाथपुर।** सिंदुरिया पंचायत के दुर्गा मंडप परिसर में शुक्रवार को आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसकी शुरुआत प्रमुख शोभा देवी, बीडीओ नंदजी राम, सीओ रामा शंकर श्रीवास्तव, बीससूत्री अध्यक्ष इंद्रदेव बैठा, मुखिया नंदलाल पाठक, बीडीसी संजू देवी ने की। जेएसएलपीएस समूह के आजीविका महिला सखी मंडल के बीच के चक्रीय निधि के तहत 10 लाख रुपये का चेक प्रदान किया। वहीं 7 लोगों को पेंशन स्वीकृति पत्र, पांच छात्रों को साइकिल के लिए 4500 सौ का चेक, पांच छात्राओं को सावित्रीबाई फुले, 12 लोगों को जॉब कार्ड दिया गया। 40 लोगों के बीच कंबल वितरण किया गया। शिविर में 477 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें अबुआ आवास 220, जन्म प्रमाण पत्र 1, आयुष्मान कार्ड 15, पेंशन 15, मुख्यमंत्री पशुधन योजना 33 आवेदन प्राप्त हुए। मौके पर बीपीओ तहमिद, सीआई विभूति नारायण सिंह, पंचायत सेवक, सतीश सिंह, अजीत सिंह, भुनेश्वर सिंह, बीपीएम, नीरज कुमार, रोजगार सेवक जयराम, परमानंद ठाकुर, दयानन्द प्रजापति, गणपत राम, पंकज कुमार, शशि कुमार, बीटीएम राकेश रजक, धर्मेंद्र कुमार आदि उपस्थित थे।



# ज्ञान निकेतन, साउथ प्वाइंट वीएनटी क्वॉटर फाइनल में

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**

### गढ़वा जिला अंतर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता जू. वर्ग

जिला पब्लिक स्कूल समन्वय समिति के तत्वाधान में आयोजित 22वीं गढ़वा जिला अंतर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता के सातवें दिन साउथ प्वाइंट पब्लिक स्कूल ने एनटीसीए को एकतरफा मुकाबले में 111 रन से हराया। वहीं दूसरे मैच में ज्ञान निकेतन स्कूल रेहला की टीम ने संत पॉल एकेडमी की टीम को छह विकेट से पराजित किया, जबकि तीसरे मैच में बीएनटी संत मैरी की टीम ने जेपीएस स्कूल को हराकर क्वॉटर फाइनल में प्रवेश किया।

गोविंद हाई स्कूल के मैदान में खेले जा रहे जूनियर वर्ग के मैच में साउथ प्वाइंट पब्लिक स्कूल की टीम ने टॉस जीत का पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित ओवरों में 6 विकेट के नुकसान पर 156 रनों का स्कोर खड़ा। टीम की ओर से अखिलेश ने 30 और प्रकाश ने 20 रन बनाए। एनटीसीए की ओर से सोनू ने दो विकेट प्राप्त किये। जवाबी पारी खेलने उतरी एनटीसी की टीम 45 रनों पर ही सिमट गई। टीम का और कोई भी खिलाड़ी दहाई अंक में प्रवेश नहीं कर सका। साउथ पॉइंट की ओर से शिवम ने चार विकेट प्राप्त किये। दूसरे मैच में टॉस जीतकर संत पॉल एकेडमी रेहला की टीम हैदर के 12 रनों के सहारे 52 रन ही बना सकी। ज्ञान निकेतन कान्वेंट स्कूल रायला की ओर से नंदन और फहीम ने तीन तीन विकेट झटके। जवाबी पारी खेलने उतरी ज्ञान निकेतन कान्वेंट स्कूल की टीम छह ओवर में ही आलम के दस रन के सहारे चार विकेट खोकर विजय लक्ष्य को पा लिया। तीसरे मैच में बीएनटी संत मैरी की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए सोनू के 31 रन व विशाल के 27 रन की बदौलत आठ विकेट खोकर 123 रन बनाए। जेपीएस स्कूल की और से प्रिंस ने तीन विकेट लिये। जवाबी पारी खेलने उतरी जेपीएस स्कूल की टीम अंशु के 17 रन की मदद से 115 रन ही बना सकी। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार साउथ प्वाइंट के शिवम, ज्ञान निकेतन कान्वेंट स्कूल के नंदन को और बीएनटी संत मैरी के लक्की अहमद को प्रतियोगिता के उपाध्यक्ष नंद कुमार गुप्ता और विनोद कमलकपुरी, सियाराम शरण वर्मा, दीपक और जितेंद्र सिंह ने संयुक्त रूप से प्रदान किया।

मौके पर सचिव आनंद सिन्हा, आशुतोष रंजन, प्रवीण मिश्रा, अभिषेक द्विवेदी, प्रिंस खान, विशाल, आलोक, आदित्य शुक्ला, धीरज, आदित्य तिवारी, दिव्य रंजन, अमित उपाध्याय अभिषेक कुमार मनीष पाठक, मनोज तिवारी, टीसी, सोनू, विकास, बंटी आदि शामिल थे।

# पच्चीस बच्चों के बीच स्वेटर का वितरण



**नवीन मेल संवाददाता। मेराल**

प्रखंड की हासनदाग पंचायत के आंगनबाड़ी केंद्र दुनुखाड़ में शुक्रवार को पच्चीस बच्चों के बीच स्वेटर का वितरण मुखिया फुलमंती देवी, आंगनबाड़ी सेविका अनामिका देवी, मुखिया प्रतिनिधि हरेंद्र चौधरी एवं वार्ड सदस्य संगीता देवी ने संयुक्त रूप से किया। मुखिया ने कहा कि सरकार द्वारा ठंड को देखते हुए बच्चों को समय पर स्वेटर दिया गया। मुखिया ने सेविका अनामिका देवी एवं सहायिका रंभा देवी द्वारा बच्चों को गुणवत्तापूर्ण पोष्टिक आहार दिए जाने पर खुशी जताई। इसी तरह बाना गांव के हरिजन टोला एवं बाना दुनुखाड़ टोला में भी पच्चीस पच्चीस बच्चों के बीच स्वेटर का वितरण आंगनबाड़ी सेविका द्वारा किया गया, जबकि करकोमा गांव में आंगनबाड़ी केंद्र भुईयां टोला, हरिजन टोला एवं आंगनबाड़ी केंद्र चतरी टोला में भी मुखिया विरेन्द्र नाथ तिवारी एवं सेविका द्वारा किया गया। मेराल बाल विकास परियोजना के अंतर्गत संचालित 187 आंगनबाड़ी केंद्रों के लिए प्रति केंद्र 50 स्वेटर यानी कुल 9350 स्वेटर दिया गया है।

### छात्र-छात्राओं के बीच पोशाक का वितरण

**श्री बंशीधर नगर।** प्रखंड के सिंहपुर ग्राम स्थित उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय में शुक्रवार को विद्यालय में प्रथम व द्वितीय वर्ग में अध्ययनरत 21 छात्र-छात्राओं के बीच पोशाक का वितरण मुखिया मनोज कुमार ठाकुर, विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष उदय कुमार ठाकुर तथा वार्ड सदस्य इस्लामुद्दीन अंसारी ने संयुक्त रूप से किया। मुखिया मनोज कुमार ठाकुर ने बच्चों को प्रतिदिन निर्धारित समय पर पूर्ण गणवेश में विद्यालय आने तथा मन लगाकर पढ़ने को कहा। उन्होंने उपस्थित अभिभावकों से बच्चों को प्रतिदिन विद्यालय भेजने का आग्रह किया। मौके पर विद्यालय के प्रधान सहायक अध्यापक बिनोद ठाकुर, विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्य राम मिलन पासवान, मुनर राम, भूपेश पासवान, सभा राम, रानी चंचला देवी, कुंती देवी, मनीता कुमारी, अमरेन्द्र पासवान, परी देवी, मुन्द्रिका राम, शांति देवी, वेबी देवी, उर्मिला देवी, ममता कुंवर, शांति देवी आदि उपस्थित थे।



# रामानुजन ने भारत ही नहीं विश्व में गणित को अभूतपूर्व पहचान दिलाई

**नवीन मेल संवाददाता। भवनाथपुर**

सरस्वती विद्या मंदिर भवनाथपुर टाउनशिप में प्रसिद्ध गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन के जन्मदिवस को राष्ट्रीय गणित दिवस के रूप में मनाया गया।

इस समारोह का उद्घाटन मुख्य अतिथि प्रखंड विकास पदाधिकारी नंद कुमार राम ने किया। उन्होंने कहा कि श्रीनिवास रामानुजन ने भारत ही नहीं विश्व में गणित को अभूतपूर्व पहचान दिलाई। वहीं कार्यक्रम के दौरान विद्यालय की विज्ञान प्रमुख रुपलता दीदी जी ने अतिथि परिचय एवं स्वागत कराया। विषय प्रवर्तन करते हुए गणित के प्रमुख राकेश आचार्य ने कहा कि रामानुजन ने 9 अंकों की गणित को दसवें अंक में पहुंचाया। उन्होंने यह भी कहा कि रामानुजन ने 4000 से भी अधिक सिद्धांत एवं सूत्र दिए। वे किसी भी समस्या का कई प्रकार से समाधान करते थे। कार्यक्रम के दूसरे चरण में विविध गणितज्ञों के सूत्रों से संबंधित 65 प्रोजेक्ट की प्रदर्शनी लगाई गई। कार्यक्रम में आगे गणित विषय पर प्रशनमंच की प्रतियोगिता आयोजित हुई। साथ ही सामान्य गणित और वैदिक गणित के प्रश्नों की लिखित और मौखिक प्रतियोगिता संपन्न हुई। विविध गणितीय आकृतियों में रंगोली बनाई गई। सभी आचार्य को तिलक भी वर्ग, त्रिभुज, वृत्त, एवं आयत के रूप में लगाया गया। मौके पर राकेश आचार्य, शारदा दीदी, सचिव अरविंद प्रताप सिंह सेंगर, पंजाब नेशनल बैंक सिंघीतालि शाखा के प्रबंधक आदि उपस्थित थे।



**पहल** आंदोलनरत गृह रक्षा वाहिनी के जवानों को मिला भाजपा का समर्थन

# ‘युवाओं का रोजगार छीन रही है हेमंत सरकार’

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**

भाजपा जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश केशरी के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने आंदोलन कर रहे गृह रक्षा वाहिनी के जवानों से मिलकर उन्हें भाजपा का समर्थन दिया। मौके पर धरना कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश केशरी ने कहा कि झामुमो सरकार रोजगार छीन रही है। युवाओं को रोजगार देने का वादा कर सत्ता में आने वाली हेमंत सोरेन सरकार आज युवाओं का रोजगार छीन रही है।

उन्होंने कहा कि पूर्व की भाजपा सरकार ने युवाओं को रोजगार दिया था, जिसे झामुमो सरकार छीन रही है। झारखंड को भाजपा ने बनाया है। भाजपा ही जनभावना को समझ सकती है। पूर्व लोकसभा प्रत्याशी जवाहर पासवान ने कहा कि झामुमो सरकार में पहले से काम कर रहे गृह रक्षा वाहिनी के जवानों को वर्तमान सरकार ड्यूटी में नहीं लगा रही है, जिससे इनका परिवार सड़क पर आ चुका है। ऐसी निकम्मी सरकार को सत्ता में रहने का कोई अधिकार नहीं है। उन्होंने कहा कि सत्ता में बैठे मंत्री, विधायक सिर्फ अपना विकास करने में लगे हुए हैं। आम जनता त्राहिमाम कर रही है। यह सरकार पहले से काम कर रहे होम गार्ड जवानों को रोजगार देने में फेल है तो फिर नई बहाली कैसे करेगी। झामुमो मंत्री विधायक जनता को ठगना बंद करें। भाजपा वरिष्ठ नेता बिनय चौबे ने कहा कि युवा अब मौन नहीं रहेंगे। ऐसी निकम्मी सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए तैयार हैं। मौके पर भाजपा महामंत्री संतोष दुबे, ब्रजेश उपाध्याय, बृजेंद्र पाठक, भाजयुमो जिलाध्यक्ष रितेश चौबे, धर्मेंद्र कुमार, संजय जायसवाल आदि मौजूद थे।




# राष्ट्रीय गणित दिवस पर विद्या मंदिर विद्यालय में फूड फेस्ट का आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर**

स्थानीय सरस्वती विद्या मंदिर में शुक्रवार को राष्ट्रीय गणित दिवस पर फूड फेस्ट का भव्य आयोजन किया गया। इसका शुभारंभ अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी प्रमोद कुमार केशरी, शारदा महेश प्रताप देव, सचिव रवि प्रकाश, कोषाध्यक्ष विद्या भास्कर, अध्यक्ष जोखू प्रसाद, उपाध्यक्ष डॉ. धर्मचंद लाल अग्रवाल, अभिभावक प्रतिनिधि चंदन कुमार, समिति सदस्य शैलेश अग्रवाल, शशिकला, नीरज पांडेय, विधायक प्रतिनिधि अशोक सेठ तथा पूर्व संचालक विद्या सागर ने संयुक्त रूप से किया। प्रधानाचार्य रविकांत पाठक ने कहा कि इस तरह के आयोजन से बच्चों में गणितीय प्रारूप से गणित की अवधारणाओं को समझने का सफल प्रयास किया गया है। फूड फेस्ट में गुलाब जामुन, रोल, समोसा, छोला, गाजर का हलवा, फ्रूट, सलाद, कचौड़ी, ब्रेड पकोड़ा, सैंडविच, बांग्ला निमकी, भेज कटलेट, समोसा, इडली, दही बड़ा मोमोज, कैस्ट्रॉल लगाया गया था, जो विभिन्न गणितीय आकृतियों को प्रदर्शित कर रहा था। मौके पर विद्यासागर, लवली आनंद, मीरा कुमारी, नीरज कुमार सिंह, कौशलेंद्र झा, अविनाश कुमार, कृष्ण कुमार पांडेय, सुधीर प्रसाद श्रीवास्तव, दिनेश कुमार, अशोक कुमार, प्रसून कुमार, नंदलाल पांडेय, सत्येंद्र प्रजापति, सुप्रिया कुमारी, आरती श्रीवास्तव, नीति कुमारी, प्रियंवदा, नेहा, सलोनी आदि मौजूद रहे।



## एक नजर

### रोजगार मेले में 77 अभ्यर्थियों का चयन

**लातेहार।** जिला नियोजन कार्यालय की ओर से शुक्रवार को जिला खेल स्टेडियम परिसर में एक दिवसीय रोजगार मेला का आयोजन किया गया। जिला नियोजन पदाधिकारी संतोष कुमार ने सभी अभ्यर्थियों को शुभकामनाएं दी। इसमें 14 निजी नियोजकों ने भाग लिया। रोजगार मेला में लगभग 250 अभ्यर्थी उपस्थित हुए जिनमें 77 अभ्यर्थियों का चयन किया गया तथा 48 अभ्यर्थियों को शॉट लिस्ट किया गया है।

### सीओ राम ने की छह मामलों की सुनवाई

**बारियातु।** प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसर में शुक्रवार को कोर्ट का आयोजन सीओ ननद कुमार राम के नेतृत्व में किया गया। इसमें जमीन संबंधित छह मामलों की सुनवाई की गई। इस संबंध में अंचलाधिकारी राम ने कहा कि सभी पक्षों की बात सुनी गई है। कागजात की जांच कर नियम संगत निष्पादन किया जायेगा। मौके पर अंचल नाजीर कपील सिंह आदि मौजूद थे।

### क्रिसमस गैदरिंग कार्यक्रम का आयोजन

**चंदवा।** प्रखंड के हुटाप स्थित अविराम ग्रामीण विकास स्वयंसेवी संस्थान कॉलेज ऑफ नर्सिंग एंड फामेर्सी में शुक्रवार को क्रिसमस गैदरिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

### चुंगरु में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम आयोजित

**बरवाडीह।** प्रखंड की सबसे सुदूर पंचायत चुंगरू में शुक्रवार को आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शिविर का आयोजन किया गया। इसका उद्घाटन जिला परिषद सदस्य संतोषी शेखर, प्रखंड विकास पदाधिकारी राकेश सहाय, विधायक प्रतिनिधि प्रेम सिंह, मुखिया बालदेव परहिया, पंचायत समिति पूनम देवी आदि ने किया।

### सात बकायेदारों का कटा विद्युत कनेक्शन

**गिद्धौर।** प्रखंड के रामनगर सियारी गांव में शुक्रवार को विद्युत विभाग द्वारा छापेमारी अभियान कनीय अभियंता तरुण कुमार के नेतृत्व में किया गया। इस क्रम में सात बकायदाओं का विद्युत कनेक्शन काट दिया गया।

### शोरूम का उद्घाटन

**पत्थलगडा।** प्रखंड क्षेत्र के बरवाडीह-रामपुर स्थित पत्थलगडा सिमरिया रोड में शुक्रवार को मां भगवती ऑटोमोबाइल हीरो शोरूम का उद्घाटन जिप अध्यक्ष ममता कुमारी, जिप सदस्य रामसेवक दांगी व थाना प्रभारी सचिन कुमार दास ने संयुक्त रूप से किया। मौके पर संचालक दीपक कुमार, महेंद्र दांगी, राज किशोर तिवारी, अंबिका यादव आदि उपस्थित थे।

### ग्राम रक्षा दल के बीच ट्रैक सूट का वितरण

**चतरा।** लावालौंग प्रखंड के पूर्व मुखिया सह सिमरिया विधायक जिला प्रतिनिधि संजय कुमार सिंह ने ग्राम रक्षा दल के सदस्यों के बीच गर्म ट्रैकसूट का वितरण किया। ग्राम रक्षा दल के सदस्य प्रमोद कुमार ने बताया कि सिंह ने ग्राम रक्षा दल के ग्यारह सदस्यों के लिए ट्रैकसूट की व्यवस्था करके वितरण हेतु लावालौंग थाना प्रभारी अविनाश कुमार को मुहैया कराया।

### गणित मेले का आयोजन

**चतरा।** हफुवा स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में शुक्रवार को गणित मेला का आयोजन किया गया। मेले का उद्घाटन ओमप्रकाश सिन्हा, पवन दास, प्रधानाचार्य टिबड़ेवाल उच्च विद्यालय चतरा विनोद यादव, आचार्य उपेंद्र नाथ, दीनानाथ सिंह सचिव, श्री विनोद कुमार अध्यक्ष आदि ने किया।

## 'संसद में सवाल पूछने पर सांसदों का निलंबन लोकतंत्र के इतिहास में काला अध्याय'

# इंडिया गठबंधन ने किया रोषपूर्ण प्रदर्शन



**नवीन मेल संवाददाता। लातेहार**

इंडिया गठबंधन ने शुक्रवार को पुराना अनुमंडल पदाधिकारी कार्यालय गेट से चलकर समाहरणालय गेट तक रोषपूर्ण प्रदर्शन किया। इस दौरान नेता और कार्यकर्ता इंडिया गठबंधन जिंदाबाद, केंद्र की मोदी सरकार हाय हाय, मोदी सरकार मुर्दाबाद, मोदी तेरी हिटलशाही नहीं चलेगी, विपक्षी सांसदों को निलंबित करना बंद करो, जनता की आवाज को दबाना बंद करो, आदी नारे लगाते रहे। प्रदेश कांग्रेस प्रतिनिधि पंकज तिवारी ने कहा कि जिस प्रकार 17वीं लोकसभा के शीतकालीन सत्र में करीब डेढ़ सौ सांसदों को निलंबित किया गया, उनकी आवाज को दबाने का काम किया गया वह लोकतंत्र के इतिहास का काला अध्याय है।

राजद जिला अध्यक्ष रामप्रवेश यादव ने कहा कि केंद्र में बैठी मोदी सरकार देश में लोकतंत्र को समाप्त करना चाहती है। सरकार से सवाल पूछने वालों को दंडित किया जा रहा है। प्रदेश कांग्रेस प्रतिनिधि रवींद्र राम, लातेहार जिला कांग्रेस महासचिव सुरेंद्र भारती ने कहा कि भाजपा सरकार देश में एकता व अखंडता को तार-तार कर सत्ता में रहना चाहती है। भाकपा माले जिला सचिव बिरजू राम व गोपाल प्रसाद ने कहा कि मोदी सरकार संसद में जिस प्रकार सांसदों की आवाज दबा कर तानाशाही सरकार चलाना चाहती है वह चलने वाला नहीं है। कांग्रेस अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष नसीम अंसारी, युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष अमित यादव व मनिका विधायक प्रतिनिधि दरोगी यादव ने कहा कि भाजपा की सरकार में देश में असुरक्षा का माहौल कायम है। मोदी सरकार अब कम समय का मेहमान है। युवा कांग्रेस प्रदेश कोआडिनेटर बिजय बहादुर सिंह ने कहा कि देश में संसद की सुरक्षा, बेरोजगारी, महिला सुरक्षा, किसानों की बात करना जुल्म है। युवा राजद जिलाध्यक्ष दिलेश्वर यादव ने केंद्र की मोदी सरकार को युवा विरोधी करार दिया। मौके पर राजद प्रदेश उपाध्यक्ष लक्ष्मण यादव, युवा कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष आफताब आलम, राजद जिला उपाध्यक्ष रंजीत यादव भोला सिंह, महासचिव मोहर यादव, मनिका विधायक प्रतिनिधि हरीशंकर यादव, लातेहार प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष शम्भू यादव, मनिका प्रखंड कांग्रेस उपाध्यक्ष गुडू सिंह, मो सईद, कामगार कांग्रेस के जिलाध्यक्ष कामिल अंसारी, युवा कांग्रेस मनिका विधानसभा अध्यक्ष मिथलेश पासवान, लातेहार युवा कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष टिंकु बाबू, समसुल अंसारी, संजीत कुमार, एनामुल हक, हरेंद्र राम, वाजिद अंसारी, मो अख्तर, राजद चंदवा प्रखंड अध्यक्ष अजित श्रीवास्तव, मदन यादव, संतोष सिंह, भाकपा माले के उत्तम राम, मुनेश्वर सिंह आदी ने संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष सुरेन्द्र पासवान ने किया। धन्यवाद ज्ञापन मनिका प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष राजकिशोर सिंह ने किया।

## प्रशिक्षु डीएसपी प्रशांत को किया गया सम्मानित




**नवीन मेल संवाददाता। गिद्धौर**

युवा खेल कार्यक्रम विभाग द्वारा रांची में आयोजित सम्मान समारोह में हजारीबाग प्रशिक्षु डीएसपी प्रशांत कुमार को सम्मानित किया गया। प्रशांत को मंत्री हफीजुल हसन ने सम्मानित किया।

ज्ञात हो कि प्रशांत मुल रूप से चतरा जिले के गिद्धौर प्रखंड मुख्यालय के रहने वाले हैं। प्रशांत कम उम्र में सफलता अर्जित कर युवाओं के लिए प्रेरणा स्त्रोत बन गए हैं। प्रशांत को यह सम्मान उनके द्वारा किए गए सामाजिक कार्यों के लिए दिया गया। बताते चलें प्रशांत को 2016 में ही राष्ट्रपति से राष्ट्रीय सम्मान प्राप्त हो चुका है। इसके साथ 2017 में तत्कालिन वित्त मंत्री से विसाका सम्मान भी प्राप्त है। प्रशांत ने दक्षिण कोरिया में भारतीय युवा प्रतिनिधि मंडल का भी नेतृत्व किया है। वर्तमान मे प्रशांत झारखंड लोक सेवा आयोग से चयनित होकर हजारीबाग में प्रशिक्षु डीएसपी के पद पर कार्यरत हैं। प्रशांत को सम्मानित किए जाने पर गांव में हर्ष का माहौल है, जबकि इस कामयाबी पर प्रशांत को ग्रामीणों ने बधाई दी है।

## सरकारी जमीन पर अवैध रूप से बने घर को बुलडोजर से किया गया ध्वस्त



**नवीन मेल संवाददाता। गिद्धौर**

गिद्धौर प्रखंड अंतर्गत बारिसाखी पंचायत के पांडेय महुआ में अवैध रूप से बनो गए घर को बीडीओ सह सीओ हरिनाथ महतो व थाना प्रभारी गुलाम सरवर के माजूदगी में शनिवार को बुलडोजर से ध्वस्त कर दिया गया। इस दौरान बीडीओ सह सीओ ने बताया कि गुप्त सूचना मिली कि पाण्डेय महुआ के पेट्रॉल पम्प के समीप कुछ लोगों ने सरकारी (गैरमजुरआ) जमीन पर रातों रात घर बना लिया है। दोनों पदाधिकारियों ने संयुत रूप से घर को ध्वस्त करवाया। खाता संख्या 150 व प्लॉट नम्बर 92 है, जो गैरमजुरआ जमीन है। इसमें चार या पांच लोग मिल कर लगभग पांच डिसमिल जमीन पर एक रूम बनाया था। जिन्हे चिन्हित कर करवाई की जायेगी।

## जनवितरण की दुकान से धोती-साड़ी, चावल चोरी

**गिद्धौर।** प्रखंड के बारिसाखी पंचायत स्थित मायाडीह गांव में संचालित जन वितरण प्रणाली दुकान से गुरुवार देर रात अज्ञात चोरों ने चावल व सोना सोबरन योजना की धोती-साड़ी की चोरी कर ली। बताया जाता है कि देर रात अज्ञात चोरों ने जन वितरण प्रणाली दुकान की कुंडी तोड़कर लगभग आठ क्विंटल चावल व दो दर्जन धोती साड़ी की चोरी कर ली। संचालक मीना देवी ने थाना में लिखित आवेदन देकर दोषी लोगों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है।

## एसपी के निर्देश पर थाना प्रभारी ने चलाया नो हेलमेट नो पेट्रोल कैंपेन






**नवीन मेल संवाददाता। पत्थलगड़ा**

एसपी राकेश रंजन के दिशा निर्देश पर पत्थलगड़ा थाना प्रभारी सचिन कुमार दास के नेतृत्व में थाना क्षेत्र के सभी पेट्रोल पंप में नो हेलमेट नो पेट्रोल का अभियान चलाया गया। इस दौरान सभी पेट्रोल पंप मालिक को निर्देश देते हुए बताया गया कि दो पहिया वाहन में हेलमेट नहीं पहने पर पेट्रोल नहीं दें। साथ ही मोटर वाहन अधिनियम की धारा 194 डी के तहत दोपहिया वाहन बिना हेलमेट के चलने पर 1000 जुमार्ना एवं 3 महीने के लिए लाइसेंस रद्द होने के प्रावधान की जानकारी सभी को दी गई। सभी पेट्रोल पंप मालिक को दो पहिया वाहनों को बिना हेलमेट चालक को पेट्रोल नहीं देने की बात कही। वहीं थाना प्रभारी ने आम लोगों व नवयुवकों से वाहन चलाते समय हेलमेट पहनने की अपील की।

### थाना प्रभारी के नेतृत्व में चला वाहन जांच अभियान

**बारियातु।** थाना प्रभारी मुकेश चौधरी के नेतृत्व में शुक्रवार को फुलसु मोड़ व उच्च विधालय के समीप वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान एक दर्जन से अधिक बाइकों को पुलिस ने जब्त कर लिया। थाना प्रभारी चौधरी ने कहा कि वाहन चेकिंग का मुख्य उद्देश्य बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं को रोकना व अपराध पर नियंत्रण रखना है। उन्होंने दो पहिया वाहन चालकों से अपील करते हुए कहा कि कोई भी व्यक्ति बिना हेलमेट व ड्राइविंग लाइसेंस, वाहन कागजात के कमी होने पर सड़क पर परिचालन नहीं करें। मानक उम्र से कम वाले सड़क पर गाड़ी नहीं चलाएं। साथ ही अभिभावकों को कम उम्र के बच्चों को गाड़ी न देने की अपील की। मौके पर पुलिस अवर निरीक्षक बिंदेश्वरी महतो, बालेश्वर गंझु आदि मौजूद थे।

## संत जवियर्स कॉलेज में शांति सभा का आयोजन

**महुआडांड़।** संत जवियर्स महाविद्यालय के सभागार में शुक्रवार को शांति सभा का आयोजन किया गया। इसका शुभारंभ प्राचार्य फादर डॉ. एम. के. जोश द्वारा किया गया। फादर राजीप तिर्की द्वारा चरनी को आशिषित किया गया। मिस नैंसी बाखला ने स्वागत भाषण प्रस्तुत किया। महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने अपने सांस्कृतिक कार्यक्रम का प्रदर्शन करते हुए नृत्य के माध्यम से सभी लोगों को सर्वधम समभाव के सिद्धान्त की नीति अपनाने पर बल दिया। हॉस्टल की छात्राओं ने अपने क्रिसमस नृत्य प्रस्तुति के दौरान लोगों का मन मोह लिया। मौके पर मोहम्मद तनवीर, सुरभी सिन्हा, फादर डॉक्टर समीर टोप्पो, सिस्टर कैसलिन जूलियट, सिस्टर चंद्रोदय, डॉक्टर प्यारी कुजूर आदि मौजूद थे।

## डीएवी पब्लिक स्कूल में अंतरसदनीय खेल प्रतियोगिता का किया गया आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता। लातेहार**

जिला मुख्यालय स्थित भोला शरण डीएवी पब्लिक स्कूल लातेहार में शुक्रवार को अंतरसदनीय खेल प्रतियोगिता आयोजित की गई। इस दौरान कक्षा एक एवं दो के बच्चों के बीच क्रिकेट प्रतियोगिता करवाई गई। रोमांचक खेल के बाद कक्षा 2 की टीम ने 9 विकेट से मैच जीता। मैन ऑफ द मैच कक्षा 2 के आदविक रंजन और रोनित को दिया गया। वहीं कक्षा तीन, चार पांच, छह के बच्चों के बीच ग्रीटिंग्स कार्ड मेकिंग प्रतियोगिता कराई गई। कक्षा सात एवं आठ के विद्यार्थियों ने अपने-अपने सदन के हाउस बोर्ड को सुसज्जित किया, जिसमें क्रमशः प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान श्रद्धानंद, विवेकानंद, अरबिंदो सदन ने प्राप्त किया। विद्यालय में नेशनल मैथमेटिक्स डे भी मनाया गया, जिसके अंतर्गत विद्यालय में श्रीनिवास रामानुजन की जीवनी पर प्रकाश डाला गया। मैथ्स क्विज प्रतियोगिता भी आयोजित की गई, जिसमें क्रमशः प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान पर विवेकानंद, दयानंद, और औरोबिंदो सदन के प्रतिभागी रहे। इससे पहले प्रतियोगिताओं का उद्घघाटन विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य प्रभात रंजन ने सीसीए इंचार्ज सूरज कुमार मिश्रा, इवेंट मैनेजर राकेश रंजन तिवारी, अरुण कुमार पांडेय, विभिन्न खेलों के इवेंट कॉर्डिनेटर रवि प्रकाश तिवारी, बसंत कुमार, शकुंतला पाल, सुशील दुबे, रुक्मणि, आसिफ, कुंदन के साथ संयुक्त रूप से किया।

## चतरा कॉलेज में क्रिसमस गैदरिंग का आयोजन




**नवीन मेल संवाददाता। चतरा**

चतरा कॉलेज चतरा के बीएड संभाग में शुक्रवार को क्रिसमस गैदरिंग समारोह का आयोजन किया गया। समारोह कि अध्यक्षता प्रोफेसर आरपी राय ने किया। साथ ही इस अवसर पर सभी विभागाध्यक्ष का स्वागत किया गया और स्वागत में गीत एवं नृत्य प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम का शुभारंभ कॉलेज के प्राचार्य एवं बीएड विभाग के विभागाध्यक्ष नंदकिशोर सिंह एवं सभी शिक्षकों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम में बीएड संभाग के शिक्षकों में प्रोफेसर प्रेम बसंत बाखला, प्रोफेसर चंदन कुमार सिंह, डॉक्टर प्रोफेसर कंचन सोय मूरूम, प्रोफेसर ग्लोरिया ग्रेस होरो, प्रोफेसर शोभा कुजूर, प्रोफेसर अमित कुमार सिंह एवं शिक्षेतर कर्मचारी उपस्थित थे। चतरा कॉलेज के अन्य विभाग से डॉ. मनीष दयाल, डॉ. मुकेश कुमार झा, प्रोफेसर विवेक आशीष बाखला, डॉ. एल्विन बाखला, प्रोफेसर अतुल अनुराग तिर्की आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन शुभम कुमार एवं श्रेया केरकेट्टा ने संयुक्त रूप से किया। स्वागत भाषण प्रोफेसर प्रेम बसंत बाखला एवं धन्यवाद ज्ञापन प्रोफेसर ग्लोरिया ग्रेस होरो ने किया। इस अवसर पर ईसा मसीह के जन्म से संबंधित नाटक प्रस्तुत किया गया। विभागाध्यक्ष ने दोनो सत्र (22-24 और 23-25 के सभी प्रशिक्षुओं को धन्यवाद एवं शुभकामनाएं देते हुए नव वर्ष कि बधाईयां दी।

## सख्ती कार्यपालक अभियंता मिथिलेश प्रसाद ने किया निरीक्षण

# गुणवत्तापूर्ण सड़क निर्माण का निर्देश



**नवीन मेल संवाददाता। मयूरहंड**

प्रखंड के इटखोरी-जिहू मोड सड़क निर्माण कार्य का निरीक्षण पथ प्रमंडल चतरा के कार्यपालक अभियंता मिथिलेश प्रसाद ने शुक्रवार को किया। पथ प्रमंडल के उक्त सड़क का मां अष्टभुजा कंशट्रक्शन कंपनी के संवेदक द्वारा गुणवत्ता से खिलवाड़ कर निर्माण करया जा रहा था, जिससे जिप सदस्य देवेंद्र चंद्रवंशी एवं मुखिया सह दिशा सदस्य मंजित सिंह ने रोक लगाया था। उसके बाद कार्यपालक अभियंता ने निरीक्षण कर संवेदक को किए गए कार्य में सुधार करने के साथ गुणवत्तायुक्त प्राक्कलन के अनुरूप कार्य करने का सख्त निर्देश दिया। इसके अलावा प्लांट चार बजे शाम में बंद करने का निदेश संबंधित कर्मियों को दिया। अभियंता ने कहा कि सड़क निर्माण कार्य में गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं होगा। इस मौके पर सहायक अभियंता एवं कनिय अभियंता उपस्थित थे।

## रिजल्ट व पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन

**महुआडांड़।** आरपीएस स्कूल के प्रांगण में शुक्रवार को रिजल्ट व पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में शिक्षक मोहम्मद स्माइल व विशिष्ट अतिथि के रूप में शिक्षक हीरालाल प्रसाद, पत्रकार सह समाजसेवी मोहम्मद शहजाद आलम एंव नेता व समाजसेवी अजित पाल कुजूर मौजूद थे। बाल दिवस कार्यक्रम में हुए खेलकूद के आयोजन में भाग लेने वालों को शील्ड व मेडल दिया गया। बच्चों एवं अभिभावकों को रिजल्ट दिया गया। मौके पर शिक्षक शहादत अली, स्कूल के संस्थापक ओमप्रकाश गुप्ता आदि मौजूद थे।


## उपायुक्त का कार्यालय, लोहरदगा
### (मनरेगा कोषांग)
### सूचना

इस कार्यालय के ज्ञापांक 572/म.को. दिनांक 29.09.2023 द्वारा मनरेगा अंतर्गत तकनीकी सहायक (सहायक अभियंता के समकक्ष), तकनीकी सहायक (कनीय अभियंता के समकक्ष), लेखा सहायक, ग्राम रोजगार सेवक एवं कम्प्यूटर सहायक के रिक्त पदों पर संविदा आधारित नियुक्ति हेतु प्रकाशित विज्ञापन के आलोक में अभ्यथियों के अनिवार्य शैक्षणिक योग्यता, अतिरिक्त शैक्षणिक योग्यता एवं दक्षता परीक्षा के आधार पर नियुक्ति समिति द्वारा उक्त सभी पदों पर अंतिम रूप से चयनित एवं प्रतीक्षारत अभ्यर्थियों की सूची लोहरदगा जिला के वेबसाईट (http://www.lohardaga.nic.in) में प्रकाशित कर दिया गया है।

उप विकास आयुक्त–सह–
अतिरिक्त जिला कार्यक्रम समन्वयक,
लोहरदगा।

PR 314150 Lohardaga(23-24)D



## झारखण्ड राज्य ग्रामीण पथ विकास प्राधिकरण (JSRRDA)
एफ०एफ०पी० भवन, तृतीय तल्ला, धुर्वा, राँची –834004, झारखण्ड

### अल्पकालीन ई– पुनःर्निविदा आमंत्रण सूचना (2nd Call)
**PR No. - 303175 Dated : 25.07.2023**

अल्पकालीन ई–पुनःर्निविदा संख्याः- **180/2023-24** दिनांक :- 20.12.2023

मुख्य अभियंता, जे०एस०आर०आर०डी०ए०, राँची द्वारा निम्नविवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से पुनःर्निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र० सं० | आईडेन्टीफिकेशन संख्या/पैकेज संख्या | प्रखण्ड का नाम | | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि अंक में (लाख में) | प्राक्कलित राशि अक्षर में (रूपये में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 3 | | | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | JH-M-LAT-07 /2023-24 | चंदवा | 1 | एन०एच० चंदवा से बोदा तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य। (लं० – 7.000 कि०मी०) | 655.646 | छः करोड़ पचपन लाख चौसठ हजार छः सौ रू० मात्र | 06 महीना |
| | | चंदवा | 2 | पी०डब्ल्यू०डी० रोड से बेलगड़ा तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य। (लं० – 2.000 कि०मी०) | | | |

2. वेबसाईट मे निविदा प्रकाशन की तिथिः–**21.12.2023**
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समयः– **03.01.2024** अपराह्न 5.00 बजे तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समयः– **04.01.2024** .अपराह्न 5.00 बजे।
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पताः– मुख्य अभियंता का कार्यालय, जे०एस०आर०आर०डी०ए०, राँची, एफ०एफ०पी० भवन, तृतीय तल्ला, धूर्वा, राँची –834004, झारखण्ड।
6. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं०– ............................

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट **jharkhandtenders.gov.in** मे देखा जा सकता है।

मुख्य अभियंता
जे०एस०आर०आर०डी०ए०, राँची।

PR 314057 (Rural Work Department) 23-24 (D)

## एक नजर

### सड़क दुर्घटना में छात्र की दर्दनाक मौत

**गुमला।** जिले के बसिया कोनबीर उपर चौक के समक्ष में यात्री बस के चक्के में फंस जाने और काफी दूर तक घसीटकर ले जाने के कारण ही बाइक सवार सुनील सोरेन की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। परिजनों ने बताया कि सुनील सोरेन सैलून जाने की बात बोलकर बाइक लेकर घर से निकला था। वह संत जोसेफ उच्च विद्यालय नवाटोली वर्ग 10 का छात्र था। बसिया थाना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुये उक्त बस और बाइक को जब्त कर बसिया थाना भेजवाया। सुनील सोरेन का शव पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया।

### 'बच्चों के नाम पर फर्जी जॉब कार्ड बना की लाखों की निकासी'

**गुमला।** जिले के घाघरा प्रखंड स्थित बेलागड़ा पंचायत के गोया ग्राम के नाबालिग 17 बच्चे-बच्चियों के नाम पर फर्जी जॉब कार्ड बनवाकर और उन्हें मनरेगा योजना में मजदूर बनाकर 3,12,000 (तीन लाख 12 हजार) रुपये गबन करने का मामला प्रकाश में आया है। इस संबंध में ग्रामवासियों ने सामूहिक रूप से घाघरा प्रखंड विकास पदाधिकारी से मिलकर उक्त घटना की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि बेलागड़ा पंचायत के गोया ग्राम में मासूम स्कूली बच्चों और अन्य बच्चों के नाम फर्जी जॉब कार्ड बनवाकर उसके नाम से मनरेगा योजना से लाखों रुपये की निकासी की गई है। ग्रामीणों ने पूरे जिले में बनाए गये फर्जी जॉब कार्ड की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की। इस पर घाघरा प्रखंड विकास पदाधिकारी ने ग्रामवासियों को जांच के बाद कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है।

### क्रिसमस मिलन समारोह का आयोजन

**चैनपुर(गुमला)।** परमवीर अल्बर्ट एक्का महाविद्यालय चैनपुर में शुक्रवार को क्रिसमस मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इसका शुभारंभ उप प्राचार्य फा. अगस्तुस एक्का द्वारा चरनी आशीष कर किया गया। क्विज का आयोजन कर जवाब देने वालों को पुरस्कृत किया गया। 2020-2023 सेशन की कॉलेज टॉपर साबिता कुमारी (राजनीतिक शास्त्र) को सम्मानित किया गया। प्राचार्य फा. इनोसेंट कुजूर, डॉ. अजिता गुलाब आदि मौजूद रहे।

### अंजुमन इस्लामिया के सदर बने नईम खान, मो. सईद सेक्रेटरी

**कुडू।** अंजुमन इस्लामिया कमेटी लापुर की बैठक शुक्रवार को हुई। इसमें सर्वसम्मति से नईम खान उर्फ गुड्डू को सर्वसम्मति से सदर, नायब सदर आरिफ खान, मो सईद सेक्रेटरी और नायब सेक्रेट्री आलम कुरैशी को नियुक्त किया गया। मौके पर नवनिर्वाचित सदर नईम खान ने कहा कि हम लोगों को जो जिम्मेवारी सौंपी गई उसे बेहतर ढंग से निर्वहन करने की पुरजोर कोशिश करेंगे।

### जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण

**लोहरदगा।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार राजेंद्र बहादुर पाल के मार्गदर्शन में एवं जिला प्रशासन लोहरदगा के समन्वय से करचा टोली एवं सदर अस्पताल लोहारदगा में जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल का वितरण किया गया। मौके पर डालसा सचिव राजेश कुमार, वरीय सिविल जज अर्चना कुमारी, पूनम कुमारी, पीएलवी अफान खान, अजहर अंसारी एवं रोहित तमेरा उपस्थित रहे।

### बीएस कॉलेज स्टेडियम में रांची विवि कॉलेज स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल आज, विवि के अधिकारी रहेंगे उपस्थित

# बीएस कॉलेज लोहरदगा फाइनल में, एसएस कॉलेज से होगा मुकाबला

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

बीएस कॉलेज में रांची विवि कॉलेज स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता के सेमीफाइनल मुकाबले सम्पन्न हुए। सेमीफाइनल के दो मैचों में बी एस कॉलेज और एसएस मेमोरियल कॉलेज ने अपने-अपने मैच जीत कर फाइनल के लिए प्रवेश किया। आज बी एस कॉलेज स्टेडियम में दोनों टीमें खिताबी ट्रॉफी के लिए आमने सामने होंगी। सेमीफाइनल के पहले मैच में गोस्सनर कॉलेज की टीम ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करते हुए बी एस कॉलेज लोहरदगा के खिलाफ 33.2 ओवर में 10 विकेट खो कर 136 रन बनाए। गोस्सनर कॉलेज के प्रभात ने सबसे अधिक 26 रन बनाए जबकि बी एस कॉलेज के प्रेम, सुमित और राहुल ने 3-3 विकेट लिए। जवाब में बी एस कॉलेज ने 22.2 ओवर में 3 विकेट खो कर लक्ष्य हासिल कर लिया।

बी एस कॉलेज के सुमित नाबाद 54 रन बनाकर सर्वाधिक स्कोरर रहे, जबकि गोस्सनर कॉलेज के उत्कर्ष ने 10 रन देकर 2 विकेट हासिल किया। बी एस कॉलेज के सुमित को उनके ऑलराउंड प्रदर्शन के लिए मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया। सेमीफाइनल के दूसरे मैच में मारवाड़ी कॉलेज ने टॉस जीत कर एसएस मेमोरियल कॉलेज को पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया। एसएस मेमोरियल कॉलेज ने 35 ओवर में 9 विकेट पर 321 रन बनाए, जिसमें सुशांत सिंह ने 80 और मनीष उरांव ने 52 रनों का योगदान दिया। मारवाड़ी कॉलेज के गेंदबाजों मनीष, सर्वेश और अंशु ने 2-2 विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करते हुए मारवाड़ी कॉलेज की टीम ने निर्धारित 35 ओवर में 9 विकेट खो कर 252 रन बनाए। मारवाड़ी कॉलेज के बल्लेबाज प्रशांत कुमार नाबाद 101 रन बनाकर सर्वाधिक स्कोरर रहे, जबकि एसएस मेमोरियल के गेंदबाज संदीप और विक्की ने 3-3 विकेट लिए। एसएस मेमोरियल के सुशांत सिंह को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए मैन ऑफ द मैच दिया गया। सेमीफाइनल की दोनों विजेता टीमें बी एस कॉलेज और एसएस मेमोरियल कॉलेज कल फाइनल मुकाबले के लिए आपस में भिड़ेंगी। उल्लेखनीय है कि रांची विवि कॉलेज स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता में पहली बार बी एस कॉलेज ने फाइनल में प्रवेश किया है। इसको लेकर कॉलेज के सभी शिक्षकों व शिक्षकेत्तर कर्मियों सहित कॉलेज के सभी विद्यार्थियों में उत्साह का माहौल है।

मैचों के दौरान बीएस कॉलेज के प्राचार्य डॉ एसकेपी गुप्ता, रांची विवि के कोच व चयनकर्ता चंचल भट्टाचार्य, बी एस कॉलेज के पूर्व प्राचार्य डॉ लोहरा उरांव, वरिष्ठ प्रोफेसर डॉ नईम खान, डॉ नीता सहाय, डॉ शशि कुमार गुप्ता, खेल प्रभारी वसुदेव हस्सा और आनंद मांझी समेत बी एस कॉलेज के समस्त शिक्षक और शिक्षकेत्तर कर्मी आदि शामिल रहे।



# 'विलक्षण प्रतिभा के धनी थे रामानुजन'

### विद्या मंदिर स्कूल में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया राष्ट्रीय गणित दिवस, प्रतियोगिता का आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर में राष्ट्रीय गणित दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के पूर्व गणित आचार्य अरविंद कुमार उपस्थित हुए। उन्होंने कहा कि बच्चे यदि रुचि लेकर गणित विषय का अध्ययन करें तो वह परीक्षा में श्रेष्ठ अंक प्राप्त कर सकते हैं। विद्यालय के प्रधानाचार्य बिपिन कुमार दास ने कहा कि श्रीनिवास रामानुजन आधुनिक भारत के महानतम गणितज्ञ एवं विलक्षण प्रतिभा के धनी थे। उनके सम्मान में राष्ट्रीय गणित दिवस पूरे देश में मनाया जाता है। प्रतियोगिता का सफल आयोजन गणित आचार्य दिनेश प्रसाद सिंह के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें कक्षा षष्ठ के लिए एक से 100 तक पहाड़ा, सप्तम के लिए 100 से 200 तक का पहाड़ा, अष्टम कक्षा के लिए गणित विषय में प्रश्न मंच प्रतियोगिता, नवम कक्षा के लिए भाषण प्रतियोगिता एवं गणित प्रदर्शन का विषय निर्धारित था। नवम कक्षा के रवि गुप्ता प्रथम, प्रशांत साहू द्वितीय एवं समृद्धि गुप्ता तृतीय स्थान पर रहे। भाषण प्रतियोगिता में कक्षा नवम के अन्वेषा मुखर्जी प्रथम, सृष्टि कुमारी द्वितीय एवं हर्ष सिंह तृतीय स्थान पर रहे। सप्तम कक्षा के दुर्गावती खंड में प्रथम छाया कुमारी, द्वितीय मिस्का कुमारी, तृतीय पीहू कुमारी। प्रहलाद खंड में प्रथम हर्ष ठाकुर, द्वितीय अंशु तिग्गा, तृतीय दीपांकर सिंह। ध्रुव खंड में प्रथम आर्यन प्रसाद, द्वितीय करमचंद, तृतीय प्रज्ञान कुमार। कक्षा षष्ठ के लव खंड में प्रथम सक्षम राज, द्वितीय शिवानी कुमारी, तृतीय नमन खत्री। कुश खंड में प्रथम अभिमन्यु उरांव, द्वितीय प्रेरणा तिग्गा एवं तृतीय सृष्टि भगत रहे। अष्टम कक्षा में गणित प्रश्न मंच का आयोजन किया गया। इसमें प्रथम स्थान पर रुद्र कुमार, शुभम कुमार महतो, नमन उरांव। द्वितीय स्थान पर अनुप्रिया कुमारी, अंशु मिश्रा, आस्था कुमारी तथा तृतीय स्थान पर हिमांशु साहू, वैभव भास्कर एवं तेजस प्रतीक भगत रहे। सभी सफल प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान करके प्रोत्साहित किया गया।






### रामानुजन जयंती पर प्रश्न मंच आयोजित

**लोहरदगा।** सुंदरी देवी सरस्वती शिशु मंदिर लोहरदगा में महान गणितज्ञ रामानुजन की जयंती मनाई गई। इस मौके पर गणित प्रश्न मंच प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मौके पर संजय कुमार मंडल ने कहा गणित के क्षेत्र में श्रीनिवास रामानुजन का योगदान अविस्मरणीय स्मरणीय है। प्रधानाचार्य सुरेश चंद्र पांडे ने कहा हमारा देश ज्ञान विज्ञान एवं गणित के क्षेत्र में अग्रणी रहा है। गणित के विविध विधाओं में श्रीनिवास रामानुजन का योगदान प्रेरणादाई एवं अनुकरणीय रहा है। विद्यालय के आचार्य नंदकिशोर साहू ने श्रीनिवास रामानुजन के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उनका जीवन संघर्ष से भरा हुआ था। लेकिन कठोर परिश्रम के बल पर वह पढ़ाई के क्षेत्र में असीम प्रगति की। वे आगे की पढ़ाई के लिए कैंब्रिज विश्वविद्यालय यूनाइटेड किंगडम गए जहां प्रोफेसर हार्डी का भरपूर सहयोग उनको मिला। गणित की कई पुस्तकों की रचना उनके द्वारा की गई। गणित प्रश्न मंच प्रतियोगिता में कक्षा प्रथम से पंचम तक लगभग 225 भैया बहनों ने भाग लिया। प्रत्येक कक्षा से प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र प्रधानाचार्य सुरेश चंद्र पांडे द्वारा प्रदान किया गया।

### कॉलेज में मनाई गई रामानुजन की जयंती

**लोहरदगा।** मनोहर लाल अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर महाविद्यालय में श्रीनिवास रामानुजन की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य उत्तम मुखर्जी ने किया। इस मौके पर छात्र-छात्राओं को रामानुजन के जीवन परिचय और उपलब्धियों से संबंधित डॉक्यूमेंट्री फिल्म दिखाई गई। कार्यक्रम में प्रीति कुमारी गुप्ता, रेणु कुमारी, यशोदा कुमारी, ऋद्धि मिश्रा, चेतना प्रिया, कविता कुमारी, स्नेहा शर्मा, अर्चना कुमारी, रितेश कुमार पाठक आदि उपस्थित थे।

### कैरो में रामानुजम की जयंती मनाई गई

**कैरो/ लोहरदगा।** प्रखंड मुख्यालय स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजम की 136 वीं जयंती शुक्रवार को मनाया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य प्रमोद कुमार ने कहा कि, श्रीनिवास रामानुजम ने समाज को नई दिशा दिखाई। युवाओं के लिए वे सदैव प्रेरणास्त्रोत रहेंगे। विद्यालय में गणित रेस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा द्वितीय से लेकर अष्टम तक के भैया बहनों ने भाग लिया। कक्षा द्वितीय से प्रथम स्थान पर सिद्धि कुमारी, दूसरे स्थान पर आयुष, तीसरे स्थान पर तंजीम अंसारी कक्षा तीन से अभय कुमार प्रथम स्थान पर,छोटू दूसरे तथा अमन तीसरे स्थान पर विजयी रहें। कक्षा चतुर्थ से नीलेश प्रथम, दीपिका दूसरे व सुहाना तीसरे स्थान पर सफल रहें। कक्षा पंचम से सूरजमुनी प्रथम, अमीषा दूसरे व खुशी तीसरे स्थान पर सफल रहें। कक्षा छह से विक्की प्रथम, सुरेश द्वितीय तथा तीसरे स्थान पर काजल विजयी रहें। कक्षा सप्तम से श्लोक प्रथम, राकेश दूसरे व अनुप तीसरे स्थान पर रहें। कक्षा अष्टम से हिमानी प्रथम, दूसरे स्थान पर आरुषी तथा तीसरे स्थान पर प्रियांशु सफल रहें। मौके पर विद्यालय के सभी आचार्य वृन्द उपस्थित थे।

# गुमला में पिकअप वाहन सहित 30 हजार का सखुआ बोटा बरामद

### पिकअप चालक व अवैध लकड़ी तस्कर व व्यापारी घटनास्थल से फरार

**नवीन मेल संवाददाता। गुमला**

जिले के पालकोट थाना क्षेत्र स्थित क्रूसकेला जंगल से एक पिकअप वैन सहित 30 हजार रुपये का अवैध सखुआ लकड़ी का बोटा वन विभाग ने जब्त किया गया है। वहीं पिकअप वाहन चालक और अवैध लकड़ी तस्कर, व्यापारी भागने में सफल रहे। पालकोट वन क्षेत्र के वनपाल कृष्ण कुमार महतो ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि क्रूसकेला जंगल में एक पिकअप वैन में सखुआ लकड़ी का बोटा लोड कर अवैध लकड़ी तस्कर, व्यापारी ले जा रहे हैं। इस पर त्वरित कार्रवाई करते हुए एक छापामारी दल का गठन किया गया, जिसमें उसके अलावा कृष्ण कुमार महतो, तपस कुमार, संदीप कुमार, देवदंत सिंह, जगमोहन कुमार, किस्तों कर्मकार, रिजु साहू आदि शामिल किए गए। छापामारी दल को देखकर पिकअप वाहन चालक और अवैध लकड़ी तस्कर जंगल का फायदा उठाते हुये भागने में सफल रहे। बाद में अवैध सुखवा लकड़ी बोटो लोड उक्त पिकअप वाहन को जब्त कर वन परिसर कार्यालय पालकोट में सुरक्षित रखा गया है। उक्त लकड़ी की कीमत लगभग 30,000 रुपये बताई जा रही है। बाद में पिकअप वैन चालक तथा उक्त पिकअप वैन मालिक और लकड़ी तस्कर व्यापारियों के विरुद्ध वन विभाग ने विभागीय कार्रवाई प्रारंभ कर दी है।

# अवैध बालू लदे एक ट्रक को भंडरा पुलिस ने किया जब्त

**नवीन मेल संवाददाता। भंडरा**

अवैध बालू तस्करों के खिलाफ भंडरा पुलिस ने कार्रवाई करते हुए अवैध बालू लदे एक हाईवा को जब्त किया है। बताया जाता है कि शुक्रवार की भंडरा थाना प्रभारी गौतम कुमार को गुप्त सूचना मिली थी कि लोहरदगा बेड़ो मुख्य मार्ग के नंदनी पुल के पास अवैध बालू तस्करों द्वारा हाईवा पर अवैध बालू लादकर उसे दूसरे जिले को भेजा जा रहा है। हालांकि पुलिस को देखते ही चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया। पुलिस चालक एवं वाहन के मालिक सलीम अंसारी ग्राम रहमतनगर सिसई थाना सिसई जिला गुमला के खिलाफ अवैध उत्खनन का मामला दर्ज कर मामले की छानबीन में जुट गई है।



# इंडिया गठबंधन ने किया धरना-प्रदर्शन

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

समाहरणालय मैदान के समक्ष केंद्र सरकार के विरोध में महागठबंधन के द्वारा एकदिवसीय धरना प्रदर्शन का आयोजन किया गया।

इसमें मुख्य रूप से इंडिया महागठबंधन घटक दल के सभी पार्टी उपस्थित हुए। मौके पर लोकसभा प्रभारी सुखदेव भगत ने कहा कि भारत सरकार 146 सदन का सांसदों का निष्कासन कर संविधान के साथ खिलवाड़ करने का कार्य किया गया है। जिला अध्यक्ष सुखेर भगत ने कहा कि अभी देश में आघोषित इमरजेंसी लागू है जो भी लोग अडानी-अंबानी के खिलाफ आवाज बुलंद करते में हैं केंद्र सरकार के द्वारा उनकी आवाज को कुचलने का कार्य किया जा रहा है। झामुमो जिला अध्यक्ष मुजम्मिल अहमद ने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार अंग्रेजो वाली शासन चला रही है। अब वक्त आ गया है कि केंद्र सरकार को उखाड़ फेंकने का काम करे। महेश सांवरिया ने कहा कि मोदी सरकार अंग्रेजों के नक्शे कदम पर चल रही है। उसे सत्ता से बाहर करने की आवश्यकता है। कार्यकारी जिला अध्यक्ष शकील अहमद ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी हिंदू मुस्लिम मंदिर मस्जिद में लड़ाकर राज करना चाहती है जो यह देश हित के लिए खतरा है। बिहारी वर्मा ने कहा कि महा गठबंधन ही एकमात्र विकल्प है। मौके पर रीना भगत, मोहन दुबे, अनिल उरांव, शंभू प्रजापति, मुजम्मिल अंसारी, विनय उराव, राधा तिर्की, तनवीर गौहर, संजू तुरी, वारिश अंसारी, अफरोज आलम, संतोष उरांव उपस्थित थे।



### कुडू व पेशरार में लगाए गए सरकार आपके द्वार शिविर

**लोहरदगा।** आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन शुक्रवार को पेशरार प्रखंड मुख्यालय परिसर, सदर प्रखंड के हरमू पंचायत, कुडू प्रखंड के सुंदरू पंचायत में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन योजना अंतर्गत सिंचाई कूप, म्युटेशन अंतर्गत नामांतरण पत्र, धोती/लुंगी-साड़ी वितरण योजना अंतर्गत धोती, लुंगी व साड़ी, मृत्यु प्रमाण-पत्र समेत अन्य वितरण का कार्य किया गया। पेशरार पंचायत में सांस्कृतिक कला मंच के कलाकारों ने दल नायक घनश्याम महतो के नेतृत्व में गीत-संगीत व नुक्कड़-नाटक के माध्यम से लोगों को सरकार के महत्वाकांक्षी योजनाओं की जानकारी दी। जनजागरूकता के कार्यक्रम प्रस्तुत किये।

**JHRKHAND STATE BEVERAGES CORPORATION LTD. RANCHI**
(A GOVT. OF JHARKHAND UNDERTAKING)
Corporate Identification No :-U51228JH2010SGC014519, TIN No – 20520108277
E-mail :- jsbcl.jharkhand@gmail.com Utpad Bhawan, Ground Floor, Near New Police Station, Kanke Road, Ranchi - 834008

Letter No :-2213 **Corrigendum** Date-22.12.2023

E- Tenders are invited for empanelment of placement agency for supply of manpower for retail vending shops of JSBCL in the designated Zone :-03 (Ramgarh & Bokaro) and Zone :-06 (Palamu, Garhwa & Latehar) within the state of Jharkhand through e-tender process vide E Tender Notice No :- JSBCL/16, Dated :- 13.12.2023, PR No.-313341 have been ammended as follows.

Important dates

| | | Previous | | Amended | |
|---|---|---|---|---|---|
| S.N. | Particulars | Date | Time | Date | Time |
| | Online opening of Technical Bid. | 18/01/2024 | 04:00 P.M. | 08/01/2024 | 04:00 P.M. |

Note :-
1) For details of tender terms & conditions please visit website https://jharkhandtenders.gov.in & http://jsbcl.in from the dates mentioned above.
2) Bidders has to submit their bids online through https://jharkhandtenders.gov.in and physical copy of the same is to be submitted in JSBCL (HQ) at Ranchi.

Sd/-
General Manaer (Operation),
Jharkhand State Beverages Corporation Ltd. Jharkhand, Ranchi

PR 314155 Excise(23-24)D

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लोहरदगा
(rdsd.lohardaga@rediffmail.com)

**ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

ई–निविदा सूचना संख्या– RDD/SD/LOHARDAGA/E-23/2023-24

1. कार्य की विस्तृत विवरणी :–

| क्रम संख्या | कार्य का नाम | परिमाण विपत्र की राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मुल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | लोहरदगा जिला के सेन्हा प्रखण्ड में मन्हे से डांड़ु जाने वाले पथ में फुलझर नदी पर उच्चस्तरीय पुल निर्माण। | 3,96,94,000.00 | 7,93,900.00 | 10,000.00 | 18 माह |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि :– 26.12.2023
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :– दिनांक 26.12.2023 से दिनांक 19.01.2024 को अपराह्न 5:00 बजे तक।
4. ई–निविदा खोलने का स्थान :– कार्यपालक अभियंता, कार्यालय ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लोहरदगा।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– दिनांक 21.01.2024 पूर्वाह्न 11:00 बजे
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लोहरदगा।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दुरभाष संख्या :– 9934523795
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान संवेदक द्वारा जिस बैंक खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर बैंक खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही संवेदक की होगी।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लोहरदगा

PR 314077 Lohardaga (23-24)_D

**पहल**

### कैरो में आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन

# परिसंपत्ति का वितरण, शिशु का अन्नप्राशन

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन कैरो प्रखंड मुख्यालय परिसर में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि के रूप में उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण द्वारा किया गया। कार्यक्रम मे उपायुक्त द्वारा सांकेतिक रूप से 10 लाभुकों के बीच धोती/लुंगी व साड़ी, कंबल वितरण और झारखण्ड राज्य आजीविका संवर्धन सोसाईटी, कैरो के बीच 25 लाख रुपए का बैंक क्रेडिट लिंकेज प्रदान किया गया। कार्यक्रम में एक शिशु का उपायुक्त द्वारा अन्नप्राशन भी कराया गया। उपायुक्त द्वारा विभिन्न विभागों द्वारा लगाये गये स्टॉल का भी निरीक्षण किया गया। इसमें प्राप्त आवेदन, आवेदन की ऑनलाईन इंट्री की स्थिति, आवेदनों का निष्पादन की स्थिति का अवलोकन किया गया। कार्यक्रम में जन प्रतिनिधियों और पदाधिकारियों द्वारा आमजनों को अबुआ आवास योजना, गुरूजी स्टुडेंट क्रेडिट कार्ड योजना, बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन योजना, जाति/ आय/ आवासीय/ दिव्यांगता प्रमाण-पत्र, राजस्व के जुड़े मामले जैसे म्युटेशन, लगान रसीद तथा ऑनलाईन रिकॉर्ड में सुधार करने से संबंधित मामले, आयुष्मान कार्ड, 15वें वित्त, जनजातीय कल्याण, सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना समेत अन्य योजनाओं की जानकारी दी गयी। साथ ही लोगों से सरकार की योजनाओं का लाभ लेने की अपील की गयी। कार्यक्रम में सरकार की सभी योजनाओं से संबंधित स्टॉल लगाये गये। अबुआ आवास योजना, सर्वजन पेंशन योजना, आधार सेवा केंद्र, कृषि विभाग, स्वास्थ्य विभाग, राजस्व विभाग, बिजली विभाग, नागरिक सहायता केंद्र, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, कल्याण विभाग, सोना सोबरन धोती साड़ी वितरण योजना, मुख्यमंत्री पशुधन योजना, सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के स्टॉल में ग्रामीणों द्वारा योजनाओं की जानकारी ली गई एवं अहतार्धारियों द्वारा विभिन्न योजनाओं का लाभ लेने हेतु आवेदन समर्पित किया गया। बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन योजना अंतर्गत सिंचाई कूप, म्युटेशन अंतर्गत नामांतरण पत्र, धोती/लुंगी-साड़ी वितरण योजना अंतर्गत धोती, लुंगी व साड़ी, मृत्यु प्रमाण-पत्र आदि का वितरण किया गया। कार्यक्रम प्रखंड विकास पदाधिकारी पवन कुमार महतो, जिला परिषद सदस्य कैरो सुखदेव उरांव आदि उपस्थित थे।



# केरल में कोरोना के 265 नए मामले, एक की मौत

**एजेंसी। तिरुवनंतपुरम**

केरल में पिछले 24 घंटे में कोरोना वायरस संक्रमण के 265 नए मामले सामने आये। वहीं, एक मरीज की संक्रमण से मौत हो गई। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। मंत्रालय की वेबसाइट के मुताबिक, शुक्रवार सुबह आठ बजे तक देश भर में कोविड-19 के कुल 328 मामले सामने आए जिनमें से 265 मामले केरल से हैं।मंत्रालय के मुताबिक राज्य में उपचाराधीन मरीजों की संख्या बढ़कर 2,606 हो गई है। केरल में गत 24 घंटे के दौरान कोविड-19 से एक मरीज की मौत हुई। इसी के साथ बीते तीन वर्षों में कोरोना वायरस संक्रमण से राज्य में मरने वालों की संख्या बढ़कर 72,060 हो गई। स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक गत 24 घंटे के दौरान 275 मरीज संक्रमण मुक्त हुए या राज्य से बाहर चले गए। अब तक कुल 68,37,689 मरीज संक्रमण मुक्त हो चुके हैं।

# अदालत ने खालिद सैफी की याचिका हुई खारिज

**एजेंसी। नई दिल्ली**

दिल्ली की एक अदालत ने यूनाइटेड अगेंस्ट हेट के संस्थापक खालिद सैफी की एक याचिका बृहस्पतिवार को खारिज कर दी, जिसमें उसने अपने मोबाइल फोन नंबर के इस्तेमाल की अनुमति मांगी थी। वर्ष 2020 में उत्तर पूर्वी दिल्ली में हुए दंगों की कथित साजिश में सैफी की भूमिका की जांच के दौरान उसका फोन जब्त कर लिया गया था।अदालत ने कहा कि मोबाइल फोन या सिम कार्ड जारी नहीं किया जा सकता क्योंकि उनमें ह्लमामले से संबंधित जानकारीह्व है।

## एक नजर

### आप के साथ गठबंधन कर चुनाव से अच्छा घर बैठना पसंद करेंगे :पंजाब कांग्रेस

**लुधियाना।** जगराओं की दाना मंडी में राज्य में बिगड़ती कानून व्यवस्था के लिए आप सरकार के खिलाफ विरोध रैली के दौरान पंजाब कांग्रेस के वरिष्ठ नेतृत्व ने घोषणा की कि अगले लोकसभा चुनावों के लिए इंडिया ब्लॉक के तहत आप के साथ कोई भी गठबंधन उन्हें अस्वीकार्य है। हजारों कांग्रेस कार्यकताओं की मौजूदगी वाली रैली में यह घोषणा करने वाले नेताओं में विधायक परगट सिंह, पीपीसीसी के कार्यकारी अध्यक्ष और पूर्व मंत्री भारत भूषण आशु और विपक्ष के नेता प्रताप सिंह बाजवा शामिल थे।पंजाब कांग्रेस के अध्यक्ष अमरिंदर सिंह राजा वारिंग ने कहा कि उन्हें पंजाब में आप के साथ किसी भी तरह की बातचीत करने के लिए कांग्रेस आलाकमान की ओर से कोई आदेश नहीं दिया गया है, लेकिन अगर ऐसा कुछ हुआ तो वह 'लड़ाई लड़ेंगे'। वारिंग ने यह भी कहा कि वह पंजाब कांग्रेस नेतृत्व और जमीनी स्तर के कार्यकताओं की भावनाओं को दिल्ली तक पहुंचाएंगे। पीपीसीसी के पूर्व अध्यक्ष और पार्टी के वरिष्ठ नेता नवजोत सिंह सिद्धू साझा मंच से गायब थे, जिन्होंने पहले गठबंधन के पक्ष में बात की थी। आशु ने कहा कि वह आत्महत्या करने (ऐसे गठबंधन का हिस्सा बनने) के बजाय लोकसभा चुनाव के दौरान घर पर बैठना पसंद करेंगे जबकि बाजवा ने घोषणा की एह रिश्ता सानू मंजूर नहीं (यह रिश्ता हमें स्वीकार्य नहीं है)। आशु ने मंच से बाजवा और वारिंग से पूछा, "अगर यह गठबंधन हुआ तो आप किस मुंह से कार्यकताओं से मिलेंगे।

### आप नेता संजय सिंह को नहीं मिली जमानत

**दिल्ली।** दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने शुक्रवार को आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह की दिल्ली शराब उत्पाद शुल्क नीति 2021-22 से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में जमानत याचिका खारिज कर दी।



विशेष न्यायाधीश एम के नागपाल ने राज्यसभा सांसद सिंह की जमानत याचिका खारिज कर दी। इससे पहले गुरुवार को अदालत ने सिंह की जमानत अर्जी पर फैसला 22 दिसंबर के लिए तय करते हुए कार्यवाही स्थगित कर दी थी। दलीलों के दौरान, सिंह के वकील ने कथित रिश्वत के संबंध में, विशेष रूप से आरोपी से सरकारी गवाह बने दिनेश अरोड़ा और अन्य गवाहों के बयानों में विरोधाभास की ओर इशारा किया।प्रवर्तन निदेशालय ने सिंह के आवेदन का विरोध किया और दावा किया कि अगर उन्हें जमानत पर रिहा किया गया तो इसमें संभावित हस्तक्षेप हो सकता है। 4 अक्टूबर को गिरफ्तार किए गए आप सांसद सिंह ने 2021-2022 की रद्द की गई आबकारी नीति में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका के ईडी के दावे का खंडन किया, उन्होंने आरोप लगाया कि इसने वित्तीय लाभ के लिए विशिष्ट शराब संस्थाओं को लाभ पहुंचाया। वह किसी भी गलत काम से इनकार करते हैं।दिल्ली शराब घोटाला, या उत्पाद शुल्क नीति मामला, इन आरोपों के इर्द-गिर्द घूमता है कि अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व वाली दिल्ली सरकार की 2021-22 की उत्पाद शुल्क नीति ने गुटबंदी को बढ़ावा दिया, जिससे विशिष्ट डीलरों को फायदा हुआ, जिन्होंने कथित तौर पर रिश्वत दी थी। पिछले साल, ईडी ने मामले में अपना पहला आरोप पत्र दायर किया था, जिसमें 200 से अधिक खोज अभियानों का खुलासा किया गया था। मुख्य सचिव की जुलाई की रिपोर्ट पर कार्रवाई करते हुए दिल्ली के उपराज्यपाल द्वारा अनुशंसित सीबीआई मामले के आधार पर एफआईआर शुरू की गई थी।

### मानव तस्करी मामले में एनआईए ने एक भगोड़े को किया गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने मानव तस्करी से जुड़े एक मामले में 11 वें आरोपित सऊदी जाकिर को गुरूवार को गिरफ्तार कर लिया। एनआईए ने सऊदी जाकिर कोच्चि (केरल) में उसके ठिकाने से पकड़ा है। एनआईए के मुताबिक पिछली दिनों देशव्यापी छापेमारी के दौरान वह भाग निकला था। इसके बाद उसे भगोड़ा घोषित कर दिया गया था। मानव तस्करी मामले में दस लोगों को पहले ही एनआईए गिरफ्तार कर चुकी है। एनआईए ने मानव तस्करी के आरोप में 7 नवंबर 2023 का मामला दर्ज किया था। एनआईए की जांच रिपोर्ट के मुताबिक सऊदी जाकिर ने भारत-बंग्लादेश सीमा पर बेनापोली के रास्ते भारत में अवैध रूप से प्रवेश किया। इसके बाद बेंगलुरू के बेलांदुर क्षेत्र में कचड़ा निपटाने का काम शुरू कर दिया। इस कार्य के लिए इसने एक यूनिट लगाया और काम पर अवैध रूप से रह रहे विदेशी नागरिकों (बांग्लादेशियों) को रखने लगा। भारत-बंग्लादेश सीमा के रास्ते देश के अंदर अवैध तरीके से दाखिल कराने के लिए फर्जी आधार कार्ड उपलब्ध भी कराने लगा। पिछली रेड में इसके 10 साथियों को गिरफ्तार किया गया था, पर यह भाग निकला था।

### पश्चिम बंगाल सरकार के कर्मचारियों का महंगाई भत्ता चार फीसदी बढ़ा

पश्चिम बंगाल। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने नये साल के पहले दिन से अपने सभी कर्मचारियों के महंगाई भत्ता (डीए) में चार प्रतिशत की वृद्धि करेगी।विपक्ष ने इस फैसले को अगले साल होने वाले लोकसभा चुनाव से पहले लॉलीपॉप करार दिया है। बनर्जी ने शहर के पार्क स्ट्रीट इलाके में कोलकाता क्रिसमस कार्निवल 2023 के उद्घाटन के अवसर पर यह घोषणा की।



बनर्जी ने कहा, मैं घोषणा करती हूं कि राज्य सरकार के सभी 14 लाख कर्मचारियों, सभी स्कूलों, कॉलेजों तथा विश्वविद्यालयों के शिक्षण और गैर-शिक्षण कर्मचारियों, सभी सरकारी उपक्रमों के कर्मियों और पेंशनभोगियों को एक जनवरी, 2024 से चार प्रतिशत डीए की एक और किस्त मिलेगी। बनर्जी ने कहा कि डीए बढ़ोतरी के लिए उनकी सरकार को 2,400 करोड़ रुपये का अतिरिक्त खर्च वहन करना होगा।

### चाइल्ड स्पेशलिस्ट से 20 करोड़ की मांगी रंगदारी

**पटना।** बिहार में गोलीबारी-मर्डर के बीच अपहरण-रंगदारी के मामले तेजी से बढ़ते नजर आ रहे हैं। हर दिन अपरहण की खबर सामने आ रही है। इस बीच बेगूसराय पुलिस अधीक्षक के पास शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. रूपेश कुमार जब रंगदारी मांगे जाने की चिट्ठी दिखाकर जान बचाने की गुहार लगाने पहुंचे तो पुलिस भी चौंक गई। कुछ लाख नहीं, पूरे 20 करोड़ की रंगदारी मांगी गई है। नहीं देने पर क्लिनिक उड़ा देने की धमकी दी गई है। मामला नगर थाना क्षेत्र के विशनपुर का है, जहां डॉक्टर रुपेश कुमार का क्लीनिक है।डॉक्टर रुपेश कुमार का कहना है कि उन्हें गुरुवार की शाम को ही एक पत्र मिला था, जिसमें 20 करोड़ रुपए रंगबाजी टैक्स की मांग की गई है। साथ ही इसमें कहा गया है कि समय से पैसे नहीं पहुंचाने पर क्लिनिक को बम से उड़ा दिया जाएगा। इसको लेकर पीड़ित डॉक्टर रुपेश कुमार सहित कई चिकित्सकों ने एसपी से न्याय की गुहार लगाई है। नगर थाना में लिखित आवेदन दिया है। रंगदारी मांगने वाले शख्स ने स्पीड पोस्ट में अपना पता बलिया थाना क्षेत्र के जगदीशपुर निवासी बम बम कुमार के रूप में बताई है। रंगदारी की मांग वाले पत्र में उसने अपने गैंग के होने की बात कही है, जिसमें उसे गैंग के द्वारा अपराध करने का पूरा चर्चा किया है। साथ ही साथ डॉक्टर को धमकी भरे शब्द भी लिखे गए हैं, जिसमें समय से रुपये नहीं देने पर अंजाम भुगतने की चेतावनी दी है। डॉ रूपेश कुमार ने बताया कि पत्र पढ़कर पुलिस में कंप्लेंन की गई है। डर लगने की बात पूछने पर उन्होंने कहा कि डर तो लगता है पर डर का सामना करेंगे।

## कार्यालय, उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी, पलामू।

दूरभाष (मो0) सं0– (जिला भू–अर्जन शाखा) Email {dlaopalamau@gmail.com}

**KHATIAN AND VALUATION STATEMENT**

(3G Award के तहत घोषित)

**Name of Project :- भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या–75 (Section-II)**

(कि0मी0 97.515 (उदयपुरा) से कि0मी0 147.540 (भोगू) तक 4 लेन पथ निर्माण)

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकार (NHAI-75) खण्ड–2 कि0मी0 97.515 (उदयपुरा) से कि0मी0 147.540 (भोगू) तक 4 लेन पथ निर्माण हेतु अधिनियम की धारा–3G के तहत घोषित निम्न विवरणी के अनुसार भूमि अर्जन की जा रही है। तदनुसार उक्त विवरणी के आलोक में संबंधित रैयत साक्ष्य के साथ अपना आपत्ति एक सप्ताह के भीतर जिला भू–अर्जन कार्यालय, पलामू में दर्ज करना सुनिश्चित करें। उक्त अवधि के पश्चात् प्राप्त आपत्ति पर जिला भू–अर्जन कार्यालय विचार करने हेतु बाध्य नहीं होगा।

**एन0एच0ए0आई0–75 अन्तर्गत मौजा:– खामडीह, थाना:– सतबरवा, थाना नं0:– 240**

**पत्रांक– 844(C)/भू0अ0, दिनांक– 18.12.2023**

| क्र0सं0 | ग्राम का नाम | खाता | प्लॉट | भूमि का प्रकार | भूमि का किस्म | अर्जित भूमि एकड़ में | क्रमांक एवार्ड | एवार्डधारी का नाम पिता के साथ | अभियुक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 1 | खामडीह | 111 | 55/P | रैयती | टांड़–2 | 0.1200 | 1 | अमारिक चौधरी, पिता किसुन चौधरी | दखल कमेश चौधरी, पिता स्व0 अमारिक चौधरी, मंजु देवी, पति स्व0 उमेश चौधरी मकान–1 |
| 2 | | 94 | 49/P | रैयती | टांड़–2 | 0.0296 | 2 | अमृत नोनिया, पिता अयोध्या नोनिया | दखल विश्वास चौधरी, राजाराम चौधरी, अवधेश चौधरी राजकुमार चौधरी, पिता स्व0 अमृत चौधरी |
| 3 | | 111 | 55/P | रैयती | टांड़–2 | 0.1325 | 3 | अशर्फी देवी, पति जयलाल चौधरी | |
| 4 | | 100 | 127/P | रैयती | टांड़–2 | 0.4865 | 4 | अलियार सिंह, पिता बरत सिंह | दखल सुदेश्वर सिंह पिता अलियार सिंह कमलेश सिंह ओमप्रकाश सिंह पिता स्व0 राजेन्द्र सिंह एवं अन्य मकान–1 |
| | | 100 | 349 | रैयती | टांड़–2 | 0.0672 | | तदैव | दखल सुदेश्वर सिंह, पिता अलियार सिंह एवं अन्य मकान–1 |
| 5 | | 1 | 126 | बकास्त लगान पाने वाला | धान–3 | 0.1094 | 5 | ओकिन्द साव, पिता स्व0 रामप्रसाद साव | विवादित |
| 6 | | 120 | 787/P | रैयती | टांड़–2 | 0.0290 | 6 | अब्दुल रहीम अंसारी, अब्दुश कुदुश अंसारी, समसुदीन अंसारी, नेजामुदीन अंसारी, पिता कुत्तु मियां | मकान–1 |
| 7 | | 119 | 173/P | रैयती | टांड़–3 | 0.4368 | 7 | करीमन नोनिया, पिता रामविशुन नोनिया | दखल बालकुंवर चौधरी वो दलबीर चौधरी, पिता स्व0 करिमन चौधरी एवं अन्य मकान–1 चापाकल–1 |
| 8 | | 114 | 172/P | रैयती | धान–3 | 0.1188 | 8 | श्रीमती कुमर देवी, पति मानिकचन्द साव | |
| 9 | | 48 | 157/P | रैयती | टांड़–2 | 0.0675 | 9 | 1. दुरूप साव, पिता शिवशरण साव | दखल केदार साव वो श्याम साव, पिता दुरूप साव एवं अन्य |
| | | 48 | 157/P | रैयती | टांड़–2 | | | 2. केदार साव, पिता स्व0 दुरूप साव | मकान–1 |
| 10 | | 39 | 344/P | रैयती | धान–3 | 0.1170 | 10 | खिरोध महतो वो लगु महतो, पिता स्व0 कलटु महतो | दखल रामप्रवेश यादव, पिता रामतकदीर यादव, पिता स्व0 खिरोध महतो एवं अन्य |
| | | 39 | 344/P | रैयती | धान–3 | 0.0700 | | तदैव | विवादित |
| 11 | | 35 | 85/P | रैयती | टांड़–2 | 0.0200 | 11 | गोरखनाथ चौधरी, पिता रामकिशुन चौधरी | मकान–1 |
| | | 69 | 94/P | रैयती | टांड़–2 | 0.0075 | | तदैव | |
| | | 70 | 93/P | रैयती | टांड़–2 | 0.0090 | | तदैव | |
| 12 | | 92 | 52/P | रैयती | टांड़–2 | 0.1230 | 12 | 1. गोरखनाथ चौधरी, पिता रामबेलास चौधरी, पिता मुनेश्वर चौधरी | दखल गोरखनाथ चौधरी रामबेलास चौधरी पिता मुनेश्वर चौधरी उशा कुंवर पति स्व0 कृष्णा चौधरी (विवादित है, टाइटल सूट चल रहा है।) |
| | | 92 | 52/P | रैयती | टांड़–2 | | | 2. अज्ञात | दखल सुबवनी कुंवर पति स्व0 विजयकान्त चौधरी सुर्यनाथ चौधरी विश्वनाथ चौधरी वैजनाथ चौधरी अक्षवर चौधरी पिता स्व0 राजेश्वर चौधरी (विवादित है।) |
| 13 | | 49 | 348 | रैयती | धान–2 | 0.0978 | 13 | जटहा साव वो नन्हक साव, पिता श्रीचन्द साव | दखल राजकुमार प्रसाद वो अरविन्द कुमार पिता स्व0 रामप्यारी साव वो रामबिलास साव पिता नन्हक साव मकान–2 चापाकल–3 |
| | | 49 | 347 | रैयती | धान–3 | 0.1900 | | तदैव | दखल राजकुमार प्रसाद वो अरविन्द कुमार पिता स्व0 रामप्यारी साव वो रामबिलास साव पिता नन्हक साव खतियानी रकबा– 0.1900 ए0 मकान अंश भाग |
| | | 49 | 160 | रैयती | टांड़–3 | 0.2001 | | तदैव | दखल राजकुमार प्रसाद वो अरविन्द कुमार पिता स्व0 रामप्यारी साव वो रामबिलास साव पिता नन्हक साव दुलारी देवी पति स्व0 विरेन्द्र साव अन्य |
| 14 | | 57 | 346/P | रैयती | टांड़–3 | 0.2644 | 14 | 1. जटहा साव वगैरह, पिता श्रीचन्द साव | दखल अशोक साव पिता फौजदारी साव रामबिलास साव पिता नन्हक साव राजकुमार प्रसाद वो अरविन्द कुमार पिता स्व0 रामप्यारी साव एवं अन्य |
| | | 57 | 346/P | रैयती | टांड़–3 | | | 2. देवनाथ साव, पिता शिवनन्दन साव वो मसो0 वीणा देवी, पति स्व0 मुनि साव | दखल देवनाथ साव पिता शिवनन्दन साव वो अकलेश साव पिता स्व0 मुनि साव एवं अन्य |
| 15 | | 120 | 787/P | रैयती | टांड़–2 | 0.0328 | 15 | झुलर महतो, पिता बुधन महतो, द्वारिका महतो, बलजोरी महतो वो मदु महतो, पिता किशुन महतो | दखल ईश्वरी महतो वो योगेन्द महतो पिता स्व0 मदु महतो ज्ञानि महतो पिता देवनन्दन महतो एवं अन्य |
| 16 | | 124 | 47 | रैयती | टांड़–3 | 0.0864 | 16 | तपसी नोनिया वो तुलसी नोनिया वो लक्ष्मी नोनिया पिता रामपाल नोनिया | दखल मसुदन चौधरी राजेन्द चौधरी वगैरह सा0 लहलहे एवं अन्य |
| 17 | | 35 | 85/P | रैयती | टांड़–2 | 0.1950 | 17 | द्वारिका चौधरी, पिता किशुन चौधरी | दखल विद्यार्थी चौधरी वो अमरेश चौधरी पिता स्व0 द्वारिक चौधरी |
| 18 | | 73 | 84/P | रैयती | टांड़–2 | 0.1200 | 18 | तदैव | दखल विद्यार्थी चौधरी वो अमरेश चौधरी पिता स्व0 द्वारिका चौधरी एवं अन्य मकान–1 चापाकल–1 |
| | | 98 | 104/P | रैयती | टांड़–2 | 0.1300 | | देवराज चौधरी, पिता बेलास चौधरी | दखल लिलावती देवी पति स्व0 प्रेम चौधरी अवधेश चौधरी प्रभु चौधरी पिता स्व0 देवराज चौधरी मकान–3 चापाकल–3 |
| 19 | | 1 | 121 | बकास्त लगान पाने वाला | टांड़–2 | 0.6021 | 19 | पानपति देवी पति रामजन्म साव वो शिवसुमन साव पिता रामजन्म साव | दखल पंचम कुमार, कंचन कुमार, पिता स्व0 शिवसुमन साव |
| | | 1 | 123 | बकास्त लगान पाने वाला | धान–3 | 0.2411 | | तदैव | तदैव |
| | | 1 | 125 | बकास्त लगान पाने वाला | धान–3 | 0.1428 | | तदैव | तदैव |
| 20 | | 73 | 84/P | रैयती | टांड़–2 | 0.0675 | 20 | प्रमोद चौधरी वो सुरेन्द चौधरी, पिता स्व0 घुरा चौधरी | |
| | | 73 | 53/P | रैयती | टांड़–2 | 0.0466 | | तदैव | |
| | | 73 | 54/P | रैयती | टांड़–2 | 0.0532 | | तदैव | |
| | | 73 | 56/P | रैयती | टांड़–2 | 0.0229 | | तदैव | |
| 21 | | 98 | 104/P | रैयती | टांड़–2 | 0.3000 | 21 | प्रमोद चौधरी वो सुरेन्द चौधरी पिता स्व0 घुरा चौधरी रामजन्म चौधरी जयलाल चौधरी लालटेस चौधरी पिता नन्हक चौधरी | दखल प्रमोद चौधरी वो सुरेन्द चौधरी पिता स्व0 घुरा चौधरी सुरमा देवी पति स्व0 शिवनारायण चौधरी रवि पिता स्व0 रामजन्म चौधरी लालदेश पिता स्व0 नन्हक चौधरी रामबनेश्वर चौधरी पिता स्व0 जयलाल चौधरी आशिष चौधरी वगैरह पिता स्व0 रामजन्म चौधरी मकान–2 चापाकल–2 |
| 22 | | 73 | 102/P | रैयती | टांड़–2 | 0.0855 | 22 | 1. रामजन्म चौधरी जयलाल चौधरी लालटेस चौधरी पिता नन्हक चौधरी | दखल लालकेश चौधरी पिता स्व0 नन्हक चौधरी राम आशिष चौधरी वगैरह पिता स्व0 रामजन्म चौधरी रामबनेश्वर चौधरी पिता जयलाल चौधरी एवं अन्य मकान–1 |
| | | 73 | 102/P | रैयती | टांड़–2 | | | 2. प्रमोद चौधरी वो सुरेन्द चौधरी पिता स्व0 घुरा चौधरी | |
| 23 | | 73 | 335 | रैयती | टांड़–2 | 0.0007 | 23 | रामजन्म चौधरी लालटेस चौधरी पिता नन्हक चौधरी रामबनेश्वर चौधरी पिता जयलाल चौधरी प्रमोद चौधरी वो सुरेन्द चौधरी पिता स्व0 घुरा चौधरी | दखल रामबनेश्वर चौधरी वैगरह पिता जयलाल चौधरी (विवादित) |
| 24 | | 114 | 172/P | रैयती | धान–3 | 0.1312 | 24 | बचनदेव प्रसाद, पिता सरजु साव | |
| 25 | | 108 | 342 | रैयती | टांड़–2 | 0.3300 | 25 | बरत महतो वो सुखारी महतो पिता सोहर महतो | दखल रघुवर यादव, जयश्री यादव पिता स्व0 बरत यादव अंछी कुंवर पति स्व0 यदुवर यादव खतियानी रकबा– 0.3300 ए0 मकान–1 |
| 26 | | 89 | 120 | रैयती | टांड़–2 | 0.0106 | 26 | बिगन महतो, पिता रमनी महतो | दखल मुरारी यादव रामधनी यादव सिघानी यादव पिता बैजनाथ यादव एवं अन्य |
| | | 89 | 131 | रैयती | टांड़–2 | 0.0603 | | तदैव | तदैव |
| 27 | | 98 | 142 | रैयती | टांड़–2 | 0.0763 | 27 | विनोद चौधरी, पिता जोधन चौधरी | दखल शिव चौधरी जय किशोर चौधरी पिता स्व0 बिनोद चौधरी एवं अन्य |
| | | 111 | 175 | रैयती | टांड़–2 | 0.0155 | | तदैव | दखल शिव चौधरी पिता स्व0 बिनोद चौधरी एवं अन्य |
| 28 | | 111 | 55/P | रैयती | टांड़–2 | 0.0225 | 28 | विश्वास चौधरी राजाराम चौधरी अवधेश चौधरी राजकुमार चौधरी पिता अमृत चौधरी | मकान–1 |
| 29 | | 48 | 157/P | रैयती | टांड़–2 | 0.0150 | 29 | मसो0 विसुनीया कुंवर पति स्व0 रामबली नोनिया | |
| 30 | | 66 | 129/P | रैयती | टांड़–2 | 0.0200 | 30 | भगवान साह उर्फ बिरबल साह, पिता रामरेखा साव | |
| 31 | | 10 | 163 | बकास्त लगान पाने वाला | टांड़–2 | 0.0998 | 31 | रामअयोध्या महतो जगदीश महतो वैगरह पिता भोला महतो | दखल मनोज मेहता पिता स्व0 जगदीश महतो बागेश्वर महतो पिता रामअयोध्या महतो विशेश्वर महतो गंगेश्वर महतो बनेश्वर महतो पिता स्व0 सुरेश्वर महतो गणेश महतो अनिल मेहता दिनेश मेहता नरेश मेहता पिता स्व0 जगदीश महतो एवं अन्य |
| | | 10 | 162 | बकास्त लगान पाने वाला | टांड़–2 | 0.1752 | | तदैव | दखल मनोज मेहता पिता स्व0 जगदीश महतो बागेश्वर महतो पिता रामअयोध्या महतो विशेश्वर महतो गंगेश्वर महतो बनेश्वर महतो पिता स्व0 सुरेश्वर महतो गणेश महतो अनिल मेहता दिनेश मेहता नरेश मेहता पिता स्व0 जगदीश महतो |
| 32 | | 2 | 46/P | रैयती | धान–3 | 0.5483 | 32 | 1. रामकेवल चौधरी, पिता मोहर चौधरी | मकान–1 |
| | | 2 | 46/P | रैयती | धान–3 | | | 2. लालमोहन प्रसाद वो प्यारे मोहन प्रसाद वो मनमोहन प्रसाद वो हरिमोहन प्रसाद वो बृजमोहन प्रसाद, पिता गया प्रसाद | दखल सुमेर चौधरी वैगरह पिता स्व0 भुनेश्वर चौधरी (विवादित है।) |
| | | 2 | 46/P | रैयती | धान–3 | | | 3. रिता देवी, पति कन्हाई चौधरी | मकान–1 |
| | | 2 | 46/P | रैयती | धान–3 | | | 4. उपनेती देवी, पति राजेन्द्र राम | |
| 33 | | 94 | 49/P | रैयती | टांड़–2 | 0.0050 | 33 | रामचन्द नोनिया, पिता रूपचन्द नोनिया | दखल सुखराज चौधरी पिता रामचन्द्र चौधरी एवं अन्य |
| | | 94 | 82 | रैयती | टांड़–2 | 0.0037 | | तदैव | दखल सुखराज चौधरी पिता स्व0 रामचन्द्र चौधरी बरफी कुंवर पति स्व0 परिखा चौधरी एवं अन्य |
| 34 | | 73 | 53/P | रैयती | टांड़–2 | 0.0465 | 34 | रामजन्म चौधरी, जयलाल चौधरी, लालटेस चौधरी पिता नन्हक चौधरी | दखल लालकेश चौधरी पिता स्व0 नन्हक चौधरी राम आशिष चौधरी वगैरह पिता स्व0 रामजन्म चौधरी रामबनेश्वर चौधरी पिता जयलाल चौधरी एवं अन्य |
| | | 73 | 54/P | रैयती | टांड़–2 | 0.0533 | | तदैव | तदैव |
| | | 73 | 56/P | रैयती | टांड़–2 | 0.0230 | | तदैव | तदैव |
| | | 73 | 84/P | रैयती | टांड़–2 | 0.2545 | | तदैव | तदैव मकान–3 चापाकल–1 |
| 35 | | 120 | 787/P | रैयती | टांड़–2 | 0.0375 | 35 | रामप्यारी साहु वो रामविलास साहु पिता स्व0 नन्हक साहु | दखल राजकुमार प्रसाद अरविन्द कुमार पिता स्व0 रामप्यारी साव रामविलास साहु पिता स्व0 नन्हक साहु एवं अन्य |
| 36 | | 13 | 340/P | बकास्त लगान पाने वाला | टांड़–2 | 0.0355 | 36 | रेयाज अंसारी, पिता स्व0 गफूर अंसारी | विवादित |
| 37 | | 30 | 341/P | बकास्त लगान पाने वाला | टांड़–2 | 0.0505 | 37 | लईकी साव, पिता स्व0 दुरूप साव | विवादित |
| 38 | | 97 | 95 | रैयती | टांड़–2 | 0.3738 | 38 | लईकी देवी, पति चन्द्रदेव नोनिया | दखल कमलेश चौधरी पिता चन्द्रदेव चौधरी मकान–1 कुआं–1 चापाकल–1 |
| 39 | | 11 | 170/P | बकास्त लगान पाने वाला | टांड़–2 | 0.1567 | 39 | लखपति देवी, पति गोरखनाथ चौधरी | दखल गोरखनाथ चौधरी पिता स्व0 रामविशुन चौधरी मकान–1 चापाकल–1 |
| | | 48 | 157/P | रैयती | टांड़–2 | 0.0075 | | तदैव | दखल हिरालाल चौधरी पिता गोरखनाथ चौधरी मकान–1 |
| 40 | | 1 | 343 | बकास्त लगान पाने वाला | टांड़–2 | 0.3335 | 40 | लालमोहन प्रसाद वो प्यारे मोहन प्रसाद वो मनमोहन प्रसाद वो हरिमोहन प्रसाद वो बृजमोहन प्रसाद पिता गया प्रसाद | दखल उदय सिंह वो नागेन्द सिंह वो धर्मेंद्र सिंह पिता आनन्दी सिंह (विवादित है।) |
| | | 1 | 785 | बकास्त लगान पाने वाला | टांड़–2 | 0.2080 | | तदैव | तदैव |
| | | 1 | 336 | बकास्त लगान पाने वाला | टांड़–3 | 0.0054 | | तदैव | दखल रामबनेश्वर चौधरी वैगरह पिता स्व0 जयलाल चौधरी वैगरह (विवादित है।) |
| | | 9 | 105 | बकास्त लगान पाने वाला | टांड़–2 | 0.6429 | | तदैव | दखल उदय सिंह वो नागेन्द सिंह पिता आनन्दी सिंह (विवादित है।) मकान–1 कुआं–1 |
| | | 69 | 337 | रैयती | टांड़–2 | 0.0069 | | तदैव | दखल लालबाबु चौधरी वैगरह पिता नन्द किशोर चौधरी (विवादित है) |
| | | 69 | 338 | रैयती | टांड़–2 | 0.0212 | | तदैव | तदैव |
| 41 | | 114 | 172/P | रैयती | धान–3 | 0.4800 | 41 | ललू साव मुनेश्वर साव पिता हुसैनी साव वो पहल साव पिता छटु साव | दखल दिलीप साव प्रदीप साव संदीप साव पिता स्व0 कमानी साव रामनाथ साव पिता मुनेश्वर साव हृदयाल साव रामराज साव मनोज साव पिता स्व0 रामलखन साव एवं अन्य मकान–2 |
| 42 | | 48 | 157/P | रैयती | टांड़–2 | 0.0500 | 42 | शालीग्राम चौधरी, पिता कैलास चौधरी | दखल यसंवत चौधरी पिता स्व0 शालीग्राम चौधरी मकान–1 चापाकल–1 |
| 43 | | 102 | 345/P | रैयती | टांड़–2 | 0.0250 | 43 | शबाना प्रवीण, पिता शमसुदीन अंसारी | मकान–1 चापाकल–1 |
| 44 | | 102 | 345/P | रैयती | टांड़–2 | 0.1546 | 44 | शिवसरन साह, पिता अन्हय साह | दखल श्यामसुन्दर साह पिता बुटाई साव सुरेश साह पिता स्व0 लालमोहन साह रमेश साव दशरथ साह प्रमेश्वर साव पिता स्व0 वृक्ष साव एवं अन्य मकान–1 चापाकल–1 |
| 45 | | 98 | 104/P | रैयती | टांड़–2 | 0.0200 | 45 | सरता देवी, पति स्व0 शिवनारायण चौधरी | मकान–1 |
| 46 | | 48 | 157/P | रैयती | टांड़–2 | 0.0100 | 46 | सहेन्द नोनिया, धर्मेन्द नोनिया, पिता स्व0 रामबली नोनिया | मकान–1 |
| 47 | | 102 | 345/P | रैयती | टांड़–2 | 0.0250 | 47 | सुरेन्द प्रसाद यादव वो बिरेन्द प्रसाद यादव उमेश प्रसाद यादव वो रमेश प्रसाद यादव पिता विश्वनाथ यादव | |
| 48 | | 117 | 784 | रैयती | टांड़–2 | 0.0032 | 48 | अज्ञात | दखल सीमा देवी, पति मनोज साव |
| 49 | | 85 | 786 | रैयती | टांड़–2 | 0.2819 | 49 | अज्ञात | दखल सोहर साव, श्रवण साव, सुरेन्द साव, पिता स्व0 चन्द्रिका साव एवं अन्य |
| 50 | | 111 | 55/P | रैयती | टांड़–2 | 0.0422 | 50 | अज्ञात | दखल सुरजीत चौधरी, पिता स्व0 रामलाल चौधरी |
| 51 | | 11 | 170/P | बकास्त लगान पाने वाला | टांड़–2 | 0.2450 | 51 | अज्ञात | दखल बागेश्वर मेहता पिता स्व रामअयोध्या महतो विशेश्वर महतो गंगेश्वर महतो बनेश्वर महतो पिता स्व0 सुरेश्वर महतो |
| 52 | | 30 | 341/P | बकास्त लगान पाने वाला | टांड़–2 | 0.0095 | 52 | अज्ञात | विवादित |
| 53 | | 35 | 85/P | रैयती | टांड़–2 | 0.0074 | 53 | अज्ञात | दखल विद्यार्थी चौधरी वो अमरेश चौधरी, पिता स्व0 द्वारिका चौधरी |
| 54 | | 48 | 157/P | रैयती | टांड़–2 | 0.0275 | 54 | अज्ञात | दखल नागेन्द चौधरी पिता बिन्देश्वरी चौधरी मकान–1 |
| 55 | | 48 | 157/P | रैयती | टांड़–2 | 0.0100 | 55 | अज्ञात | दखल जिवन चौधरी पिता बिन्देश्वरी चौधरी |
| 56 | | 48 | 157/P | रैयती | टांड़–2 | 0.0260 | 56 | अज्ञात | दखल गंगा चौधरी पिता स्व0 स्वारथ चौधरी मकान–1 |
| 57 | | 48 | 157/P | रैयती | टांड़–2 | 0.0250 | 57 | अज्ञात | दखल धिरेन्द्र चौधरी पिता स्व0 ब्रहमान्नद चौधरी प्रदीप चौधरी अजय चौधरी पिता स्व0 केशा चौधरी मकान–3 |
| 58 | | 48 | 157/P | रैयती | टांड़–2 | 0.0200 | 58 | अज्ञात | दखल राजदेव चौधरी पिता स्व0 उदीत नाथ चौधरी मकान–1 |
| 59 | | 51 | 134/P | रैयती | टांड़–2 | 0.0080 | 59 | अज्ञात | दखल श्यामसुन्दर साव पिता स्व0 बुटाइ साव |
| 60 | | 51 | 134/P | रैयती | टांड़–2 | 0.0431 | 60 | अज्ञात | दखल रमेश साव वो मुखन साव वो प्रमेशर साव पिता स्व0 वृत साव मकान–3 |
| 61 | | 66 | 129/P | रैयती | टांड़–2 | 0.0222 | 61 | अज्ञात | दखल रामकिसुन साव वो बिसुनी साव वो मुनेश्वर साव पिता स्व0 दादु साव मदन साव वो किशोर साह पिता स्व0 नन्दु साव वो ऋषिकेश साव पिता गोबिन्द साव एवं अन्य |
| 62 | | 69 | 94/P | रैयती | टांड़–2 | 0.0224 | 62 | अज्ञात | |
| 63 | | 70 | 93/P | रैयती | टांड़–2 | 0.0137 | 63 | अज्ञात | दखल चन्दन चौधरी अशोक चौधरी घोष चौधरी अनिरूध चौधरी पिता दिनानाथ चौधरी |
| 64 | | 116 | 789 | रैयती | टांड़–2 | 0.1060 | 64 | अज्ञात | दखल रेयाज अंसारी पिता स्व0 गफूर अंसारी |
| | | | | | कुल :– | 10.2705 | | | |

कानूनगो, जिला भू–अर्जन कार्यालय, पलामू। | जिला भू–अर्जन पदाधिकारी पलामू। | अपर समाहर्त्ता पलामू। | उपायुक्त पलामू।

PR 314071 Palamu(23-24)D

राष्ट्रीय नवीन मेल
डालटनगंज (मेदिनीनगर)
शनिवार, 23 दिसम्बर, 2023



**असफल लोगों के पास बैठा करो उनके पास अहंकार नहीं अनुभव मिलेगा : अज्ञात**



# फिर कोरोना रिर्टन

*फिर* कोरोना रिटर्न हो रहा है। यह संदेश नहीं सच्चाई है। केरल में कोरोना के मामलों में तेजी आने की सूचना पर सबके हाथ पांव फूलने लगे हैं। आकड़े की बात करें तो केरल में कोरोना के नये मामले अचानक से तेजी से बढ़ने लगे हैं। केरल में पिछले 24 घंटे में 292 नये सक्रिय मामले सामने आना खतरे की घंटी है। जबकि सक्रिय मामलों की संख्या 2041 बतायी जा रही है। वहीं देश में कोरोना के 341 नये मामले सामने आये हैं। जिसमें दिल्ली और गुजरात में तीन-तीन, महाराष्ट्र में 11, तमिलनाडु में 13, तेलंगाना में 4, कर्नाटक में 9 मामले दर्ज किये गये हैं। झारखंड के जमशेदपुर में भी दो मरीजों की पुष्टि हो चुकी है। यही कारण है कि राज्य सरकार ने सभी जिलों को अलर्ट रहने का निर्देश दिया है। कोरोना से निबटने के लिए राज्य में ऑक्सीजन और पीएसए प्लांट को ठीक रखना जरूरी है। ऑक्सीजन बेड,आईसीयू बेड,मानव संसाधन उपकरण,टेस्टिंग किट,पीपीई,दवा की समुचित व्यवस्था आवश्यक है। निर्देश मिलने के बाद राज्य के पलामू में इसका असर देखने को मिला। एमएमसीएच में मॉकड्रिल अभ्यास किया गया। आपदा प्रबंधन,जिला प्रशासन की संयुक्त टीम ने आपदा के दौरान लोगों को रेस्क्यू कर बचाने की प्रक्रिया का अभ्यास किया गया। बहरहाल पिछली बार ठंड के मौसम से ही कोरोना ने पांव पसारना शुरू किया था। ऐसी स्थिति में पिछले अनुभव के आधार पर तैयारी होनी चाहिए। साथ ही उस समय की कमियों पर ध्यान देने की जरूरत है। वैसे झारखंड में स्वास्थ्य विभाग की अच्छी स्थिति नहीं है। जब एंबुलेस में खून की कमी हो तो सहज अंदाजा लगाया जा सकता है कि यहां स्वास्थ्य विभाग की क्या स्थिति है। बावजूद इस लड़ाई को अपने आप से लड़नी है। इस बात को ध्यान में रखते हुए तैयारी की जानी चाहिए। यह चिन्ता की बात है। इसे कतई हल्के में नहीं लिया जाना चाहिए। वैसे ऐसे आपदा के समय असामाजिक तत्वों की दखलअंदाजी से भी इनकार नहीं किया जा सकता। अभी राज्य के अधिकांश जगहों पर प्राइवेट हॉस्पिटलों की बाढ़ आयी है। जहां कुशल डाक्टरों की भारी कमी है। बीमार व्यक्ति इनके ट्रेप में फंस जाता है। जहां उसे अपनी जिन्दगी से हाथ धोना पड़ता है। यह सब खुले में दलालों के माध्यम से सभी जगहों पर हो रहा है। कोरोना काल में वैसे हॉस्पिटल मरीजों के साथ क्या करेगें। यह सभी जानते समझते हैं। हालांकि ऐसी बात भी नहीं है कि सभी प्राइवेट हॉस्पिटल ऐसा करते हैं,लेकिन देखा जाये तो इनकी संख्या ज्यादा है।

**कोरोना से निबटने के लिए राज्य में ऑक्सीजन और पीएसए प्लांट को ठीक रखना जरूरी है। ऑक्सीजन बेड,आईसीयू बेड,मानव संसाधन उपकरण, टेस्टिंग किट, पीपीई, दवा की समुचित व्यवस्था आवश्यक है। निर्देश मिलने के बाद राज्य के पलामू में इसका असर देखने को मिला। एमएमसीएच में मॉकड्रिल अभ्यास किया गया। आपदा प्रबंधन,जिला प्रशासन की संयुक्त टीम ने आपदा के दौरान लोगों को रेस्क्यू कर बचाने की प्रक्रिया का अभ्यास किया गया। बहरहाल पिछली बार ठंड के मौसम से ही कोरोना ने पांव पसारना शुरू किया था।**

# उत्तर प्रदेश: कैसे बना भारत की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था

**इन दिनों**



शिवेश प्रताप सिंह

*योगी* ने कभी बीमारू माने जाने वाले उत्तर प्रदेश को विकास की दौड़ में अग्रणी स्थान पर ला खड़ा किया है। विश्लेषण मंच एसओआईसी के अनुसार सेंसेक्स तथा क्रेडिट लियोनिस सिक्योरिटीज एशिया आधारित रिपोर्ट्स के हिसाब से देश की जीडीपी में हिस्सेदारी के मामले में उत्तर प्रदेश दूसरे स्थान पर आ गया है। यह परिणाम योगी सरकार द्वारा किये जा रहे अहर्निश, ईमानदार एवं अनथक प्रयासों का परिणाम है। देश की कुल जीडीपी में महाराष्ट्र 15.7 प्रतिशत जीडीपी योगदान के साथ पहले पायदान पर है तो वहीं उत्तर प्रदेश 9.2 प्रतिशत जीडीपी के साथ दूसरे स्थान पर है। बीते कुछ समय से तमिलनाडु से कांटे की टक्कर में उत्तर प्रदेश को अब बढ़त मिली है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 2027 तक प्रदेश की अर्थव्यवस्था को वन ट्रिलियन इकोनॉमी बनाने का लक्ष्य रखा है। आइये जानते हैं की योगी का उत्तरप्रदेश कैसे आज से सात साल पहले असंभव से लगने वाले इस लक्ष्य को हासिल कर आगे बढ़ते हुए भारत के जीडीपी योगदान में प्रथम स्थान हासिल करने हेतु निरंतर प्रगतिशील है। किसी भी प्रदेश के लिए ऐसे बड़े लक्ष्य को हासिल करने के लिए मात्र घरेलू बाजार की निर्भरता को खत्म कर अपने निर्यात से पूरी दुनिया में व्यापारिक पैठ बनाने की आवश्यकता होती है। घरेलू बाजारों की मांग एवं क्रय शक्ति सीमित होती है जो एक सीमित राजस्व ही पैदा करने में सक्षम होती है। एक्सपोर्ट के माध्यम से एक विशालकाय बाजार के साथ अच्छे लाभ एवं राजस्व प्राप्ति का रास्ता भी खुलता है। योगी सरकार को निर्यात का महत्व पता है इसलिए सरकार द्वारा जमीनी स्तर पर ऐसी नीतियों एवं योजनाओं का क्रियान्वयन किया जा रहा है जिससे निर्यात प्रोत्साहन को प्रदेश में बढ़ावा मिले योगी सरकार के गंभीर प्रयासों के कारण ही कोविड जैसी महामारी की विपरीत परिस्थितियों का सामना करते हुए भी उत्तर प्रदेश का निर्यात पिछले छह वर्षों में लगभग दोगुना हो गया है। उत्तर प्रदेश के राज्य निर्यात प्रोत्साहन ब्यूरो के डेटा के अनुसार 2016-17 में प्रदेश का निर्यात 84,000 करोड़ रुपये का था जो 2022-23 में बढ़कर दोगुने से अधिक यानी 1,74,000 करोड़ रुपये का हो गया है। वित्त वर्ष 2023-24 में सरकार द्वारा दो लाख करोड़ रुपये के निर्यात का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। यह सूचनाएं सिद्ध करती हैं कि कभी बीमारू राज्य का टैग लेकर घूमने वाला उत्तर प्रदेश योगी सरकार की क्रांतिकारी नीतियों के कारण भारत का नया एक्सपोर्ट हब बनने जा रहा है। उत्तर प्रदेश का 60 प्रतिशत निर्यात दुनिया के 10 देशों वियतनाम, नीदरलैंड, फ्रांस, चीन, मिश्र, अमेरिका, संयुक्त अरब अमीरात, नेपाल, यूनाइटेड किंगडम तथा जर्मनी को होता है। 2022-23 में सबसे अधिक निर्यात 32,800 करोड़ अमेरिका को, 14,300 करोड़ संयुक्त अरब अमीरात को तथा लगभग दस-दस हजार करोड़ जर्मनी एवं यूनाइटेड किंगडम को हुआ। उत्तर प्रदेश से वर्तमान में सबसे अधिक निर्यात की जाने वाली वस्तुओं में इलेक्ट्रिकल एवं इलेक्ट्रॉनिक वस्तुएं, दूरसंचार उपकरण, कॉटन, कृत्रिम फाइबर आदि के साथ गेहूं, चावल, कालीन एवं हस्तशिल्प भी महत्वपूर्ण निर्यात सामग्री है। परंतु चौंकाने वाली बात यह है कि इलेक्ट्रिकल एवं इलेक्ट्रॉनिक वस्तुएं उत्तर प्रदेश के संपूर्ण निर्यात का 18.9 प्रतिशत है। इसके बाद कपड़ा उद्योग 9.5 प्रतिशत का योगदान करता है। केंद्र की मोदी सरकार ने राज्यों के निर्यात को प्रोत्साहित करने के लिए देश भर के कुछ महत्वपूर्ण शहरों को सेंटर ऑफ एक्सपोर्ट एक्सीलेंस घोषित किया है जिससे कि निर्यात को एक समेकित विकास में सम्मिलित किया जा सके। एक्सपोर्ट एक्सीलेंस वाले शहरों में ऐसे शहरों को चयनित किया जाता है जिसकी उत्पादन सीमा 750 करोड रुपये से अधिक की हो और निर्यात क्षमता भविष्योन्मुख हो।




**देश की कुल जीडीपी में महाराष्ट्र 15.7 प्रतिशत जीडीपी योगदान के साथ पहले पायदान पर है तो वहीं उत्तर प्रदेश 9.2 प्रतिशत जीडीपी के साथ दूसरे स्थान पर है। बीते कुछ समय से तमिलनाडु से कांटे की टक्कर में उत्तर प्रदेश को अब बढ़त मिली है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 2027 तक प्रदेश की अर्थव्यवस्था को वन ट्रिलियन इकोनॉमी बनाने का लक्ष्य रखा है। आइये जानते हैं की योगी का उत्तरप्रदेश कैसे आज से सात साल पहले असंभव से लगने वाले इस लक्ष्य को हासिल कर आगे बढ़ते हुए भारत के जीडीपी योगदान में प्रथम स्थान हासिल करने हेतु निरंतर प्रगतिशील है। किसी भी प्रदेश के लिए ऐसे बड़े लक्ष्य को हासिल करने के लिए मात्र घरेलू बाजार की निर्भरता को खत्म कर अपने निर्यात से पूरी दुनिया में व्यापारिक पैठ बनाने की आवश्यकता होती है। योगी सरकार को निर्यात का महत्व पता है इसलिए सरकार द्वारा जमीनी स्तर पर ऐसी नीतियों एवं योजनाओं का क्रियान्वयन किया जा रहा है जिससे निर्यात प्रोत्साहन को प्रदेश में बढ़ावा मिले योगी सरकार के गंभीर प्रयासों के कारण ही कोविड जैसी महामारी की विपरीत परिस्थितियों का सामना करते हुए भी उत्तर प्रदेश का निर्यात पिछले छह वर्षों में लगभग दोगुना हो गया है। उत्तर प्रदेश के राज्य निर्यात प्रोत्साहन ब्यूरो के डेटा के अनुसार 2016-17 में प्रदेश का निर्यात 84,000 करोड़ रुपये का था जो 2022-23 में बढ़कर दोगुने से अधिक यानी 1,74,000 करोड़ रुपये का हो गया है। वित्त वर्ष 2023-24 में सरकार द्वारा दो लाख करोड़ रुपये के निर्यात का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।**

## आप की बात

### सड़क के अभाव में स्कूल नहीं जाते बच्चे

गढ़वा जिले के धुरकी प्रखंड के खाला गांव के भंवरही टोले में आदिम जनजाति के करीब 25 परिवार रहते हैं। यहां बिजली और पानी की व्यवस्था तो हो गयी है, लेकिन आजादी के बाद से आज तक यहां सड़क नहीं बनायी जा सकी है। इस कारण इस टोले के करीब 25 से 30 नामांकित बच्चे बरसात के तीन महीने स्कूल नहीं जा पाते। इस वजह से बरसात के दिनों में पगडंडी के सहारे आना-जाना पड़ता है। पगडंडी के किनारे बच्चों को झाड़ी के बीच से होकर गुजरना पड़ता है। इस कारण अभिभावक रास्ते में विषैले सांप के डर से बरसात के दिनों में बच्चों को विद्यालय जाने से रोक देते हैं। करीब तीन महीने तक बच्चों की पढ़ाई बाधित हो जाती है। करीब दो साल पहले यहां की समस्याओं का निरीक्षण पूर्व एसडीओ आलोक कुमार ने टोले में आकर किया था। तब बीडीओ व मुखिया को इस टोले पर सड़क निर्माण करने का निर्देश दिया था। इसके बावजूद आज तक इस टोले में सड़क के निर्माण की कोई सुगबुगाहट नहीं है। इस टोले से मध्य विद्यालय की दूरी करीब दो किलोमीटर है। ऐसे में बच्चे पगडंडी के सहारे विद्यालय जाते हैं। इस संबंध में टोले के कई ग्रामीणों ने बताया कि वे लोग बच्चों को बरसात के दिनों में करीब तीन महीने विद्यालय नहीं भेजते हैं, क्योंकि पगडंडी में झाड़ी काफी बढ़ जाती है। उन लोगों को बच्चों के आने-जाने को लेकर चिंता बनी रहती है। बरसात बाद जब झाड़ी कम हो जाती है, तब बच्चे स्कूल जाना शुरू करते हैं। - **अनूप जायसवाल, गढ़वा**

राजनीति

# इंडिया गठबंधन को मिलकर मुकाबला करना होगा



ललित गर्ग

*संसदीय* अवरोध, विपक्षी दलों के 143 सांसदों के निलम्बन एवं उपराष्ट्रपति की मिमिक्री करने की घटनाओं से आक्रामक हुए राजनैतिक माहौल के बीच 28 पार्टियों का इंडिया गठबंधन विपक्षी दलों के साथ चौथी बार फिर से दिल्ली में एक छत के नीचे आया। बैठक का उद्देश्य था कि विपक्षी दलों के बीच सीट शेयरिंग एवं संयोजक के नाम पर सहमति सहित कई मुद्दों पर एक राय कायम करना। लेकिन इंडिया गठबंधन की इस बैठक में दल भले ही आपस में मिले, लेकिन दिल नहीं मिल पाये। लोकतंत्र की मजबूती के लिये सशक्त विपक्ष बहुत जरूरी है, लेकिन विपक्षी दलों की संकीर्ण सोच, सिद्धान्तविहीन राजनीति एवं सत्तालालसा ने विपक्ष की राजनीति को नकारा कर दिया है। सोचा गया था कि इंडिया गठबंधन विपक्ष से जुड़ी लोकतांत्रिक भागीदारी की लौ को फिर से प्रज्वलित कर सकेगा और ऐसी सोच एवं राजनीति प्रणाली का निर्माण करेगा जो वास्तव में लोगों की, लोगों द्वारा और लोगों के लिए हो। लेकिन ऐसा न होना इंडिया गठबंधन की बड़ी असफलता है और आने वाले वर्ष 2024 के लोकसभा में उसकी भूमिका टांय-टांय फिस ही होती हुई नजर आ रही है। क्योंकि चुनाव से पहले ही इंडिया गठबंधन में एकजुटता की बातें हवा हो रही है। आज दुनियाभर में लोकतंत्र विश्वास के संकट का सामना कर रहा है। भारत में विपक्ष की नकारात्मक स्थितियों के कारण यह संकट ज्यादा बड़ा है। इसका कारण है विपक्ष से जुड़े संस्थानों, राजनीतिक हस्तियों और लोकतांत्रिक निर्णयों का आधार बनने वाली प्रणालियों पर धीरे-धीरे कम हो रहा भरोसा। विश्वास का यह संकट तत्काल कार्रवाई की मांग करता है। आज हमें विपक्षी राजनीतिक तंत्र पर मौलिक विचार मंथन के बाद पुनर्मूल्यांकन कर इन्हें पुनर्स्थापित करने की आवश्यकता है ताकि बदलती हुई सामाजिक एवं राष्ट्रीय जरूरतों के साथ सामंजस्य स्थापित किया जा सके और सरकार एवं शासन की प्रक्रिया को और अधिक प्रभावी बनाया जा सकें जिसमें राजनीतिक प्रक्रियाओं का नहीं बल्कि नागरिकों की लोकतांत्रिक आकांक्षाओं का महत्त्व हो।

**लोकतंत्र की मजबूती के लिये सशक्त विपक्ष बहुत जरूरी है, लेकिन विपक्षी दलों की संकीर्ण सोच, सिद्धान्तविहीन राजनीति एवं सत्तालालसा ने विपक्ष की राजनीति को नकारा कर दिया है।**

## फेसबुक वॉल से




## X - से




अपने पत्र हमें इमेल कर सकते हैं-**article.rnmail@gmail.com**

# संसद में फैलाये गये धुएं पर हो रही राजनीति से साजिश की बू



सुरेश हिन्दुस्तानी

*विपक्ष* का रवैया आरोपियों के हौसले बढ़ाने वाला है, वे आरोपियों पर नरम और सरकार पर गर्म हो रहे हैं। हालांकि यह भी सर्वथा सत्य है कि देश की संसद पर इस प्रकार का कृत्य सरकार द्वारा प्रायोजित सुरक्षा पर भी अनेक प्रकार के सवाल स्थापित करता है। लोकतंत्र में सरकार की कार्यप्रणाली से सहमत या असहमत होना एक जायज प्रक्रिया का हिस्सा माना जाता है। रचनात्मक विरोध होना लोकतंत्र को और भी अधिक मजबूत बनाने का कार्य करता है। लेकिन अभी हाल ही में लोकसभा के अंदर जिस प्रकार से कुछ लोगों ने विरोध किया, उसे लेकर कई प्रकार के सवाल भी उठ रहे हैं। तथ्यात्मक बात यह है कि विपक्षी राजनीतिक दलों ने आरोपियों पर कार्यवाही के बजाय सरकार को निशाने पर लिया है। हालांकि यह सच भी है कि सुरक्षा की जिम्मेदारी सरकार की होती है। इसलिए सरकार की ओर से इस मामले जिम्मेदारी वाला व्यवहार किया जाना चाहिए, लेकिन विपक्ष का रवैया भी देश हित का होना चाहिए। क्योंकि नाकामी को लेकर राजनीति करना देश घातक होती है। देश के प्रति जिम्मेदारी सभी की है। यहां सुरक्षा में चूक तो है ही, पर आरोपियों का व्यवहार और तरीका भी पूरी तरह से अनुचित ही था। वर्तमान में देश की सभी समस्याओं के लिए जिम्मेदार ठहराने के लिए केंद्र सरकार को निशाने पर लेना एक आम बात होती जा रही है। इसके लिए राष्ट्रीय एकता और संप्रभुता की मर्यादाओं को भी लांघने का कृत्य भी ज्यादा कदा दिखाई देता है। यह बात सही है कि विविधता वाले भारत देश में कोई एक बात सबको सही लगे, यह हो ही नहीं सकता, लेकिन लोकतंत्र यही कहता है कि उस बात को चाहने वाले अधिक हैं तो बड़ी खुशी के लिए छोटे दुख को तिरोहित कर देना चाहिए। व्यक्तिगत स्वार्थ व्यक्ति को अधिकांशतः गलत मार्ग पर ही ले जाने के लिए प्रेरित करता है। व्यक्तिगत स्वार्थ के वशीभूत होकर उठाया गया कदम कुछ हद तक सांत्वना दी सकता है, लेकिन जिससे अधिकांश समाज को लाभ मिलता है, वह आने वाले समय में हमारे लिए भी सकारात्मक प्रमाणित होता है।

**लोकतंत्र में सरकार की कार्यप्रणाली से सहमत या असहमत होना एक जायज प्रक्रिया का हिस्सा माना जाता है। रचनात्मक विरोध होना लोकतंत्र को और भी अधिक मजबूत बनाने का कार्य करता है।**



बोधि वृक्ष

# ऋषि मार्कण्डेय की कथा


*मनुष्य* पृथ्वी पर जो अन्न बिखेरते हैं (श्राद्ध कर्म करते समय) उससे पिशाच योनि में पड़े पितरों की तृप्ति होती है। स्नान के वस्त्र से जो जल पृथ्वी पर टपकता है, उससे वृक्ष योनि में पड़े हुए पितर तृप्त होते हैं। नहाने पर अपने शरीर से जो जल के कण पृथ्वी पर गिरते हैं उनसे उन पितरों की तृप्ति होती है जो देव भाव को प्राप्त हुए हैं। पिण्डों के उठाने पर जो अन्न के कण पृथ्वी पर गिरते हैं, उनसे पशु-पक्षी की योनि में पड़े हुए पितरों की तृप्ति होती है। **विचार करने योग्य :** क्या वे सच में वहां देवता बने थे जिनकी तृप्ति इस जल से होगी? आगे मंडलसा कहती हैं, 'एक परिवार में, जो बच्चा श्राद्ध के लिए योग्य होने के बाद भी रहित रह जाता है, अर्थात बचपन में मर जाता है और श्राद्ध नहीं कर पाता, तो उसे बिखरे हुए अनाज और बचा हुआ पानी मिलता है। भोजन के बाद ब्राह्मण हाथ-मुंह धोते हैं और पैर धोते हैं, जिससे उस जल से भी कई पूर्वजों को सिद्धि मिलती है। बेटा! श्रेष्ठ विधि से श्राद्ध करने से उन पुरुषों और अन्य पूर्वजों, जिन्होंने अन्य योनियों को प्राप्त किया है, उन्हें भी श्राद्ध से बहुत संतुष्टि मिलती है। अधर्म की कमाई से जो श्राद्ध किये जाते हैं; इससे चांडाल के जीवन रूपों में पितरों की पूर्ति होती है। आइए आगे बढ़ते हुए, श्राद्ध यानी मृत पूर्वजों की पूजा के संबंध में ऋषि रुचि की सच्ची कहानी का अध्ययन करें जो हमारे विश्वास को और अधिक मजबूत करेगी कि हमारे पूर्वज मनमाने ढंग से पूजा करने के कारण भूत और पितृ योनि में कष्ट उठा रहे हैं और जन्म मरण के चक्र में बने हुए हैं तथा ब्रह्म-काल के जाल में फंसे रहते हैं।

गीता प्रेस गोरखपुर द्वारा प्रकाशित मार्कंडेय पुराण के पृष्ठ नं. 242, जिसमें मार्कण्डेय पुराण और ब्रह्म पुराण को एक साथ बांधा गया है, रुचि ऋषि की अपने मृत पूर्वजों के साथ संस्कारों की चर्चा। **(क्रमशः)**

## टेक वर्ल्ड

# सैमसंग अब भारत में बनायेगा लैपटॉप

**सैमसंग ग्रेटर नोएडा फैसिलिटी में लैपटॉप का निर्माण करेगा :** सैमसंग अगले महीने से भारत में लैपटॉप का निर्माण शुरू कर देगा। विनिर्माण उसी ग्रेटर नोएडा सुविधा में होगा जहां यह पहले से ही स्मार्टफोन का उत्पादन करता है। कंपनी लैपटॉप विनिर्माण को समायोजित करने के लिए सुविधा का विस्तार करेगी। सैमसंग सीमित क्षमता में स्थानीय लैपटॉप उत्पादन शुरू करेगा। भारत में सालाना 60,000 से 70,000 लैपटॉप का उत्पादन होने की उम्मीद है। ये संख्या निस्संदेह एचपी, डेल और लेनोवो जैसे प्रतिद्वंद्वियों की तुलना में बहुत कम है। कंपनी लैपटॉप मैन्युफैक्चरिंग के लिए 100-200 करोड़ रुपये का निवेश करना चाह रही है। यह ध्यान रखना महत्वपूर्ण है कि भले ही सैमसंग लैपटॉप बनाता है, लेकिन वह इस क्षेत्र में उतना बड़ा खिलाड़ी नहीं है जितना कि वह स्मार्टफोन बाजार में है। इसमें लैपटॉप लाइनअप की विस्तृत श्रृंखला भी नहीं है। यही कारण है कि इसकी लैपटॉप उत्पादन और निवेश योजनाएं स्मार्टफोन और टैबलेट के लिए जो कर रही है उसकी तुलना में काफी छोटी हैं। सैमसंग का स्थानीय स्तर पर लैपटॉप का उत्पादन शुरू करने का निर्णय कोई आश्चर्यजनक कदम नहीं है। **(समाप्त) - अनिमेष शर्मा**



**मुकेश अंबानी को टक्कर देने के लिए हॉटस्टार खरीदेंगे अडानी, भारत में ऐप खरीदने की मची होड़** : डिज्नी प्लस हॉटस्टार को दिग्गज कारोबारी गौतम अडानी खरीद सकते हैं। न्यूज एजेंसी रॉयटर्स की मानें, तो पिछले कुछ दिनों से डिज्नी प्लस हॉटस्टार की गौतम अडानी से बातचीत चल रही है। जियोसिनेमा वर्तमान समय में वीडियो स्ट्रीमिंग ऐप के मामले में बेहतरीन काम कर रहा है। जिस कारण से डिग्री प्लस हॉटस्टार की मुसीबतें बढ़ने लगी हैं। **(क्रमशः)**

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. की ओर से इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. C/O शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', स्थानीय संपादक : ओम प्रकाश अमरेन्द्र*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 07759972937, 06562-240042/ 222539, फैक्स नम्बर : 06562-241176/231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-83001, फोन नं.- 0651-2283384/ फैक्स : 0651-2283386, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# कम उम्र के युवा भी हो रहे ऑस्टियो आर्थराइटिस का शिकार...

शरीर में विटामिन डी, कैल्शियम की कमी के साथ लो फिजिकल एक्टिविटी ऑस्टियो आर्थराइटिस के लिए जिम्मेदार होती है। यह सारी चीजें फ्यूचर में घुटनों के कार्टिलेज को नुकसान पहुंचाते हैं। आज से 30 साल पहले 1990 में हमारे देश में ऑस्टियो आर्थराइटिस के करीब 2.3 करोड़ मामले थे। लेकिन साल 2019 में यह संख्या 6.2 करोड़ के पास पहुंच गई है। लेकिन ऐसी क्या वजह है कि ऑस्टियो आर्थराइटिस के मामलों में तेजी से वृद्धि हो रही है। इससे भी ज्यादा चिंता की बात यह है कि इस बीमारी का सिर्फ बूढ़े ही लोग नहीं बल्कि युवा भी शिकार हो रहे हैं। हांलाकि लोग सोचते हैं कि हम जितनी सीढ़ियां चढ़ेंगे और जितना अधिक चलेंगे, हमारे ज्वाइंट्स उतने ज्यादा मजबूत होंगे। लेकिन बता दें कि घर, ऑफिस और रोड आदि पर मौजूद हार्ड सरफेस, हील, बिना कुशन वाले जूते और सख्त सोल वाले फुटवियर की वजह से घुटनों का कार्टिलेज जल्द खराब हो जाता है। ऑस्टियो आर्थराइटिस एक तरह का गठिया होता है। यह समस्या पहले अधिकतर बुजुर्गों में देखने को मिलती थी। लेकिन आज के समय में कम उम्र के लोगों में भी यह समस्या देखने को मिल रही है। इसका मुख्य और सबसे बड़ा कारण हमारी लाइफस्टाइल है।

**क्या है ऑस्टियो आर्थराइटिस :** जैसे कार के पहियों में स्टील के फ्रेम में टायर लगे होते हैं, जो रोड पर पड़ने वाले झटकों को कम करते हैं और एक कुशन (गद्दी) का काम करते हैं। वैसे ही हमारी हड्डियों के बीच में कार्टिलेज की गद्दी होती है, जो इन्हें सेफ रखने में मदद करती है। वैसे तो ये सभी जॉइंट्स के बीच में होता है, लेकिन पैरों के कार्टिलेज ऑस्टियोआर्थराइटिस के सबसे ज्यादा शिकार होते हैं। दरअसल गाड़ी के टायर की तरह ये कार्टिलेज भी घिसते रहते हैं।



**युवाओं को भी हो रही ये बीमारी :** बुजुर्गों को होने वाली ऑस्टियो आर्थराइटिस जैसी बीमारी आजकल युवाओं में भी तेजी से देखने को मिल रही है। युवाओं में इस बीमारी के होने का मुख्य कारण खराब लाइफस्टाइल, इंडियन टॉयलेट, स्मोकिंग और फिजिकल एक्टिविटी है। जिसकी वजह से युवाओं की मसल्स कमजोर हो जाती हैं।

**एक्सरसाइज है जरूरी :** हमारे शरीर का पूरा भार घुटनों पर पड़ता है। वहीं शरीर के सबसे ज्यादा मूवमेंट वाला हिस्सा भी पैर के जॉइंट्स होते हैं। इसलिए कार्टिलेज को बचाने के लिए पैरों के मसल्स का मजबूत होना जरूरी होता है। जिससे कि जॉइंट्स पर ज्यादा दबाव न पड़े और वह हेल्दी रहे।

**वेट ज्यादा होना :** शरीर के वजन का सीधा असर घुटनों और कार्टिलेज पर पड़ता है। इस पर हमारे शरीर का जितना अधिक वजन पड़ता है, यह उतना घिसता जाता है।

**अनदेखी न करें चोट :** चोट लगने के कारण कार्टिलेज डैमेज होने की संभावना होती है। ऐसे में अगर समय रहते इसकी जांच न करवाई जाए, तो स्थिति काफी गंभीर हो सकती है। इसलिए कभी भी चोट को हल्के में नहीं लेना चाहिए। खासकर जब वह चोट घुटने की हो। जोड़ों में हड्डी के अलावा कार्टिलेज, लिगामेंट और मसल्क के हिस्से भी होते हैं। ऐसे में चोट आदि लगने पर फौरन डॉकेटर से संपर्क करना चाहिए।

**हल्के में न लें दर्द :** अगर आपको बिना वजह कुछ दिनों से दर्द होने लगा है, तो इसको भूलकर भी नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। क्योंकि खराब डाइट व लाइफस्टाइल, इंडियन टॉयलेट और खराब फुटवेयर के कारण आजकल घुटनों में कार्टिलेज की समस्या होने लगती है। न सिर्फ बड़े व बूढ़ों बल्कि कम उम्र के लोगों में भी यह समस्या देखने को मिल रही है। इसलिए युवा वर्ग के लोगों को अभी से इन सभी बातों का ध्यान रखना चाहिए। हमारे शरीर के घुटने कार के टायरों की तरह होते हैं। ऐसे में समय के साथ इनका घिसना भी लाजमी हो जाता है। इसके अलावा ठोस सतह पर चलने के कारण भी घुटनों पर अधिक दबाव पड़ता है।

**स्मोकिंग को कहें न :** आज के समय में लगभर हर दूसरा व्यक्ति स्मोकिंग की लत का आदी है। स्मोकिंग से हड्डियां कमजोर होती हैं। बता दें कि स्मोकिंह करने से कैल्शियम का अब्सॉर्प्शन होता जाता है। ऐसा कॉफी पीने वालों के साथ भी होता है। जो व्यक्ति जरूरत से ज्यादा कॉफी का सेवन करता है। उसके शरीर में कैल्शियम की कमी होने लगती है। जिससे हड्डियां भी कमजोर हो सकती हैं। कैल्शियम की कमी को पूरा करने के लिए विटामिन डी काफी जरूरी होती है। वहीं एक सर्वे के मुताबिक 70% भारतीयों में विटामिन-डी की कमी है।

शरीर का पॉश्चर : दिनभर लेटे या बैठे रहने से भी आपके शरीर का पॉश्चर खराब हो सकता है। शरीर के खराब पॉश्चर का सबसे ज्यादा असर घुटनों पर पड़ता है। ऐसे में समय से पहले घुटने खराब होने का एक मुख्य कारण यह भी हो सकता है।

**जूते खरीदते समय बरतें सावधानी :** जब भी हम रोड पर चलते हैं, तो सतह कठोर होने के साथ ठोकर सीधे पैरों पर पड़ती है। ऐसे में अगर आप गलत हील्स या जूते पहनते हैं, तो इसका घुटनों पर ज्यादा दबाव पड़ता है। इसलिए हमेशा मुलायल सोल वाले जूते या चप्पल पहननी चाहिए। जो आपके पैरों के लिए आरामदायक होने के साथ ही आपके लिए भी सुविधाजनक हों।

❖ **अनन्या मिश्रा**



# शिशु के सिर को सही शेप देने के लिए अपनाएं ये ट्रिक्स

महिला के गर्भ में बच्चा अधिकतर समय एक ही करवट में रहता है। जिस वजह से उसके सिर का आकार बिगड़ जाता है। ऐसे में बच्चे के बड़े होने के साथ ही आप अपने हिसाब से उसके सिर को सही शेप या गोल शेप में बदल सकते हैं। नवजात बच्चों के सिर की हड्डी काफी ज्यादा नाजुक होती है। जिस वजह से शुरूआत के 6 महीने तक बच्चे के सिर के आकार की तरफ ध्यान देना चाहिए। ऐसा नहीं करने पर सिर का आकार बिगड़ सकता है। बता दें कि बच्चे के बड़े होने के साथ ही आप अपने हिसाब से उसके सिर को सही शेप या गोल शेप में बदल सकते हैं। महिला के गर्भ में बच्चा अधिकतर समय एक ही करवट में रहता है।

**बच्चे के सोने की पोजीशन :** नवजात बच्चे अधिकतर समय सोकर गुजारते हैं। ऐसे में प्रयास करें कि बच्चे के सोते समय उनकी पोजीशन को समय-समय पर बदलते रहें। लंबे समय तक एक करवट सोने से सिर के एक तरफ ज्यादा दबने लगता है। साथ ही इससे बच्चे के सिर का आकार भी खराब हो सकता है।

**बच्चे को इस तरह से लें गोद :** खासतौर पर शिशु को उठाने और गोद में सुलाने की पोजीशन पर विशेष ध्यान दें। क्योंकि लटकी गर्दन की वजह से बच्चे कि सिर का आकार बिगड़ सकता है। इसलिए बेबी को कंधे से उठाकर गोद में लेने का प्रयास करें।

**बच्चे को पेट के बल सुलाएं :** जितना ज्यादा हो सके बच्चे को पेट के बल सुलाने की कोशिश करें। ऐसा करने से न शिशु के सिर पर दबाव भी कम पड़ेगा और उसे नींद भी अच्छी आएगी।

**दिन में दो बार तेल से करें सिर की मालिश :** बच्चे का सिर बेहद नाजुक होता है। इसलिए दिन में कम से कम दो बार तेल से बच्चे के सिर की मालिश करें। तेल से मालिश करने से न सिर्फ सिर गोल होता है, बल्कि सिर के आकार को गोल करने में भी मदद मिल सकती है।

**सरसों का तकिया :** पुरानी समय में सिर को मजबूत बनाने और सही आकार के लिए दादी-नानी सरसों के तकिए पर बच्चे को सुलाती थीं। सरसों की तकिए का इस्तेमाल करने से बच्चे के सिर का सही आकार मिल सकता है।

**इन बातों का रखें खास ख्याल :** जब बेबी पीठ के बल लेटा हो, तो धीरे से उसके सिर को उस तरफ घुमाएं, जिधर ज्यादा सपाट न हो। बच्चे के सिर को बराबर रखने के लिए किसी तरह की चीज के उपयोग से बचना चाहिए। क्योंकि इससे बच्चा सांस लेने में परेशान हो सकता है।

बच्चे का ध्यान उस तरफ ज्यादा आकर्षित करने की कोशिश करें, जिस तरफ आपको बेबी के सिर का आकार सही करना हो।

बच्चा जागने के दौरान जो समय झूले में बिताते हैं, उस समय को सीमित करने का प्रयास करें। अगर शिशु बैठने में सक्षम है, तो यह प्रोसेस सिर के पीछे से दबाव को हटाने के साथ गर्दन को मजबूत बनाएगा।

बच्चे को गोद लेने के दौरान यह जरूर सुनिश्चित करें कि उसके सिर के चपटे हिस्से पर किसी तरह का दबाव न हो।

# सर्दियों का मौसम इन चार बीमारियों को कर सकता है ट्रिगर

तमाम सावधानियां बरतने के बाद भी सर्दियों के मौसम में कुछ स्वास्थ्य समस्याएं हो सकती हैं। ऐसे में आपको सर्दियों में होने वाली बीमारियों के बारे में बताने जा रहे हैं। साथ ही यह भी जानेंगे कि इन स्वास्थ्य समस्याओं से किस तरह अपना बचाव करें। इस दौरान देश के अधिकतर हिस्सों में सर्दी बढ़ रही है। कई राज्यों में पिछले दिनों अचानक से मौसम में बदलाव आया है, जिसकी वजह से तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। वैसे तो सर्दियों का मौसम कई मामलों में काफी अच्छा होता है। लेकिन इस मौसम में सेहत के प्रति विशेष सावधानी बरतनी चाहिए। तापमान में गिरावट खराब होने की वजह से बैक्टीरिया और वायरस का प्रकोप बढ़ने लगता है। जिसके चलते श्वसन संक्रमण सहित कई बीमारियों का खतरा बना रहता है। तमाम सावधानियां बरतने के बाद भी सर्दियों में कुछ स्वास्थ्य समस्याएं हो सकती हैं। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको सर्दियों में होने वाली बीमारियों के बारे में बताने जा रहे हैं। साथ ही यह भी जानेंगे कि इन स्वास्थ्य समस्याओं से किस तरह अपना बचाव करें।



**सर्दी-जुकाम और फ्लू का जोखिम :** सर्दी के मौसम में जुकाम, खांसी, फ्लू और अन्य श्वसन संबंधी बीमारियां लोगों को घेर लेती हैं। यह वायरस एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में फैलता है। साथ ही इस मौसम में व्यक्ति की रोग प्रतिरोधक क्षमता भी कमजोर हो सकती है। जिससे बीमारी होने का खतरा अधिक बढ़ जाता है। वहीं जिन लोगों को पहले से ब्रोंकाइटिस या फिर अस्थमा जैसी समस्या रही हैं। उनके लिए सर्दियों का मौसम इन बीमारियों के लिए ट्रिगर वाला हो सकता है।

**निमोनिया का खतरा :** सर्दी-जुकाम के अलावा यह मौसम निमोनिया के जोखिमों को बढ़ाने वाला भी हो सकता है। बता दें कि ठंड के महीनों के दौरान सबसे अधिक निमोनिया के मामले देखे जाते हैं। निमोनिया होने का सबसे ज्यादा खतरा 5 साल से कम उम्र के बच्चों, कमजोर प्रतिरक्षा वाले लोग और बुजुर्गों को होता है।

**माइग्रेन की समस्या :** बता दें कि माइग्रेन होने पर व्यक्ति गंभीर सिरदर्द की समस्या से परेशान रहता है। इसको साइकोसोमेटिक डिसऑर्डर भी कहा जाता है। जिन लोगों में माइग्रेन की समस्या होती है, उन्हें सर्दी में अपना खास ख्याल रखना चाहिए। हेल्थ एक्सपर्ट्स के अनुसार, सर्दी का मौसम माइग्रेन की समस्या को ट्रिगर कर सकती है। ठंड के चलते पीड़ित का रक्त प्रवाह बाधित हो सकता है, जिससे सिरदर्द बढ़ने का खतरा अधिक हो सकता है।

**बढ़ सकता है ब्लड प्रेशर :** हेल्थ एक्सपर्ट्स की मानें तो सर्दियों का मौसम उन लोगों के लिए भी ट्रिगर बन सकता है, जिनको ब्लड प्रेशर की समस्या होती है। तापमान गिरने और ठंड बढ़ने की वजह से रक्त वाहिकाएं अस्थायी रूप से संकीर्ण हो जाती हैं। जिससे रक्तचाप बढ़ने के साथ संकुचित नसों और धमनियों के जरिए ब्लड को प्रवाहित होने में समस्या होती है। वहीं ब्लड प्रेशर बढ़ने की समस्या हृदय संबंधी रोगों के खतरे को बढ़ाने वाली हो सकती है। इसलिए इस समस्या वाले लोगों को सर्दियों के मौसम में अपना खास ख्याल रखने के साथ ही इन्हें कंट्रोल करने का उपाय करना भी बेहद जरूरी है।

# कर्म व धर्म की गतिशीलता का नाम है गीता

गीता से पता चलता है कि अभ्यास से शारीरिक, मानसिक और आत्मिक क्षमता का उत्तरोतर विकास होता है। गीता में योग, प्राणायाम का महत्व बताया गया है। गीता के अनुसार योग सोई हुई ऊर्जा का जागरण करता है। श्रीमदभगवदगीता एक ऐसा पुनीत ग्रंथ है जिसमें कर्म व धर्म समाहित हैं। गीता जयंती का पर्व भी कर्म, धर्म व जीवन की गतिशीलता व निरंतरता पर बल देता है। गीता में वेदों का सार तत्व संग्रहीत किया गया है। इसमें धर्म का उपदेश समाहित है, इसमें जीवन जीने की कला का ज्ञान है। इसमें कर्म, भक्ति व ज्ञान का उपदेश हे। इसमें मनुष्य के स्वधर्म का ज्ञान है। गीता की भाषा इतनी सरल है कि थोड़ा सा अभ्यास करने पर मनुष्य सहजता से इसे समझ सकता है। श्रीमदभगवदगीता किसी सामान्य व्यक्ति का उपदेश नहीं है अपितु यह स्वयं भगवान श्रीकृष्ण की वाणी है। इसे कहते समय भगवान स्वयं अपने परमात्मस्वरूप में स्थित थे। यह एकमात्र ऐसा ग्रंथ है जो जीवन की हर परिस्थिति के लिये, हर काल के लिये प्रासंगिक है, शाश्वत है। इसके श्लोकों के भाव इतने गहरे हैं कि उनका थोड़ा सा भी मर्म समझकर उन्हें अपने आचरण में उतारकर व्यक्ति अपने मनुष्य जीवन को सफल कर सकता है। गीता का संदेश सनातन है। जीवन में हर कर्म यज्ञमय हो यह गीता का स्पष्ट संदेश है। गीता का मनन करने से जीवन दृष्टि और व्यक्तित्व का विकास होता है। गीता सुनहरे मध्यमार्ग की प्रेरणा देती है अर्थात न तो अहंकार और न ही कुंठा। गीता के छठे अध्याय में संतुलन योग के लिये स्वयं श्री कृष्ण ने संतुलित आहार, विहार, कर्म चेष्टा एवं निद्रा की ओर हमारा ध्यान आकृष्ट कराया है। स्थूल प्रयास जिससे शरीर संतुलित हो सके तथा मन के संतुलन के लिये भी विस्तृत जानकारी दी गयी है। शरीर, मन और

**गीता दिवस पर विशेष**

आत्मा के संतुलन के लिये जगह-जगह गीता में अभ्यास करने की ओर ध्यान आकर्षित किया है। सतत अभ्यास से ही यह



संतुलन प्राप्त होता है। गीता से पता चलता है कि अभ्यास से शारीरिक, मानसिक और आत्मिक क्षमता का उत्तरोतर विकास होता है। गीता में योग,प्राणायाम का महत्व बताया गया है। गीता के अनुसार योग सोई हुई ऊर्जा का जागरण करता है। बिना ऊर्जा के कोई भी यात्रा संभव नहीं है। प्राणायाम के माध्यम से सुप्त ऊर्जा को जागृत किया जा सकता है, जिससे हमारी यात्रा हो सके। गीता में भगवान श्रीकृष्ण और अर्जुन के बीच बहुत ही प्रभावशाली संवाद है। पूरी गीता में अर्जुन ने भगवान से सत्रह प्रश्न किये हैं। शेष गीता में अर्जुन द्वारा श्रीकृष्ण की स्तुति व संजय के कथन के अतिरिक्त भगवान का समाधान ही है। गीता में भगवान के समाधान बहुआयामी हैं।यही गीता की गतिशीलता और उसकी सर्वस्वीकृति का कारण है।

**कर्मण्येवाधिकारस्ते मां फलेषु कदाचन।**
**मां कर्मफलहेतर्भूर्मा तो संगोस्त्वकर्मणि ।।**

अर्थात तेरा कर्म करने में ही अधिकार है, उसके फल में कभी नहीं। इसलिये तू कर्म के फल का हेतु मत हो तेरी कर्म न करने में भी आसक्ति न हो। कर्म के विषय में गीता कहती है कि कर्म फल में अधिकार नहीं, कर्म फल का कारण नहीं एवं आलस्य भी नहीं फिर भी कर्म में पूरी तन्मयता। कैसी अदभुत है यह दृष्टि। गीता में कहा गया है कि जो कर्म मानव की ऊर्जा से प्रकट होता है वह शुभ ही होगा। मानव अपनी मौलिक प्रकृति को प्राप्त कर जो भी कर्म करता है वह मंगलकारी होता हे। संसार को परमात्मा का स्वरूप समझने से ही सारे कर्म दिव्य हो जाते हैं। दृश्य व द्रष्टा का परमभेद समाप्त हुआ कि परम आनंद का सृजन हो जाता है। गीता में भगवान श्रीकृष्ण ने अपने उपदेशों में जीव जंतुओं, सभी वृक्ष एवं वनस्पतियों, नदी, पहाड़ों आदि को अपनी विभूतियों के रूप में बताया है। इनके महत्व का प्रतिपादन किया है। आदिकाल से हम अपनी संस्कृति में इन धरोहरों को सहेजते आ रहे हैं। यदि हमें अपने पर्यावरण व जीवन के अस्तित्व को बचाना है, सहेजना है तो फिर से अपने जीवन में पशु, पक्षी, वृक्ष व वन प्रेम विकसित करना होगा। गीता समग्र जीवन जीने की कला सिखाती है।

❖ **मृत्युंजय दीक्षित**

## सूडोकु नवताल- 6922

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 6 | | 1 | | 5 | | 2 |
| | 9 | | | 8 | | | | 3 |
| 1 | | | 6 | 9 | | 7 | | |
| | 3 | 8 | 2 | | 1 | | | |
| 2 | 7 | 5 | | | | 6 | 3 | 1 |
| | | | 5 | | 7 | 2 | 8 | |
| | | 9 | | 7 | 4 | | | 6 |
| 8 | | | | 2 | | | 5 | |
| 4 | | 2 | | 5 | | 9 | 1 | 7 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल -6921 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 9 | 5 | 3 | 1 | 4 | 6 | 8 | 7 |
| 3 | 6 | 1 | 2 | 8 | 7 | 4 | 9 | 5 |
| 8 | 4 | 7 | 5 | 9 | 6 | 3 | 2 | 1 |
| 5 | 7 | 4 | 1 | 6 | 2 | 8 | 3 | 9 |
| 1 | 3 | 6 | 9 | 4 | 8 | 5 | 7 | 2 |
| 9 | 8 | 2 | 7 | 3 | 5 | 1 | 4 | 6 |
| 6 | 2 | 8 | 4 | 7 | 1 | 9 | 5 | 3 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 2 | 9 | 7 | 1 | 8 |
| 7 | 1 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 |

## दैनिक पंचांग

23 दिसम्बर 2023 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | धनु में | मकर | 08.17 बजे से |
| चंद्र | मेष में | कुंभ | 10.04 बजे से |
| मंगल | वृश्चिक में | मीन | 11.36 बजे से |
| बुध | धनु में | मेष | 13.07 बजे से |
| गुरु | मेष में | वृष | 14.47 बजे से |
| शुक्र | तुला में | मिथुन | 16.45 बजे से |
| शनि | कुंभ में | कर्क | 18.59 बजे से |
| राहु | मीन में | सिंह | 21.15 बजे से |
| केतु | कन्या में | कन्या | 23.27 बजे से |
| राहुकाल | 9.00 से 10.30 बजे तक | तुला | 01.37 बजे से |
| | | वृश्चिक | 03.52 ब.से |
| | | धनु | 06.08 बजे से |

**शनिवार** 2023 वर्ष का 357 वां दिन **दिशाशूल** पूर्व **ऋतु** हेमन्त। **विक्रम संवत्** 2080 **शक संवत्** 1945 **मास** मृगशीर्ष **पक्ष** शुक्ल **तिथि** एकादशी 07.12 बजे तदनन्तर द्वादशी 06.25 बजे को समाप्त। **नक्षत्र** भरणी 21.19 बजे को समाप्त। **योग** शिव 09.07 बजे को समाप्त। **करण** विष्टि 07.12 बजे, बव 18.46 बजे तदनन्तर बालव 06.25 बजे को समाप्त। **चन्द्रायु** 10.0 घण्टे **रवि क्रान्ति** दक्षिण 23° 26' **सूर्य** दक्षिणायन **कलि अहर्गण** 1871836 **जूलियन दिन** 2460301.5 **कलियुग संवत्** 5125 **कल्पारंभ संवत्** 1972949123 **सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123 **वीरनिर्वाण संवत्** 2550 **हिजरी सन्** 1445 **महीना** जमादि उस्सानी **तारीख** 09 **विशेष** वैकुण्ठ एकादशी, मत्स्य द्वादशी।

| दिन का चौघड़िया | | रात का चौघड़िया | |
|---|---|---|---|
| काल | 05.55 से 07.23 बजे तक | लाभ | 05.37 से 07.10 बजे तक |
| शुभ | 07.23 से 08.51 बजे तक | उद्वेग | 07.10 से 08.42 बजे तक |
| रोग | 08.51 से 10.19 बजे तक | शुभ | 08.42 से 10.14 बजे तक |
| उद्वेग | 10.19 से 11.46 बजे तक | अमृत | 10.14 से 11.47 बजे तक |
| चर | 11.46 से 01.14 बजे तक | चर | 11.47 से 01.19 बजे तक |
| लाभ | 01.14 से 02.42 बजे तक | रोग | 01.19 से 02.51 बजे तक |
| अमृत | 02.42 से 04.10 बजे तक | काल | 02.51 से 04.23 बजे तक |
| काल | 04.10 से 05.37 बजे तक | लाभ | 04.23 से 05.56 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें।

## शब्द पहेली - 7984

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | 1 | | 2 | 3 | ■ | 4 | | 5 |
| 6 | | ■ | 7 | | 8 | ■ | ■ | |
| 9 | | 10 | ■ | 11 | | | | |
| ■ | 12 | | 13 | ■ | | ■ | ■ | |
| 14 | ■ | 15 | | ■ | 16 | 17 | ■ | |
| | ■ | ■ | | ■ | 18 | | 19 | ■ |
| 20 | | | | 21 | ■ | 22 | | 23 |
| | ■ | ■ | 24 | | 25 | ■ | 26 | |
| 27 | | | ■ | 28 | | | | ■ |

**बाएँ से दाएँ**

1. सुरक्षित,संरक्षित-4
4. उत्सुकता,जिज्ञासा-3
6. पिता के पिता-2
7. नमस्कार,प्रणाम-3
9. आखेट मंच-3
11. आत्मबलिदानी-5
12. प्लेट,तश्तरी-3
15. रहस्य,भेद-2
16. जी,चित्त-2
18. जुड़वा-3
20. मन का मिलना-5
22. नल,टोंटी-3
24. देवर्षि,देवमुनि-3
26. गुप्तचर,जासूस-2
27. गमन,विदा होना-3
28. ईश्वर,रब-4

**ऊपर से नीचे**

1. सद्चरित्रता-3
2. इच्छा,मर्जी-2
3. अंधकार,अंधेरा-3
5. धार्मिक आयोजन स्थल तक मंगल कलश ले जाना-5
6. मोल,कीमत,दर-2
8. नरक के समान-5
10. बेकार,अयोग्य-3
13. बुआई करना-2,3
14. विश्वविजेता, संसार जीतने वाला (उर्दू-5)
17. प्रणाम,नमस्कार-3
19. जल में रहने वाला-4
21. स्वर्ग का विलोम-3
23. छोटी सवारी गाड़ी-2
25. कीमत,भाव-2

शब्द पहेली -7983 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| श | ब | न | म | ■ | ■ | आ | का | श |
| ग | ■ | ■ | स्त | र | ही | न | ■ | म |
| ग | त | ■ | ■ | सी | ना | ■ | ■ | शी |
| ■ | र | ग | ■ | ला | ■ | क | बी | र |
| ■ | का | ज | ल | ■ | अ | स | र | ■ |
| क | री | ब | ■ | मि | ■ | र | ब | ■ |
| ग | ■ | ■ | चा | रा | ■ | ■ | ल | ब |
| मा | ■ | रा | ह | ज | नी | ■ | ■ | हा |
| त | र | ह | ■ | ■ | म | ज | बू | र |

## आज का राशिफल

**मेष राशि :** कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा। सुबह-सुबह की महत्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह बना रहेगा। किसी लाभदायक कार्य के लिए व्ययकारक स्थितियां पैदा होंगी।

**वृष राशि :** स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे।

**मिथुन राशि :** महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध होंगे।

**कर्क राशि :** धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। सुखदायी समय है। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। बुद्धितत्व की सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा।

**सिंह राशि :** मनोविनोद बढ़ेंगे। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी।

**कन्या राशि :** धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होंगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे।

**तुला राशि :** रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी।

**वृश्चिक राशि :** कुछ एकाग्रता की प्रवृत्ति बनेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी।

**धनु राशि :** जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात दूर हो जाएगी। परिवारजन का सहयोग काम को बनाना आसान करेगा।

**मकर राशि :** परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। आर्थिक लाभ हेतु किये गए कार्यों का तत्काल प्रतिफल मिलेगा।

**कुंभ राशि :** मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। मेहमानों का आगमन होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा।

**मीन राशि :** शत्रुपक्ष पर आप हावी रहेंगे। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा। यश-प्रतिष्ठा में वृद्धि व शिक्षा में परेशानी आ सकती है।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC

Dr. Vaibhav Kashyap

Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA

" Smiles & More"

छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट

Facilities
- आरसीटी
- पायरिया का ईलाज
- टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
- स्माईल डिजाइन
- इनविजिवल क्लिप
- दंत रोपण
- फिक्स दाँत लगाना
- अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज



CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com


## एक नजर

### एमपी के मुख्यमंत्री ने पीएम से की मुलाकात



**नई दिल्ली।** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ला और जगदीश देवड़ा के साथ शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की। प्रधानमंत्री कार्यालय ने मुलाकात की तस्वीरें साझा करते हुए यह जानकारी दी। मुलाकात के बाद मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि नई दिल्ली में आज देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से भेंट कर मध्य प्रदेश के विकास, प्रगति एवं जनहित से जुड़ी विभिन्न योजनाओं के संबंध में मार्गदर्शन प्राप्त किया।

### जेल में ही नया साल मनाएंगे सिसोदिया



**नई दिल्ली।** दिल्ली शराब घोटाला मामले में मनीष सिसोदिया को अदालत से कोई राहत नहीं मिली है। राऊज एवेन्यू कोर्ट ने उनकी कस्टडी टाइमिंग बढ़ा दी है। अब उनको 19 जनवरी 2024 तक न्यायिक अभिरक्षा में जेल में ही रहना होगा। इस आदेश का मतलब है कि मनीष सिसोदिया अब जेल में ही नया साल मनाएंगे। दरअसल, आप नेता सिसोदिया की हिरासत पूरी होने के बाद शुक्रवार को उन्होंने दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट में पेश किया गया, जहां से कोर्ट में उनकी हिरासत 19 जनवरी तक बढ़ा दिया।

### वाशिंगटन में चोर बना रहे भारतीयों को निशाना



**न्यूयॉर्क।** अमेरिकी राज्य वाशिंगटन के बोथेल शहर में भारतीय-अमेरिकियों को निशाना बनाकर दिन के समय की जाने वाली चोरियों में हाल ही में हुई बढ़ोतरी के बाद पुलिस ने लोगों को चेतावनी जारी की है। स्थानीय मीडिया रिपोर्टों में कहा गया है कि चोरियां स्नोहोमिश काउंटी में 35वें एवेन्यू साउथईस्ट के साथ 180वीं स्ट्रीट साउथईस्ट और 228वीं स्ट्रीट साउथईस्ट में हो रही हैं। सिएटल स्थित कोमो टीवी चैनल की रिपोर्ट के अनुसार, स्नोहोमिश काउंटी शेरिफ कार्यालय (एससीएसओ) ने बुधवार को तीन संदिग्धों की तस्वीरें जारी कीं और उनकी पहचान करने में सार्वजनिक सहायता मांगी।

### ईरानी और ओमानी विदेश मंत्रियों ने गाजा संघर्ष पर की चर्चा



**तेहरान।** ईरान के विदेश मंत्री हुसैन अमीर-अब्दुल्लाहियन और उनके ओमानी समकक्ष सैय्यद बद्र हमद अल-बुसैदी ने फोन पर गाजा पट्टी के नवीनतम घटनाक्रम पर विचारों का आदान-प्रदान किया और द्विपक्षीय संबंधों के विस्तार पर चर्चा की। ईरानी विदेश मंत्रालय की वेबसाइट की ओर से यह जानकारी दी गई है। ईरानी विदेश मंत्री ने गुरुवार को फिलिस्तीनी लोगों के खिलाफ इजरायली हमलों की निंदा की और इस बात पर जोर दिया कि इसके लिए अमेरिका भी जिम्मेदार है। समाचार एजेंसी शन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, उन्होंने मई में ईरानी राष्ट्रपति इब्राहिम रायसी और ओमानी सुल्तान हैथम बिन तारिक अल सैद के बीच हुए समझौतों के कार्यान्वयन पर भी संतुष्टि व्यक्त की।

# उत्तरी गोलार्द्ध में साल की सबसे लंबी रात आज

**एजेंसी। भोपाल**

भारतीय समयानुसार, आज (22 दिसंबर) प्रातः 8 बजकर 57 मिनट पर सूर्य की किरणें मकर रेखा पर लबंवत होने के बाद यह कर्क रेखा की ओर अपनी वापसी यात्रा आरंभ कर रही है। इस कारण उत्तरी गोलार्द्ध के शहरों में आज दिन इस साल का सबसे छोटा और रात सबसे लंबी होगी। इस दौरान दिन की अवधि देश के अलग-अलग हिस्सों में 10 से 12 घंटे के बीच रहेगी, जबकि रात की अवधि 12 से 14 घंटे की रहेगी। नेशनल अवार्ड प्राप्त विज्ञान प्रसारक सारिका घारू ने बताया कि आज विंटर सोलस्टिस का अवसर है, जिसमें अनेक खगोलीय तथ्य समाए हुए हैं। उन्होंने बताया कि पृथ्वी के अपने अक्ष पर झुके हुए सूर्य की परिक्रमा करते रहने के कारण सूर्य किरणों का कोण किसी स्थान के लिए बदलता रहता है। उत्तरी गोलार्द्ध में अब तक सूर्य दक्षिण दिशा में जाता महसूस हो रहा था। वैज्ञानिक दृष्टि से देखें तो आज 8 बजकर 57 मिनट के बाद सूर्य का उत्तरायण आरंभ हो चुका है। उन्होंने बताया कि विंटर सोलस्टिस की यह खगोलीय घटना 20, 21 ,22 या 23 दिसंबर को हो सकती है, लेकिन 20 या 23 दिसम्बर को यह कम ही होती है। यह घटना 23 दिसंबर को साल 2303 में होगी।



### कन्याकुमारी से जम्मू-कश्मीर की ओर बढ़ने पर दिन होता जाएगा छोटा

देश के नगर- सूर्योदय - सूर्यास्त - दिन की अवधि बढ़ते क्रम में
- अमृतसर - 07:26 - शाम 5:31 - 10 घंटे 05 मिनट 08 सेकंड
- शिमला - 07:15 - शाम 5:23 - 10 घंटे 07 मिनट 41 सेकंड
- नई दिल्ली - 07:09 - शाम 5:29 - 10 घंटे 19 मिनट 17 सेकंड
- गंगटोक - 06:21 - शाम 4:46 - 10 घंटे 24 मिनट 59 सेकंड
- आगरा - 07:03 - शाम 5:29 - 10 घंटे 25 मिनट 42 सेकंड
- जयपुर - 07:11 - शाम 5:38 - 10 घंटे 26 मिनट 52 सेकंड
- जोधपुर - 07:21 - शाम 5:50 - 10 घंटे 29 मिनट 32 सेकंड
- पटना - 06:31 - शाम 5:03 - 10 घंटे 32 मिनट 30 सेकंड
- अंबिकापुर - 06:34 - शाम 5:17 - 10 घंटे 42 मिनट 55 सेकंड
- कोलकाता - 06:12 - शाम 4:57 - 10 घंटे 45 मिनट 07 सेकंड
- द्वारका - 07:29 - शाम 6:15 - 10 घंटे 46 मिनट 31 सेकंड
- मुंबई - 07:07 - शाम 6:06 - 10 घंटे 59 मिनट 29 सेकंड
- चेन्नई - 06:26 - शाम 5:47 - 11 घंटे 21 मिनट 29 सेकंड
- बेंगुलरु - 06:37 - शाम 5:59 - 11 घंटे 21 मिनट 53 सेकंड
- कन्याकुमारी - 06:28 - शाम 6:07 - 11 घंटे 39 मिनट 22 सेकंड

### सांसदों के निलंबन के विरोध में जंतर-मंतर पर प्रदर्शन, बोले खरगे

# सरकार ने लोकतंत्र को खत्म करने का काम किया

**एजेंसी। नई दिल्ली**

विपक्षी सांसदों के निलंबन के विरोध में आईएनडीआईए घटक दलों के नेताओं ने शुक्रवार को यहां जंतर-मंतर पर प्रदर्शन किया। इस दौरान कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, राहुल गांधी, एनसीपी प्रमुख शरद पवार, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) के महासचिव सीताराम येचुरी और राजद सांसद मनोज झा सहित अन्य विपक्षी दलों के नेता मौजूद रहे।

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने शुक्रवार को राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ का नाम लिए बगैर कहा कि उन्हें यह जानकर बहुत धक्का लगा कि संवैधानिक पदों पर बैठे लोग संसद में जाति का नाम लेकर कहते हैं कि उनका अपमान किया गया है। उन्होंने कहा कि सरकार ने लोकतंत्र को खत्म करने का काम किया है।

उन्होंने शीतकालीन सत्र में 146 विपक्षी सांसदों के निलंबन के खिलाफ जंतर-मतर पर आयोजित विपक्षी दलों के विरोध प्रदर्शन में यह दावा भी किया कि विपक्षी गठबंधन इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस (इंडिया) के घटक दलों के सभी नेता एकजुट हो गए हैं और अब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अकेले कुछ नहीं कर सकते। खरगे ने कहा, मुझे इस बात का बहुत धक्का लगा कि संवैधानिक पद पर बैठे लोग यह कहते हैं कि वो किसी जाति से संबंध रखते हैं और उनका अपमान किया गया।



### संसद सुरक्षा चूक के दौरान भाजपा के सांसद भाग गए : राहुल



कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने 13 दिसंबर को लोकसभा में दो लोगों द्वारा धुआं छिड़कने की घटना को देश में बढ़ती बेरोजगारी से जोड़ा। जंतर-मंतर पर शुक्रवार को 'लोकतंत्र बचाओ' विरोध प्रदर्शन में भाग लेने के दौरान, राहुल गांधी ने संसद सुरक्षा चूक के बारे में कहा, दो युवक आए। उन्होंने दर्शक दीर्घा से छलांग लगाई और धुआं छिड़का। सभी भाजपा सांसद भाग गए। जो खुद को देशभक्त कहते हैं, हवा निकल गई उनकी। आप इसे टीवी पर नहीं देख सकते, लेकिन हमने देखा। यदि वे सिलेंडर ला सकते हैं तो कुछ भी ला सकते थे। राहुल गांधी ने कहा कि उन्होंने ऐसा क्यों किया, ये जानना जरूरी है। बेरोजगारी। देश में बेरोजगारी है। युवाओं को नौकरियां नहीं मिल रही हैं।


### राहुल ने संसद में घुसपैठ करने वालों का किया समर्थन : जोशी



केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री प्रल्हाद जोशी ने संसद के शीतकालीन सत्र के दौरान विपक्षी दलों द्वारा सदन के अंदर और बाहर किए गए व्यवहार की निंदा करते हुए कहा कि 4 दिसंबर को जब संसद का सत्र शुरू हुआ था तब इन लोगों के पास वेल में आने का कोई बहाना नहीं था। राहुल गांधी पर राजनीतिक हमला जारी रखते हुए जोशी ने आगे कहा कि सबसे अधिक चिंता की बात तो यह है कि राहुल गांधी संसद की सुरक्षा में घुसपैठ करने वालों का समर्थन करते हैं। राहुल गांधी कहते हैं कि इन लोगों ने बेरोजगारी की वजह से ऐसा किया, उन्हें समझ ही नहीं आता कि वे क्या बोल रहे हैं।

### शीतकालीन सत्र में कुल 19 विधेयक पारित किये गये

संसद के शीतकालीन सत्र के समापन के बाद केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने शुक्रवार को कहा कि इस सत्र में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता-2023, भारतीय न्याय संहिता-2023 और भारतीय साक्ष्य अधिनियम-2023 समेत कुल 19 विधेयक पारित किये गये। प्रह्लाद जोशी ने राष्ट्रीय मीडिया सेंटर में पत्रकार वार्ता में कहा कि अनुच्छेद 370 से लेकर नई आपराधिक न्याय प्रणाली तक जो कुछ भी इन पांच वर्षों में हुआ वह ऐतिहासिक है। उन्होंने कहा कि 4 दिसंबर को संसद का शीतकालीन सत्र शुरू हुआ था और 21 दिसंबर को संपन्न हो गया। इन 18 दिनों में 14 बैठकें हुईं और दोनों सदनों में 19 विधेयक पास किए गए। जोशी ने कहा कि जिस दिन संसद की सुरक्षा में चूक का मामला आया उस दिन भी संसद चली। इस दौरान कांग्रेस के सदस्य भी मौजूद थे, लेकिन अचानक विरोध शुरू हो गया जबकि इसके पहले स्पीकर ने सर्वदलीय बैठक बुलाई थी। उन्होंने कहा कि इसके पहले भी गंभीर घटनाएं घटीं और पिछली बार की तरह इस बार की घटना की भी जांच के आदेश दिये गये हैं।



## देश में पिछले 24 घंटे में कोरोना के 328 नए मरीज, एक की मौत

**नई दिल्ली।** देश में पिछले 24 घंटे में कोरोना के 328 नए मरीज सामने आए हैं। इस दौरान एक संक्रमित व्यक्ति की मौत हो गई। देश के अन्य राज्यों के मुकाबले केरल की स्थिति गंभीर है। स्वास्थ्य मंत्रालय के शुक्रवार को जारी आंकड़ों से यह साफ हुआ है। मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार 24 घंटे में अकेले केरल में 265 नए मरीज सामने आए हैं। राष्ट्रीयस्तर पर नए मरीजों की संख्या में कुछ कमी आई है। कल 358 नए मरीज सामने आए थे। इस समय सक्रिय मरीजों की संख्या 2997 है। कोरोना का प्रकोप दक्षिण के राज्यों से ज्यादा है। उत्तर भारत के राजस्थान में तीन, उत्तर प्रदेश में एक, गुजरात में नौ, महाराष्ट्र में आठ, तमिलनाडु में 15, तेलंगाना में पांच और कर्नाटक में 13 मरीज सामने आ चुके हैं।

**छत्तीसगढ़: कोरोना के तीन नए मरीज मिले**

छत्तीसगढ़ में कोरोना ने एक बार फिर दस्तक दी है। पिछले 24 घंटे के भीतर कोरोना के 3 नए मरीजों की पुष्टि हुई है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार रायपुर, बिलासपुर और कांकेर जिले में एक-एक नए संक्रमितों की पुष्टि हुई है।

## महिला पहलवानों के साथ अन्याय के लिए मोदी सरकार जिम्मेदार : कांग्रेस

**एजेंसी। नई दिल्ली**

कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि महिला पहलवानों के साथ अन्याय के लिए सीधे मोदी सरकार जिम्मेदारी है। कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव रणदीप सिंह सुरजेवाला ने शुक्रवार को पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि पहलवान बेटियों से यौन शोषण के मामले में आरोपित भाजपा सांसद ब्रजभूषण सिंह के सहयोगी संजय सिंह को भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) का नया अध्यक्ष चुने जाने के बाद साक्षी मलिक ने खेल से संन्यास लेने की घोषणा कर दी। किसान की बेटी साक्षी मलिक ओलिंपिक पदक जीतने वाली देश की पहली महिला पहलवान हैं। सुरजेवाला ने कहा कि मोदी सरकार बेटियों की सुनने के बजाय अपने सांसद बृजभूषण का सहयोग कर रही है। यह भारत के खेल इतिहास का काला अध्याय है। यह दशार्ता है कि न्याय की आवाज उठाने वाली बेटियों को रिटायरमेंट के लिए मजबूर कर घर भेज दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि ब्रजभूषण सिंह ने कुश्ती संघ के चुनाव के बाद कहा था कि दबदबा था, दबदबा रहेगा। यही नहीं, न्याय की गुहार लगा रही बेटियों को चिढ़ाते हुए एवं न्याय की उम्मीद कर रही देश की हर बेटी को साफ संदेश देते हुए ब्रजभूषण सिंह ने यह भी कह डाला कि जो पहलवान राजनीति करना चाहते हैं, वो राजनीति करें और जो कुश्ती करना चाहते हैं, वो कुश्ती करें। कांग्रेस महासचिव सुरजेवाला ने कहा कि भारतीय कुश्ती संघ ही नहीं, बीसीसीआई से लेकर देश के सभी खेल संघों पर मोदी सरकार व भाजपा के नेताओं का कब्जा है। आज देश की बेटियां मोदी सरकार से सवाल पूछ रही हैं कि वो चुप क्यों है? संसद पहलवान बेटियों के अपमान पर चुप क्यों है? राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, लोकसभा-राज्यसभा के अध्यक्ष एवं सभापति, खेल जगत की नामी-गिरामी हस्तियां आज चुप क्यों हैं।

## इमरान खान और शाह महमूद कुरैशी को सिफर मामले में मिली जमानत

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के पूर्व अध्यक्ष और पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान एवं पार्टी उपाध्यक्ष शाह महमूद कुरैशी को सिफर मामले में जमानत दे दी। दोनों को 10-10 लाख रुपये के मुचलके पर जमानत को मंजूरी दी गई है। सुप्रीम कोर्ट के अंतरिम मुख्य न्यायाधीश सरदार तारिक मसूद की तीन सदस्यीय पीठ ने सुनवाई के बाद जमानत को मंजूरी दी है। पीठ के दो सदस्यों में न्यायमूर्ति मंसूर अली शाह और न्यायमूर्ति अतहर मिनल्लाह हैं। इससे पहले इस्लामाबाद हाई कोर्ट ने जेल मुकदमे को शून्य घोषित कर दिया है। विशेष अदालत ने 13 दिसंबर को पीटीआई संस्थापक और उपाध्यक्ष को आधिकारिक गोपनीयता अधिनियम 2023 के तहत सिफर मामले में दोषी ठहराया था। चैनल के अनुसार, दोनों नेताओं ने राजनीतिक उद्देश्यों के लिए राजनयिक केबल के कथित दुरुपयोग से संबंधित अपराध में अपनी संलिप्तता के लिए दोषी नहीं होने का अनुरोध किया है। शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट ने इमरान खान और कुरैशी के 23 अक्टूबर के अभियोग के खिलाफ याचिका पर भी सुनवाई की।

## राष्ट्रपति आज आएंगी जैसलमेर



### राष्ट्रपति की अगवानी के लिए राज्यपाल आज पहुंचेंगे जैसलमेर

**एजेंसी। जयपुर**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू शनिवार को जैसलमेर के प्रवास पर रहेंगी। वे पोकरण फील्ड फायरिंग रेंज में सेना के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल होंगी। राष्ट्रपति मुर्मू की अगवानी के लिए राज्यपाल कलराज मिश्र शुक्रवार को जैसलमेर पहुंचेंगे। राष्ट्रपति की जैसलमेर शहर में यात्रा के मद्देनजर प्रशासन व पुलिस की तरफ से खास तैयारियां की जा रही हैं। सेना के कार्यक्रम में शामिल होने के बाद राष्ट्रपति शहीद पूनम सिंह स्टेडियम में आयोजित राजीविका मिशन के महिला सहायता समूह लखपति दीदी के कार्यक्रम में शामिल होंगी और राजीविका की लाभार्थी महिलाओं से संवाद करेंगी। राज्यपाल कलराज मिश्र भी दो दिवसीय यात्रा पर शुक्रवार को जैसलमेर पहुंचेंगे। कार्यक्रम के अनुसार राज्यपाल मिश्र शनिवार, 23 दिसंबर को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के जैसलमेर पहुंचने पर उनकी अगवानी करेंगे। इसके बाद वे राष्ट्रपति के साथ पोकरण फील्ड फॉयरिंग रेन्ज और शहीद पूनम सिंह स्टेडियम में होने वाले राजीविका मिशन के कार्यक्रम में भी शामिल होंगे।

## केंद्र ने राज्यों को कर मद से अतिरिक्त 72,961 करोड़ रुपए जारी किए



नई दिल्ली। वित्त मंत्रालय ने कहा है कि केंद्र सरकार ने विभिन्न सामाजिक कल्याण योजनाओं और बुनियादी ढांचा विकास के वित्तपोषण के लिए राज्य सरकारों को 72,961.21 करोड़ रुपये की अतिरिक्त किस्त जारी करने का निर्देश दिया है। शुक्रवार को जारी बयान में कहा गया है कि यह किस्त 10 जनवरी 2024 को राज्यों को देय कर हस्तांतरण किस्त और 11 दिसंबर 2023 को पहले ही जारी की गई 72,961.21 करोड़ रुपये की किस्त से अलग है।


### उपलब्धि : स्वदेशी एयरोस्पेस प्लेटफॉर्म दुनिया की वायु सेनाओं के लिए विश्वसनीय विकल्प बने

# 'स्वदेशी रक्षा क्षमता ने निर्यात के दरवाजे खोले'

### ग्लोबल साउथ के देशों की चिंताओं को उठाने में भारत की सक्रिय भूमिका पर जोर

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारतीय वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल वीआर चौधरी ने शुक्रवार को कहा है कि भारत की बढ़ती स्वदेशी रक्षा क्षमता ने पहले से ही साझेदारी और निर्यात के लिए दरवाजे खोल दिए हैं। हल्के लड़ाकू विमान, हल्के लड़ाकू हेलीकॉप्टर और आकाश मिसाइल सिस्टम और रडार जैसे स्वदेशी एयरोस्पेस प्लेटफॉर्म दुनिया की वायु सेनाओं के लिए विश्वसनीय विकल्प बन गए हैं। इस कार्यक्रम में वायु सेना के दो अधिकारियों की पुस्तकों का विमोचन भी किया गया।



एयर चीफ मार्शल वीआर चौधरी

एयर चीफ मार्शल वीआर चौधरी आज नई दिल्ली के मानेकशॉ सेंटर में आयोजित 20वें सुब्रतो मुखर्जी सेमिनार को संबोधित कर रहे थे। सेंटर फॉर एयर पावर स्टडीज ने 'भारत और वैश्विक दक्षिणः चुनौतियां और अवसर' विषय पर यह सेमिनार आयोजित किया गया था। एयर चीफ मार्शल ने अपने उद्घाटन भाषण में ग्लोबल साउथ के देशों की चिंताओं को उठाने में भारत की सक्रिय भूमिका पर जोर दिया।

उन्होंने वायु शक्ति की प्रासंगिकता, रणनीतिक साझेदारी को बढ़ावा देने और वैश्विक दक्षिण की सामूहिक उन्नति में योगदान देने के लिए भारतीय वायुसेना की आवश्यकता पर बात की।

उन्होंने कहा कि साझेदार देशों के साथ नियमित प्रशिक्षण गतिविधियों के दौरान भारतीय वायु सेना ने संचालन और रखरखाव में सर्वोत्तम प्रथाओं को साझा किया है। उन्होंने भारतीय सैन्य सलाहकार टीमों की भूमिका, भारतीय तकनीकी और आर्थिक सहयोग कार्यक्रम के माध्यम से पेश किए गए पाठ्यक्रमों का भी उल्लेख किया, जिसने नागरिक और रक्षा दोनों क्षेत्रों में 2 लाख से अधिक अधिकारियों के लिए प्रशिक्षण आयोजित करने का मार्ग प्रशस्त किया। सीएएस ने बताया कि पिछले नौ वर्षों में भारतीय वायुसेना ने ग्लोबल साउथ के देशों से 5000 से अधिक विदेशी प्रशिक्षुओं को प्रशिक्षित किया है।

उन्होंने यह भी कहा कि एलसीए, एलसीएच, आकाश मिसाइल सिस्टम और रडार जैसे स्वदेशी एयरोस्पेस प्लेटफॉर्म ग्लोबल साउथ की वायु सेनाओं के लिए प्रतिस्पर्धी और विश्वसनीय विकल्प प्रदान करते हैं, जिससे भारत के आर्थिक और तकनीकी दबदबे को बढ़ावा मिलता है। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय बचाव एवं राहत कार्यों के संचालन में भारतीय वायुसेना की भूमिका को दोहराया, जिसने वैश्विक दक्षिण में भारत की नेतृत्वकारी भूमिका को और मजबूत किया है। इस कार्यक्रम में वायु सेना प्रमुख ने दो पुस्तकों का विमोचन भी किया। इनमें एयर मार्शल (डॉ.) दीप्तेंदु चौधरी (सेवानिवृत्त) की पुस्तक 'इंडियन एयर पावरः कंटेम्परेरी एंड फ्यूचर डायनेमिक्स' और एयर वाइस मार्शल सुरेश सिंह की 'एयरोइंजन फंडामेंटल्स एंड लैंडस्केप इन इंडियाः ए वे फॉरवर्ड' पुस्तक है।

फिल्म जगत

## रिलीज होते ही ऑनलाइन लीक हुई शाहरुख की नई फिल्म 'डंकी'




**वर्ष 2023** में बॉलीवुड से लेकर साउथ तक की कई फिल्में पायरेसी का शिकार हो हुई हैं। इस साल में अब तक 'द केरला स्टोरी', 'पठान', 'जवान', 'गदर-2' समेत कई बड़ी फिल्में रिलीज होते ही लीक हो चुकी हैं। इसके बाद भी इन फिल्मों की कमाई पर कोई असर नहीं पड़ा। लीक होने वाली फिल्मों की सूची में शाहरुख खान की नई फिल्म 'डंकी' का भी नाम जुड़ गया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक शाहरुख खान की फिल्म 'डंकी' रिलीज होते ही एचडी प्रिंट में कई ऑनलाइन साइट्स पर लीक हो गई है। माना जा रहा है कि फिल्म के ऑनलाइन लीक होने से 'डंकी' की कमाई पर असर पड़ सकता है। इससे पहले भी कई फिल्में लीक हो चुकी हैं, लेकिन उनका फिल्मों की कमाई पर कोई खास असर नहीं पड़ा था। अब देखना होगा कि फिल्म 'डंकी' पर इसका कितना असर पड़ता है। 'सैक्निल्क की एक रिपोर्ट के मुताबिक, 'डंकी' ने पहले दिन बॉक्स ऑफिस पर जोरदार शुरूआत की है।

## एक नजर

### सचिवालय सेवा के दो अधिकारियों पर होगी विभागीय कार्रवाई

**रांची।** झारखंड सचिवालय सेवा के दो पदाधिकारियों पर अलग-अलग मामलों में विभागीय कार्रवाई होगी। कार्मिक विभाग ने शुक्रवार को इसकी स्वीकृति दे दी है। गृह, कारा विभाग के अंतर्गत कारा निरीक्षणालय में अधिसूचित व कृषि विभाग के अवर सचिव लालिमा डाडेल पर बिना किसी अनुमति या सूचित किए बिना कार्यालय में लंबी अवधि से अनुपस्थित रहने संबंधी आरोप हैं। इसी तरह तत्कालीन अवर सचिव स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग संतोष कुमार पर भी विभागीय कार्रवाई चलाने का आदेश दिया गया है।

### रेल मंत्री अश्विन वैष्णव से मिले सीपी चौधरी और ढुल्लू महतो

**रांची।** गिरिडीह के सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी व बाघमारा के विधायक ढुल्लू महतो ने रेल मंत्री अश्विन वैष्णव से नई दिल्ली में मिलकर धनबाद- रांची पैसेंजर ट्रेन, धनबाद- हटिया गरबेटा पैसेंजर ट्रेन व धनबाद- चंद्रपुरा मुरी पैसेंजर ट्रेन का पुनः परिचालन करने की मांग की है। उन्होंने रेल मंत्री का ध्यान इस ओर आकृष्ट कराया की 15 जून 2017 तक इन पैसेंजर ट्रेनों का परिचालन होता था। साथ ही रेल मंत्री को इस बात स्मरण कराया कि 19 फरवरी 2019 से धनबाद चंद्रपुरा रेल मार्ग का पुनः परिचालन शुरू कर दिया गया है। इसको देखते हुए 5333/53336 धनबाद- रांची पैसेंजर ट्रेन ,53337/53338 धनबाद -हटिया गरबेटा पैसेंजर ट्रेन व 53339/53340 धनबाद -चंद्रपुरा मुरी पैसेंजर ट्रेन का धनबाद चंद्रपुरा रेल मार्ग पर पुनः परिचालन किए जाने की जरूरत है। इस पर रेल मंत्री ने शीघ्र समुचित कार्रवाई को लेकर आश्वस्त किया।

### बीडीओ के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति की एसीबी करेगी जांच

**रांची।** सिल्ली के तत्कालीन बीडीओ जगेश्वर महतो के खिलाफ एसीबी ने आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने का मामला दर्ज किया है। एसीबी ने पूर्व में मिली शिकायत के आधार पर आईए दर्ज कर बीडीओ के खिलाफ जांच की थी, प्रथमदृष्टया जांच में आए तथ्यों के आधार पर एसीबी ने पीई दर्ज करने की अनुमति मंत्रिमंडल, निगरानी व सचिवालय विभाग से मांगी थी।

## चुनाव आयोग ने सीएस को भेजी चिट्ठी

# तीन साल से एक ही जिले में पोस्टेड अफसरों को हटाएं

### लोकसभा व राज्यों में विधानसभा चुनावों के मद्देनजर भेजा गया पत्र

### विभाग के राज्य मुख्यालय में पोस्टेड अफसर दायरे से बाहर

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर भारत निर्वाचन आयोग ने राज्य के मुख्य सचिव व मुख्य निर्वाचन अधिकारी को पत्र लिखा है। चुनाव आयोग ने आदेश जारी किया है कि चुनाव में शामिल कोई भी पदाधिकारी अपने गृह जिले में पोस्टेड नहीं रहेगा। साथ ही बीते चार सालों में तीन साल एक ही जिले में पोस्टेड रहे अफसरों का भी तबादला करने का आदेश दिया गया है। वैसे पदाधिकारी जो 30 जून 2024 की तारीख तक किसी जिले में तीन साल की अवधि पूरी करेंगे, उन्हें हटाने का आदेश भारत निर्वाचन आयोग ने दिया है। भारत निर्वाचन आयोग के आदेश के अनुसार, 31 जनवरी 2024 तक सभी तबादले कर इसकी सूचना आयोग को देनी है।



### पुलिस में किस-किस का होगा तबादला

पुलिस विभाग के एडीजी, आईजी या डीआईजी रैंक के अधिकारी भी इसके दायरे में आएंगे। रेंज में उनकी पोस्टिंग के अगर तीन साल पूरे हो चुके हैं तो उनको भी हटना होगा। इसके साथ ही आर्म्स पुलिस के कमांडेंट, एसएसपी, एसपी, एडिशनल एसपी, एसडीपीओ, डीएसपी, थाना प्रभारी, इंस्पेक्टर, सब इंस्पेक्टर, सार्जेंट मेजर व उसके समकक्ष रैंक के पुलिस पदाधिकारी जो सुरक्षा संबंधी ड्यूटी या बलों की प्रतिनियुक्ति का काम देखते हैं, वह तबादला आदेश के दायरे में आएंगे।

### इस श्रेणी के अफसरों को भी तबादले से बाहर रखा गया

किसी भी विभाग या पुलिस में राज्य मुख्यालय में पदस्थापित पदाधिकारियों को भारत निर्वाचन आयोग के आदेश के अनुपालन से दूर रखा गया है। राज्य सरकार के डॉक्टर, इंजीनियर, शिक्षक, स्कूल के प्रर्चाय जो सीधे तौर पर चुनाव से जुड़े नहीं होते, उनपर भी तबादला आदेश लागू नहीं होगा। यदि इस प्रकार के किसी कर्मी के खिलाफ राजनीतिक पक्षपात या पूर्वाग्रह की शिकायत मिलती है तो उस पदाधिकारी के खिलाफ जांच होगी, इसके बाद चुनाव आयोग के सीईओ के आदेश पर कार्रवाई होगी।

# सांसदों के निलंबन के खिलाफ इंडी गंठबंधन ने निकाला विरोध मार्च

### राज्य के सभी जिला मुख्यालयों में रैली निकाल जताया रोष

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

लोकसभा और राज्यसभा से सांसदों को निलंबित करने के विरोध में आईएनडीआईए गठबंधन ने शुक्रवार को रांची के जिला स्कूल से राजभवन तक विरोध मार्च निकाला। ऐसा ही विरोध प्रदर्शन राज्य के सभी जिला मुख्यालयों पर किया गया। रांची में जुलूस का नेतृत्व करते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि लोकसभा में सांसदों के आवाज को दबा दिया गया। इसलिए हम सड़क पर आकर लड़ाई लड़ रहे हैं। हमें सड़क पर प्रदर्शन करने से कोई नहीं रोक सकता। देश के लोकतंत्र और संविधान सुरक्षित नहीं है। भाकपा के प्रदेश सचिव महेंद्र पाठक ने कहा कि केंद्र सरकार अडानी अंबानी के इशारे पर कार्य कर रही है। केंद्र सरकार को संविधान से कोई लेना-देना



नहीं, इसलिए लगातार जन विरोधी फैसले ले रही है। आने वाले दिन 2024 के लोकसभा चुनाव में जनता सबक सिखाएगी। झामुमो के प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि देश में आपातकाल की स्थिति है। केंद्र सरकार विपक्षी सरकारों को निशाना बना रही है। कभी ईडी के नाम पर तो कभी सीबीआई के नाम पर लोगों को परेशान किया जा रहा है। इस अवसर पर वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव, कृषि मंत्री बादल पत्रलेख, जनता दल के सभा को राष्ट्रीय जनता दल के रंजन यादव ,धर्मेंद्र महतो, आम आदमी पार्टी के हरी सिंह, तृणमूल के फिलोमिन टोपनो, झामुमो के जिला अध्यक्ष मुस्ताक आलम,कांग्रेस के जिला अध्यक्ष राकेश किरण, सीपीआई के अजय सिंह, झामुमो के जिला सचिव हेमलाल महतो सहित कई नेता मौजूद थे।

## पृष्ठ एक के शेष

**विधायक चौरसिया ने सदन में उठाया...**
हुई है। एनएच की तरह इस मार्ग पर भी चौबीसो घंटे वाहनों का आवागमन होता रहता है। इससे चार दशक पुराना यह पुल लगातार कमजोर भी हो रहा है। इसके क्षतिग्रस्त होने की स्थिति में नजदीकी इलाकों का मुख्यालय संपर्क टूट जायेगा। क्योंकि कोयल पर करने का दूसरा नजदीकी कोई मार्ग नहीं है। बताते चलें तीन - चार वर्ष पूर्व शहर को जाम से मुक्त कराने की योजना के तहत बाईपास के लिए कोयल के सिंगरा व चेड़ाबार के बीच एक पुल का निर्माण तो कराया गया है, किन्तु एप्रोच रोड नहीं बनने के कारण इसका उपयोग नहीं के बराबर हो रहा है। नतीजा है कि यह पुल देख- रेख के अभाव में कम समय में जर्जर होकर अपनी गुणवत्ता खो चुका है। बहरहाल विधायक श्री चौरसिया द्वारा भविष्य के लिए संभावित गंभीर समस्या के समाधान की दिशा में समय रहते की गई इस पहल की हर क्षेत्र के लोग सराहना कर रहे हैं। कहा जा रहा है कि राज्य सरकार इस मामले पर गंभीर नहीं हुई तो आनेवाले विधान सभा के चुनाव में यह इस क्षेत्र का गंभीर चुनावी मुद्दा बनेगा। इससे इनकार नहीं किया सकता है।

**न दल्लिी से न रांची से, गांव से चलेगी...**
होता तो हम देखते कि कैसे उचित कार्रवाई में इतनी विलंब होती।

**डबल इंजन सरकार ने 11 लाख राशन कार्ड डिलीट कर दिया :** सोरेन ने कहा कि राज्य अलग होने के बाद खजाना भरने की बजाए राज्य को गरीबी और पिछड़ापन मिला। उन्होंने पूर्व की रघुवर सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि डबल इंजन सरकार ने राशन के लिए 11 लाख गरीब गुरबा के राशन कार्ड को ही डिलीट कर दिया। केंद्र की सरकार ने तो लॉकडाउन के दौरान गरीब मजदूरों को भूख से मरने के लिए उन्हें सड़कों पर ही छोड़ दिया था लेकिन अपने राज्य के गरीब मजदूरों को उस विकट स्थिति में हवाई जहाज से उन्हें वापस घर पहुंचाने वाला देश का पहला राज्य बना।

**पलामू में अब सरकारी मध्य...**
रहा है। इससे पता चलता है कि उनकी प्रगति पर नजर नहीं रखी जा रही है। उन्होंने बताया कि शुरूआती दौर में जिले के चुनिंदा स्कूलों में रेल परियोजना लागू की जायेगी। नतीजे सकारात्मक आने पर उसे अन्य विद्यालयों में शुरू किया जायेगा।

**नक्सलियों ने गोइलकेरा-पोसैता रेलवे...**
जानकारी इस रेल खंड की दूसरी लाइन से गुजर रही एक मालगाड़ी के क्रू और गार्ड ने नजदीकी स्टेशन को दी। इसके बाद चक्रधरपुर रेल मंडल में हड़कंप मच गया। इसके बाद फौरन मार्ग में ट्रेनों का परिचालन रोक दिया गया। सीनियर डीसीएम गजराज सिंह ने बताया कि सूचना मिलते ही समूचे रेल मंडल में ट्रेनों का परिचालन रोक दिया गया। सुरक्षाबलों की टीम को मौके पर भेजा गया। डीआरएम एजे राठौड़ ने बताया कि तड़के चार बजे के बाद से अब तक ट्रेनों का परिचालन बहाल नहीं हो पाया है। चक्रधरपुर राउरकेला सारंडा पैसेंजर स्पेशल का परिचालन रद्द कर दिया गया है।

**सभी रूट पर पुलिस गश्त बढ़ाई गई :** घटना के बाद राज्य के नक्सल प्रभावित इलाकों की सभी रूटों पर पुलिस कि गश्त बढ़ा दी गई है। नक्सल प्रभावित जिलों में स्थापित रेलवे स्टेशन के बाहर और भीतर दोनों तरफ निगरानी बढ़ा दी गई है। हर ट्रेन की गहनता से जांच करवाई जा रही है। इसके लिए स्वान दस्ते की भी मदद ली जा रही है। स्टेशन में प्रवेश कर देने वाले यात्रियों को भी चेक किया जा रहा है। विस्फोट की वजह से हटिया से हावड़ा जाने वाली दो ट्रेनों को भी रद्द कर दिया गया है। बंद को लेकर भाकपा माओवादियों के द्वारा जारी किए गए पत्र में यह लिखा गया है कि नक्सल मुक्त झारखंड के नाम पर केंद्रीय बलों के साथ मिलकर झारखंड पुलिस आदिवासी बहुल इलाकों में अत्याचार कर रही है। अगस्त 2022 से लेकर अब तक लगातार लाल दस्ते पर बर्बर हमले किए जा रहे हैं। इन हमलों में हमारे साथियों को पकड़-पकड़ कर मारा जा रहा है। हमने पुलिस के नाजायज हमले के खिलाफ आवाज बुलंद किया है।

**झारखंड हाई कोर्ट में मानहानि से...**
रूप से राहुल गांधी के इस आपत्तिजनक टिप्पणी के बाद भाजपा नेता नवीन झा ने निचली अदालत में एक याचिका दायर की थी और बाद में मामला हाई कोर्ट पहुंचा था। झारखंड में राहुल गांधी के खिलाफ इस वक्त तीन केस चल रहे हैं। नवीन झा के अलावा इसी मामले में एक और मुकदमा भाजपा नेता प्रताप कुमार ने चाईबासा कोर्ट में दायर किया था।

**जेजेएमपी के चार उग्रवादी हथियार...**
जेजेएमपी उग्रवादी के सदस्यों ने बताया कि वे लोग हंसराज टोला के स्वर्गीय नंदू परहिया की 5 एकड़ 60 डिसमिल जमीन को मोहन परहिया को कब्जा दिलाने के लिए ग्रामीणों को पिस्टल के बल पर धमका रहे थे। सर्किल इंस्पेक्टर अनिल उरांव ने बताया कि सभी लोगों को गिरफ्तार कर छिपादोहार थाने में सुसंगत धाराओं में मामला दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई प्रारंभ की गई है। इस छापामारी अभियान में थाना प्रभारी अभिषेक कुमार, पुलिस पदाधिकारी रंजीत राम, काशी माहली आदि शामिल थे।

**भारत की जाति जनगणना न्याय या...**
सभी को चाहिए जबकि असलियत यह है कि राजनीतिक पहुंच से शक्तिशाली या संपन्न पिछड़ा या आरक्षित वर्ग अपने समुदाय के उन गरीबों का हक मारेगा जिसे सचमुच इसकी अवश्यकता है । जातीय आरक्षण से इस प्रकार एक और संभ्रांत वर्ग तैयार होगा जो सिर्फ किसी जाति विशेष में जन्म लेने के कारण नेतृत्व से लेकर नौकरी तक में सुविधाजनक हिस्सेदारी लेगा, जबकि आर्थिक आधार पर आरक्षण की मांग सदियों पुरानी है क्योंकि सैंकड़ों वर्ष पहले के राजे रजवाड़े या उनके मंत्री कारिंदे इस आधार पर सार्वजनिक धन से संचालित सुविधाओं या अवसर से इस आधार पर वंचित किए जा रहे हैं कि उनके पुरखों की जाति संपन्न और शक्तिशाली थी। संविधान की रचना इस मूल भावना के साथ की गई है जिसमें समतामूलक,बिना भेदभाव के समान अवसर के सिद्धांत निरूपित हैं और इसकी 50 प्रतिशत की सीमा भी तय की गई है। बाबा साहब जातिविहीन समतावादी समाज की बात करते थे और आज फिर से जाति को जीत का हथियार बनाने की तैयारी चल रही है ।

**पुंछ की हेलीकॉप्टर और ड्रोन...**
गली से कुछ स्थानीय संदिग्ध लोगों को हिरासत में लिया है। यह ऑपरेशन 48 राष्ट्रीय राइफल्स की निगरानी वाले क्षेत्र में हो रहा है। इन दोनों सैन्य वाहनों पर आतंकियों ने राजौरी के थानामंडी इलाके में डेरा की गली और बुफलियाज के बीच धत्यार मोड़ पर गोलीबारी की। भारतीय सैनिकों ने तुरंत गोलीबारी का जवाब दिया, जिसके बाद आतंकियों से मुठभेड़ शुरू हुई। राजौरी, पुंछ और रियासी जिलों में इस साल मुठभेड़ों में अब तक 19 सुरक्षाकर्मी शहीद हुए हैं और 28 आतंकवादी मारे गए हैं। इन मुठभेड़ों में कुल 54 लोग मारे गए हैं। इससे पहले अक्टूबर 2021 में वन क्षेत्र में आतंकवादियों के दो अलग-अलग हमलों में नौ सैनिक शहीद हो गए थे। चमरेर में 11 अक्टूबर को एक जूनियर कमीशंड अधिकारी (जेसीओ) सहित पांच सैन्यकर्मी शहीद हुए थे, जबकि 14 अक्टूबर को एक निकटवर्ती जंगल में एक जेसीओ और तीन सैनिकों ने जान गंवाई थी।

## संजीव सिंह को क्यों नहीं भेजा एम्स

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट में पूर्व डिप्टी मेयर नीरज सिंह की हत्या के मामले में झरिया के पूर्व विधायक संजीव सिंह की जमानत याचिका की सुनवाई शुक्रवार को हुई। न्यायाधीश रंगन मुखोपाध्याय की कोर्ट ने मामले में राज्य सरकार को जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने राज्य सरकार से पूछा है कि संजीव सिंह को बेहतर इलाज के लिए एम्स क्यों नहीं भेजा गया है। कोर्ट ने मामले में राज्य सरकार को जवाब दाखिल करने का निर्देश देते हुए अगली सुनवाई तीन जनवरी निर्धारित की है। याचिकाकर्ता संजीव सिंह की ओर से अपनी बीमारी का हवाला देते हुए 30 दिन का प्रोविजनल बेल का आग्रह कोर्ट से किया गया है। याचिकाकर्ता की ओर से कोर्ट को बताया गया कि संजीव सिंह गंभीर रूप से बीमार है। वे रिम्स में इलाजरत है। रिम्स के आठ डॉक्टरों की टीम ने उन्हें बेहतर इलाज के लिए एम्स भेजने की अनुशंसा की है, लेकिन जेल प्रशासन अगस्त माह से ही इस मामले में कुछ नहीं कर रहा है।


## कार्यालय, उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी, पलामू

दूरभाष (मो0) सं0- (जिला भू-अर्जन शाखा) Email {dlaopalamau@gmail.com}

**KHATIAN AND VALUATION STATEMENT**

(3G Award के तहत घोषित)

**Name of Project :- भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या–75 (Section-II)**

(कि0मी0 97.515 (उदयपुरा) से कि0मी0 147.540 (भोगू) तक 4 लेन पथ निर्माण)

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकार (NHAI-75) खण्ड–2 कि0मी0 97.515 (उदयपुरा) से कि0मी0 147.540 (भोगू) तक 4 लेन पथ निर्माण हेतु अधिनियम की धारा–3G के तहत् घोषित निम्न विवरणी के अनुसार भूमि अर्जन की जा रही है। तदनुसार उक्त विवरणी के आलोक में संबंधित रैयत साक्ष्य के साथ अपना आपत्ति एक सप्ताह के भीतर जिला भू–अर्जन कार्यालय, पलामू में दर्ज करना सुनिश्चित करें। उक्त अवधि के पश्चात् प्राप्त आपत्ति पर जिला भू–अर्जन कार्यालय विचार करने हेतु बाध्य नहीं होगा।

एन0एच0ए0आई0–75 अन्तर्गत मौजा:– पोंची, थाना:– सतबरवा, थाना नं0:– 255

पत्रांक– 844(D)/भू0अ0, दिनांक– 18.12.2023

| क्र0स0 | ग्राम का नाम | खाता | प्लॉट | भूमि का प्रकार | भूमि का किस्म | अर्जित भूमि एकड़ में | क्रमांक एवार्ड | एवार्डधारी का नाम पिता के साथ | अभियुक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 1 | पोंची | 27 | 182 | रैयती | टांड़–3 | 0.0210 | 1 | अनिल कुमार, पिता प्रभु साव | |
| 2 | | 74 | 198/P | बकास्त | टांड़–3 | 0.1777 | 2 | अर्जुन उपाध्याय वगै0, पिता रामवृक्ष उपाध्याय | दखल विपन बिहारी उपाध्याय वगैरह, पिता स्व0 कुंजदेव उपाध्याय, गिरिश उपाध्याय, चन्द्रशेखर उपाध्याय, पिता स्व0 रामवृक्ष उपाध्याय एवं अन्य |
| | | 1 | 191 | बकास्त | टांड़–3 | 0.6721 | | तदैव | दखलकार ग्रीश उपाध्याय, चन्द्रशेखर उपाध्याय, निरंजन उपाध्याय, कालिन्दा देवी, विनय उपाध्याय, विपन उपाध्याय, दिलीप उपाध्याय |
| | | 88 | 216/P | बकास्त | धान–3 | 0.5000 | | तदैव | तदैव |
| | | 1 | 223 | बकास्त | टांड़–3 | 0.9834 | | तदैव | तदैव |
| | | 88 | 189/P | बकास्त | टांड़–2 | 0.2725 | | तदैव | तदैव |
| 3 | | 88 | 216/P | बकास्त | धान–3 | 0.3569 | 3 | कुंजदेव उपाध्याय, पिता रामवृक्ष उपाध्याय | दखलकार विपन उपाध्याय, दिलीप उपाध्याय, विनय उपाध्याय |
| 4 | | 33 | 207 | रैयती | धान–3 | 0.0462 | 4 | केदार साव, पिता स्व0 प्यारी साव | |
| 5 | | 74 | 214/P | बकास्त | धान–2 | 0.2600 | 5 | केदार साव, पिता धनी साव | |
| 6 | | 71 | 162/P | रैयती | धान–3 | 0.6138 | 6 | 1. गनौरी साव, पिता सेडु साव | दखल प्रयाग, सेवक, विमल, नरेश, श्यामसुन्दर, राजेन्द्र, राजेश, लिलेश्वर, विनोद, विनय एवं अन्य |
| | | 71 | 162/P | रैयती | धान–3 | | | 2. विफन साव, पिता हीरा साव | दखल हिरा साव |
| | | 71 | 162/P | रैयती | धान–3 | | | 3. सुरेश साव, मंगन साव, महेश साव, पिता पृत साव | चापाकल–1 |
| | | 71 | 162/P | रैयती | धान–3 | | | 4. सीटन साव, पिता नन्हकू साव | |
| | | 71 | 162/P | रैयती | धान–3 | | | 5. अज्ञात | दखलकार हीरा साव |
| 7 | | 106 | 109/P | बकास्त | धान–3 | 0.2174 | 7 | 1. गीता देवी, पति पशुपति महेता | |
| | | 106 | 109/P | बकास्त | धान–3 | | | 2. पशुपति महतो व ओम प्रकाश महतो, उदय महतो, पिता कवलधारी महतो | |
| | | 106 | 109/P | बकास्त | धान–3 | | | 3. श्री राम महतो, पिता स्व0 जमादार महतो | |
| | | 106 | 109/P | बकास्त | धान–3 | | | 4. संजय कुमार, ध्रुपदेव कुमार, नृपदेव कुमार, पिता श्री राम महतो | |
| 8 | | 94 | 184 | रैयती | टांड़–3 | 0.5421 | 8 | चन्द्रमुखी देवी, पति मथुरा उपाध्याय | दखल विनोद कुमार उपाध्याय, प्रदीप कुमार उपाध्याय एवं अन्य |
| 9 | | 1 | 527/P | बकास्त | टांड़–3 | 0.9200 | 9 | 1. श्रीमती चिन्तामणी देवी, पति बिनोद प्रसाद | |
| | | 1 | 527/P | बकास्त | टांड़–3 | | | 2. मंजु देवी, पति सुरेश प्रसाद | |
| | | 1 | 527/P | बकास्त | टांड़–3 | | | 3. विकाश कुमार गुप्ता, पिता बिनोद प्रसाद | |
| | | 1 | 527/P | बकास्त | टांड़–3 | | | 4. प्यारी साव व हरि साव, पति टीबर साव | दखल अरूण कुमार, ललन, विनोद, संतोष, सतेन्द्र, अशोक |
| | | 1 | 527/P | बकास्त | टांड़–3 | | | 5. अज्ञात | दखल राजकुमार साव |
| | | 1 | 527/P | बकास्त | टांड़–3 | | | 6. अज्ञात | दखल महेन्द्र प्रसाद |
| | | 1 | 527/P | बकास्त | पईन नाला | | | 7. पईन नाला | |
| 10 | | 88 | 189/P | बकास्त | टांड़–2 | 0.4030 | 10 | जगत मोहन वो हरिमोहन सहाय वगै0, पिता शिवसरन लाल | दखलकार आशिष कुमार सिन्हा, सुधीर कुमार श्रीवास्तव एवं अन्य |
| 11 | | 50 | 540 | रैयती | टांड़–3 | 2.4457 | 11 | टिबर साव, पिता रतन साह | दखल अरूण कुमार, ललन, विनोद, संतोष, सतेन्द्र, अशोक एवं अन्य |
| 12 | | 43 | 212 | रैयती | टांड़–3 | 0.1826 | 12 | तपसी राम, पिता स्व0 जगदेव राम | दखल दिपिक कुमार वगैरह एवं अन्य |
| 13 | | 98 | 168/P | रैयती | टांड़–3 मकान | 0.2625 | 13 | नागेश्वर ठाकुर | दखल शिवनन्दन ठाकुर, सुरेन्द्र ठाकुर, ललेन्द्र ठाकुर, सुरज ठाकुर, धीरज ठाकुर एवं अन्य चापाकल–1 मकान–1 ललेन्द्र ठाकुर, पिता बच्चु ठाकुर |
| 14 | | 47 | 114 | रैयती | टांड़–3 | 0.0234 | 14 | निर्पत साव, पिता स्व0 रामदत्त साव, मुनारिक साव, कृष्णा साव, पिता निर्पत साव | दखल निरूपत साव |
| 15 | | 1 | 163/P | बकास्त | टांड़–1 | 0.7444 | 15 | पशुपति महतो व ओम प्रकाश महतो, उदय महतो, पिता कवलधारी महतो | पेड़–8 |
| 16 | | 98 | 168/P | रैयती | टांड़–3 मकान | 0.4000 | 16 | प्रसाद ठाकुर, पिता छकौड़ी ठाकुर | दखल तिलक ठाकुर, हरिहर ठाकुर एवं अन्य कुआं–1 चापाकल–1 |
| 17 | | 43 | 215 | रैयती | टांड़–3 | 0.6775 | 17 | प्रमिला देवी, पति गणेश शुक्ला | |
| | | 43 | 217 | रैयती | धान–3 | 0.0116 | | तदैव | |
| 18 | | 71 | 172/P | रैयती | धान–3 | 0.0400 | 18 | पृत साव वल्द नन्हकू साव | |
| 19 | | 106 | 110 | बकास्त | टांड़–3 | 0.0274 | 19 | पूरन महतो, जनेश्वर महतो, गनेश महतो, इन्द्रदेव महतो, पिता जमेदार महतो वो ध्रुपदेव महतो, पिता श्रीराम महतो | दखल गणेश महतो, पिता जमेदार महतो एवं अन्य |
| 20 | | 18 | 160/P | रैयती | धान–3 | 0.5703 | 20 | 1. बाबुलाल साव, बिरेन्द्र साव | |
| | | 18 | 160/P | रैयती | धान–3 | | | 2. अयोधया पाठक व रामकिशन पाठक, वल्द वासुदेव पाठक | दखल रामस्वरूप पाठक, दयावन्ती देवी, राजेश कुमार, संजिव कुमार |
| | | 18 | 160/P | रैयती | धान–3 | | | 3. रामस्वरूप पाठक, वल्द रामकृष्ण पाठक | |
| 21 | | 60 | 199/P | रैयती | धान–2 | 0.1518 | 21 | विगन नोनिया, वल्द अर्जुन नोनिया, रामनाथ नोनिया, पिता जोधाई नोनिया | दखल जनार्दन, नन्दकिशोर, फुलेन्दर, योगेन्द्र एवं अन्य |
| 22 | | 1 | 163/P | बकास्त | टांड़–1 मकान | 0.4125 | 22 | विफन साव, पिता हीरा साव | दखल पिन्टु प्रसाद एवं अन्य कुआं–1 |
| 23 | | 98 | 168/P | रैयती | टांड़–3 मकान | 0.3325 | 23 | विनदेश्वर ठाकुर, पिता छकौड़ी ठाकुर | दखल कालो देवी, पति स्व0 अवधेश ठाकुर, जमुना ठाकुर, पिता स्व0 बालो ठाकुर, जगन्नाथ ठाकुर, पिता विनेश्वर ठाकुर एवं अन्य चापाकल–2 पेड़–3 |
| 24 | | 74 | 170 | बकास्त | धान–3 | 0.7287 | 24 | विमलकान्त व शशीकान्त व निर्मलकान्त श्रीवास्तव, पिता उमाकान्त प्रसाद | दखल कृष्णकान्त श्रीवास्तव एवं अन्य |
| 25 | | 74 | 214/P | बकास्त | धान–2 | 0.0292 | 25 | भोलानाथ उपाध्याय, पिता राजकिशोर उपाध्याय | |
| 26 | | 98 | 168/P | रैयती | टांड़–3 | 0.2004 | 26 | 1. मदन साव, वल्द मुनेश्वर साव 2. भोला साव, वल्द मुनेश्वर साव | दखल संदीप सोनी व कन्हाई साव एवं अन्य कुआं–1 पेड़–2 |
| 27 | | 42 | 171 | रैयती | धान–3 | 0.5144 | 27 | महेश भुईयां, पिता अकलू भुईयां | दखल राकेश कुमार वगैरह एवं अन्य |
| 28 | | 4 | 120 | रैयती | टांड़–3 | 0.1811 | 28 | महेन्द्र मेहता, पिता चन्द्रधन मेहता | |
| 29 | | 52 | 185 | रैयती | टांड़–3 | 1.0847 | 29 | मानमती देवी, पति राम अवतार पाण्डेय | दखल उमाकान्त पाण्डेय, कौशलय देवी, अखिलेश्वर, सर्वेश्वर, कमलेश्वर, अरूण, अरबिन्द, सुनिल, सुधीर, मनोज, पंकज कुमार पाण्डेय एवं अन्य |
| 30 | | 102 | 183 | रैयती | टांड़–3 मकान | 1.1838 | 30 | राहिल भुईयां वो मिरचा भुईयां, पिता सखी भुईयां | दखल जगदीश भुईयां वगैरह एवं अन्य |
| 31 | | 11 | 169/P | रैयती | टांड़–3 मकान | 0.2038 | 31 | रामवृक्ष पासी, वल्द महादेव पासी | दखल सतेन्द्र सोनी |
| | | 11 | 169/P | रैयती | टांड़–3 मकान | | | तदैव | दखल रामचन्द्र पासी वगैरह चापाकल–2 पेड़–7 |
| 32 | | 1 | 163/P | बकास्त | टांड़–1 | 0.0121 | 32 | शिव पासी, पिता रामलाल पासी | दखल बाबुलाल पासी |
| 33 | | 58 | 179/P | रैयती | टांड़–3 | 0.5549 | 33 | 1. सरीता देवी, पति दीपक साव | |
| | | 58 | 179/P | रैयती | टांड़–3 मकान | | | 2. त्रिलोकी साव एवं किस्मतीया देवी, वल्द अन्हक्ष साव | दखल कामेश्वर साह, लोचन साह एवं अन्य |
| | | 58 | 179/P | रैयती | टांड़–3 | | | 3. अघोरी साव, पिता गोपाल साव | दखल विल्ट साव, सरस्वती कुंवर, नारायण साव, त्रिलोकी साव एवं अन्य |
| 34 | | 88 | 202 | बकास्त | धान–3 | 1.3410 | 34 | सरफुद्दीन मियां, पिता वारिस अली | दखल मो0 मोजीब वगैरह, पिता सरफुद्दीन मियां |
| 35 | | 1 | 163/P | बकास्त | टांड़–1 | 0.0042 | 35 | सिटन साव, पिता नन्हकू साव | |
| 36 | | 74 | 214/P | बकास्त | धान–2 | 0.2917 | 36 | सूर्यनाथ उपाध्याय, पिता रामाधार उपाध्याय | दखल रविन्द्र कुमार उपाध्याय एवं अन्य |
| 37 | | 60 | 199/P | रैयती | धान–2 | 0.1518 | 37 | सोनकली कुंवर, पति रामनाथ नोनिया | दखल उदेश्वर चौधरी, सुदीप चौधरी, चन्दन कुमार, शर्मीला कुंवर, सदन चौधरी एवं अन्य |
| 38 | | 18 | 116/P | रैयती | टांड़–2 | 0.4600 | 38 | श्रीराम महतो वगै0, पिता जमादार महतो | |
| | | 18 | 116/P | रैयती | टांड़–2 | 0.3322 | | तदैव | विवादित |
| 39 | | 66 | 528/P | रैयती | टांड़–3 | 1.3054 | 39 | 1. पंचायत भवन पोंची | चापाकल–1 |
| | | 66 | 528/P | रैयती | टांड़–3 | | | 2. टिबर साव, पिता रतन साह | दखल अरूण कुमार, ललन, विनोद, संतोष, सतेन्द्र, अशोक |
| | | 66 | 528/P | रैयती | टांड़–3 | | | 3. श्री अरूण प्रसाद, पिता राजकुमार साव | बाउण्डरी चापाकल–1 |
| | | 66 | 528/P | रैयती | टांड़–3 | | | 4. बांध | |
| | | 66 | 528/P | रैयती | टांड़–3 | | | 5. अज्ञात | दखल सतेन्द्र कुमार गुप्ता बाउण्डरी |
| 40 | | 74 | 214/P | बकास्त | पईन नाला | 0.0368 | 40 | पईन नाला | |
| | | 60 | 199/P | रैयती | पईन नाला | 0.0183 | | तदैव | |
| 41 | | 74 | 198/P | बकास्त | टांड़–3 | 0.0100 | 41 | अज्ञात | दखल भुषण कुमार शुक्ला, संतज्ञान शुक्ला |
| 42 | | 71 | 172/P | रैयती | धान–3 | 0.0138 | 42 | अज्ञात | दखल पृत साव |
| 43 | | 106 | 112 | बकास्त | धान–3 | 0.5673 | 43 | अज्ञात | दखल विवादस्पद |
| | | | | | कुल :– | 21.4939 | | | |

कानूनगो, जिला भू–अर्जन कार्यालय, पलामू। | जिला भू–अर्जन पदाधिकारी पलामू। | अपर समाहर्त्ता पलामू। | उपायुक्त पलामू।

PR 314072 Palamu (23-24)_D

## एक नजर

### भारतीय महिला हॉकी टीम ने आयरलैंड पर 2-1 से जीत हासिल की

**वालेंसिया।** भारतीय महिला हॉकी टीम ने गुरुवार को आयरलैंड के खिलाफ 2-1 से जीत के साथ अपने 5 देशों के टूनामेंट वालेंसिया 2023 अभियान का समापन किया। भारत के लिए दीपिका (4') और संगीता कुमारी (22') निशाने पर थीं, जबकि कप्तान कैथरीन मुलान (12') ने आयरलैंड के लिए एकमात्र गोल किया। भारत ने खेल की शुरूआत फ्रंटफुट पर की, दीपिका ने पहले क्वार्टर की शुरूआत में ही गेंद को गोल में डालकर भारत को बढ़त दिला दी। लेकिन आयरलैंड शुरूआती भारतीय हमले से घबराया नहीं था, उन्होंने खुद को संभाला और कुछ ही देर बाद अपनी कैप्टन कैथरीन मुलान के जरिए बराबरी हासिल कर ली। दूसरे क्वार्टर में, आयरलैंड ने बढ़त हासिल करने की कोशिश की, जल्दी-जल्दी दो पेनल्टी कॉर्नर अर्जित किए, लेकिन भारतीय अपनी रक्षा में दृढ़ रहे। भारतीय महिला हॉकी टीम को अपना पेनल्टी कॉर्नर मिला और संगीता कुमारी ने गोल करने के लिए कदम बढ़ाया और हाफटाइम ब्रेक से पहले अपनी टीम को फिर से बढ़त दिला दी।

### फीफा रैंकिंग 2023 में टॉप पर अर्जेंटीना

**जिनेवा।** विश्व चैंपियन अर्जेंटीना ने 2023 के अंत में अपना विश्व नंबर 1 स्थान मजबूती से बरकरार रखा। फीफा ने साल के अंत में पुरुषों की विश्व रैंकिंग की घोषणा की, जिसमें टीम नंबर 1 पर काबिज है। शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, अर्जेंटीना ने अप्रेल में शीर्ष स्थान हासिल किया और तब से शीर्ष दस में अन्य नौ स्थानों के कई बार बदलने के बावजूद बढ़त बनाए रखी है। फ्रांस ने अपना दूसरा स्थान बरकरार रखा और इंग्लैंड ने इस साल तीसरे स्थार पर कब्जा किया। पिछली विश्व रैंकिंग 30 नवंबर को जारी होने के बाद दिसंबर में केवल 11 अंतर्राष्ट्रीय मैच खेले गए थे, जबकि स्टैंडिंग के दिसंबर संस्करण में ज्यादा बदलाव नहीं दिखे।

### हमारा उद्देश्य फुटबॉल दर्शकों के साथ गहरा जुड़ाव बनाना : सोनी पिक्चर्स

**मुंबई।** भारत में लगातार बढ़ती फुटबॉल दर्शकों की संख्या के साथ, सोनी पिक्चर्स नेटवर्क्स इंडिया के डिस्ट्रीब्यूशन और इंटरनेशनल बिजनेस के मुख्य राजस्व अधिकारी और हेड-स्पोर्ट्स बिजनेस, राजेश कौल ने कहा कि वे प्रशंसकों के साथ गहरा जुड़ाव बनाना चाहते हैं, जिससे वो भारतीय दर्शकों के व्यापक स्पेक्ट्रम तक पहुंचें। फुटबॉल को बढ़ावा देने के लिए एक रणनीतिक कदम में सोनी स्पोर्ट्स नेटवर्क ने बॉलीवुड अभिनेता कार्तिक आर्यन के साथ सहयोग किया है और उन्हें फुटबॉल के लिए ब्रांड एंबेसडर नियुक्त किया है। साझेदारी में यूईएफए यूरो 2024, यूईएफए चैंपियंस लीग, यूईएफए यूरोपा लीग, यूईएफए कॉन्फ्रेंस लीग, यूईएफए नेशंस लीग, बुंडेसलीगा, एमिरेट्स एफए कप, डूरंड कप और रोशन सऊदी लीग सहित मार्की फुटबॉल टूनामेंट और लीग का कवरेज शामिल है।

# दक्षिण अफ्रीका से अचानक भारत लौटे विराट कोहली



## ऋतुराज गायकवाड़ टेस्ट सीरीज से हुए बाहर

**एजेंसी। नई दिल्ली**

विराट कोहली अचानक दक्षिण अफ्रीका से मुंबई लौट आए हैं। वह फिलहाल तीन दिवसीय इंट्रा स्क्वॉड प्रैक्टिस मैच में हिस्सा नहीं ले रहे हैं, जो कि प्रिटोरिया में खेला जा रहा है। भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच पहला टेस्ट 26 दिसंबर से सेंचुरियन में खेला जाएगा। भारतीय टीम फिलहाल दक्षिण अफ्रीकी दौरे पर है। टी20 सीरीज और वनडे सीरीज के बाद अब दोनों टीमें दो टेस्ट मैचों की सीरीज खेलेगी। हालांकि, इससे पहले भारत के लिए एक बड़ी खबर सामने आई है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, ओपनर ऋतुराज गायकवाड़ दोनों टेस्ट मैचों से बाहर हो गए हैं। वहीं, विराट कोहली अचानक दक्षिण अफ्रीका से मुंबई लौट आए हैं।

**ऋतुराज की अंगुली में चोट लगी :** बीसीसीआई के सूत्रों के अनुसार, युवा सलामी बल्लेबाज ऋतुराज अंगुली की चोट से उबर नहीं पाए हैं। उन्हें दक्षिण अफ्रीका में भारतीय टीम मैनेजमेंट ने रिलीज कर दिया है। गायकवाड़ को 19 दिसंबर को पोर्ट एलिजाबेथ में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दूसरे वनडे के दौरान अंगुली में चोट लगी थी। उन्होंने कहा, 'वह दूसरे वनडे में फील्डिंग करते हुए चोट लगा बैठे थे और उससे पूरी तरह नहीं उबर पाए हैं। तीसरे वनडे में भी ऋतुराज नहीं खेले थे और बीसीसीआई ने कहा था कि वह मेडिकल टीम की निगरानी में हैं। इस बीच शुक्रवार को समाप्त होने वाले अभ्यास मैच में ज्यादातर भारतीय खिलाड़ियों ने अब तक अच्छा प्रदर्शन किया है। सरफराज खान और अभिमन्यु ईश्वरन ने मौके का पूरा फायदा उठाया, जबकि कप्तान रोहित शर्मा, तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह, प्रसिद्ध कृष्णा और शार्दुल ठाकुर प्रभावी दिखे।

### 26 दिसंबर से पहला टेस्ट

तीन दिवसीय इंट्रा स्क्वॉड प्रैक्टिस मैच शुक्रवार को समाप्त होगा और भारतीय टीम के सभी खिलाड़ी अब जोहानिसबर्ग में इकट्ठा होंगे और वहां से टेस्ट के लिए सेंचुरियन जाएंगे। 26 दिसंबर को शुरू हो रहे और 30 दिसंबर को समाप्त होने वाले बॉक्सिंग डे टेस्ट के बाद भारतीय खिलाड़ी केपटाउन चले जाएंगे, जहां दूसरा और अंतिम टेस्ट तीन जनवरी से शुरू होगा।

### भारत की टेस्ट टीम

**रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल, यशस्वी जयसवाल, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, केएस भरत (विकेटकीपर), केएल राहुल (विकेटकीपर), रविचंद्रन अश्विन, रवींद्र जडेजा, शार्दुल ठाकुर, मोहम्मद सिराज, मुकेश कुमार, जसप्रीत बुमराह (उपकप्तान), प्रसिद्ध कृष्णा**

### दक्षिण अफ्रीका की टेस्ट टीम

**तेम्बा बावुमा (कप्तान), डेविड बेडिंघम, नांद्रे बर्गर, गेराल्ड कोएट्जी, टोनी डी जोर्जी, डीन एल्गर, मार्को यानसेन, केशव महाराज, एडेन मार्करम, वियान मुल्डर, लुंगी एनगिडी, कीगन पीटरसन, कगिसो रबाडा, ट्रिस्टन स्टब्स, काइल वेरेन।**

# स्मृति, जेमिमा, दीप्ति और ऋचा ने जड़ा अर्धशतक, भारत को 157 रन की बढ़त



**एजेंसी। मुंबई**

भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच खेले जा रहे टेस्ट मैच का दूसरा दिन भारत के नाम रहा। स्मृति मंधाना (74), जेमिमा रोड्रिग्स (73), ऋचा घोष (52) और दीप्ति शर्मा (नाबाद 70) की शानदार अर्धशतकीय पारियों की मदद से दूसरे दिन के अंत में ऑस्ट्रेलिया महिलाओं के खिलाफ तीन विकेट शेष रहते हुए 157 रन की बढ़त हासिल की। स्टंप्स के समय भारत 110 ओवरों में 376/7 रन बना चुका था, जिसमें दीप्ति शर्मा 70 रन और पूजा वस्त्रकर 33 रन बनाकर नाबाद लौटी। दोनों ने आठवें विकेट के लिए 143 मिनट और 242 गेंदों की साझेदारी में 102 रन जोड़े। इस प्रकार भारत ने अपनी पहली पारी में तीन विकेट शेष रहते हुए 157 रनों की बढ़त हासिल की। तीसरे दिन का खेल शुरू होने पर दीप्ति शर्मा और वस्त्रकर इस बढ़त को कम से कम 250 रनों तक बढ़ाना चाहेंगे।

## भारत के खिलाफ टेस्ट सीरीज के बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से

**एजेंसी। जोहान्सबर्ग**

क्रिकेट साउथ अफ्रीका (सीएसए) ने शुक्रवार को कहा कि दक्षिण अफ्रीका के टेस्ट बल्लेबाज डीन एल्गर ने घोषणा की है कि वह भारत के खिलाफ टेस्ट सीरीज के बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लेंगे। पूर्व कप्तान दो टेस्ट मैचों के साथ अपने अंतरराष्ट्रीय करियर का अंत करेंगे - पहला 26 से 30 दिसंबर तक सेंचुरियन में उनके घरेलू मैदान, सुपरस्पोर्ट पार्क में खेला जाएगा और दूसरा उस स्थान पर, जहां उन्होंने अपना पहला टेस्ट रन केप टाउन में न्यूलैंड्स क्रिकेट ग्राउंड में बनाया था, 3 से 7 जनवरी तक खेला जाएगा। 36 वर्षीय खिलाड़ी ने 12 साल के करियर के दौरान 84 टेस्ट और आठ एकदिवसीय मैचों में दक्षिण अफ्रीका का प्रतिनिधित्व किया है। 2012 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण करने के बाद से, एल्गर ने 37.28 की औसत से 5000 से अधिक रन बनाए, जिसमें 13 शतक और 2017 में बांग्लादेश के खिलाफ करियर की सर्वश्रेष्ठ 199 रन की पारी शामिल है। एल्गर ने एक बयान में कहा, क्रिकेट का खेल खेलना हमेशा से मेरा एक सपना रहा है, लेकिन अपने देश का प्रतिनिधित्व करने का अवसर पाना परम सौभाग्य है!

### उस्मान ख्वाजा के खिलाफ आईसीसी ने लिया एक्शन

**दुबई ।** ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर उस्मान ख्वाजा को पहले टेस्ट के दौरान आर्मबैंड पहनने के विरोध पर अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने फटकार लगाई है। सलामी बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा ने पर्थ में ऑस्ट्रेलिया की 360 रन की जीत के दौरान काली पट्टी पहनी थी। इससे पहले आईसीसी ने उनके जूतों पर प्रतिबंध लगाया था। 36 वर्षीय खिलाड़ी ने मूल रूप से उन्हें सेंसर करने के लिए आईसीसी की आलोचना की थी और गाजा में नागरिकों के समर्थन के संदेशों को बढ़ावा देना जारी रखने की कसम खाई थी। ख्वाजा ने अपने जूतों पर स्वतंत्रता एक मानव अधिकार है।

# बांग्लादेश के खिलाफ घरेलू टी20 सीरीज से बाहर हुए विलियमसन

**एजेंसी। क्राइस्टचर्च**

बांग्लादेश के खिलाफ घरेलू टी20 सीरीज से पहले कीवी टीम को कई चोटों का सामना करना पड़ा है। इस सीरीज में न्यूजीलैंड चोटिल कप्तान केन विलियमसन और तेज गेंदबाज काइल जैमीसन के बिना उतरेगी।इन दोनों चोटिल खिलाड़ियों की जगह युवा ऑलराउंडर रचिन रवींद्र और तेज गेंदबाज जैकब डफी को 13 सदस्यीय टीम में शामिल किया गया है। मिचेल सेंटनर ने 14 मौकों पर टीम का नेतृत्व किया है। विलियमसन की जगह इस श्रृंखला के लिए वो कप्तान होंगे। न्यूजीलैंड क्रिकेट ने शुक्रवार को एक बयान में कहा, इस जोड़ी को वापस लेने का निर्णय आगे की चिकित्सा सलाह, साथ ही दक्षिण अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ इस ग्रीष्मकालीन टेस्ट श्रृंखला पर ध्यान देने के साथ टीम के आगामी कार्यक्रम पर विचार करने के बाद लिया गया है।भारत और बांग्लादेश में खेलने के लिए विलियमसन अपने घुटने के रिहैब और अपनी फिटनेस पर ध्यान देंगे। कीवी टीम ने नए साल में दक्षिण अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ व्यस्त आगामी टेस्ट कार्यक्रम से पहले जैमीसन को जोखिम में नहीं डालने का फैसला किया है।

### न्यूजीलैंड टी20 टीम

**मिचेल सेंटनर (कप्तान), फिन एलन, मार्क चैपमैन, जैकब डफी, एडम मिल्ने, डेरिल मिचेल, जेम्स नीशम, ग्लेन फिलिप्स, रचिन रवींद्र, बेन सीयर्स, टिम सीफर्ट, ईश सोढ़ी, टिम साउदी**

### इंग्लैंड के खिलाफ कैरेबियाई टीम ने सीरीज पर 3-2 से किया कब्जा

**तरौबा।** वेस्टइंडीज ने पांचवें और अंतिम टी20 मैच में इंग्लैंड पर चार विकेट से निर्णायक जीत दर्ज कर पांच मैचों की सीरीज 3-2 से अपने नाम कर ली। दक्षिण अफ्रीका और भारत के खिलाफ 2023 में हालिया सफलताओं के बाद कैरेबियाई टीम ने लगातार तीसरी टी20 श्रृंखला जीती है। आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप 2024 से छह महीने से भी कम समय बाकी है। इस बीच कैरेबियाई टीम शानदार फॉर्म में नजर आ रही है। मेगा-इवेंट से पहले टीम के लिए यह अच्छी खबर है, जिसकी वो संयुक्त राज्य अमेरिका के साथ सह-मेजबानी भी करेंगे।

# झारखंड में शिक्षा विभाग करायेगा एसजीएफआई प्रतियोगिता

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसजीएफआई) के तहत राष्ट्रीय स्कूली खेल के आयोजन लेकर झारखंड खेल विभाग और शिक्षा विभाग में लगातार खींचतान देखा गया. शुभम संदेश से बातचीत में शिक्षा विभाग के राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी धीरसेन ए सोरेंग ने एसजीएफआई प्रतियोगिता कराने को लेकर विभाग की बात साफ कर दी. उन्होंने कहा कि शिक्षा विभाग ही एसजीएफआई प्रतियोगिता करायेगा. झारखंड को 6 खेलों की मेजबानी मिली है. जिसके लिए विभाग पूरी तरह से तैयार है. उन्होंने कहा की हम बच्चों के विकास पर काम कर रहे हैं. सभी सुविधाओं के साथ बच्चों को दूसरे राज्य खेलने भेजा जा रहा है. उन्हे कोई भी कठिनाई ना हो इसका विभाग पूरी तरह से ख्याल रख रहा है. अभी खिलाड़ियों को फ़्लाइट से भी खेलने भेजा गया है, जो बड़ी बात है. उन्होंने कहा विभाग के पास 1800 से अधिक फिजिकल शिक्षक मौजूद हैं. जिस नियमावली के तहत खेल विभाग को खेल के प्रोत्साहन का जिम्मेदार बताने की कोशिश की जा रही है, उसपर सरकार का जो फैसला होगा वो विभाग को मान्य होगा. फिलहाल शिक्षा विभाग ने एसजीएफआई की पूरी तैयारी कर ली है और प्रतियोगिता का संचालन भी करेगा. बता दें 67वीं राष्ट्रीय स्कूली खेल के फुटबॉल, खो-खो, कबड्डी, वुशु, स्केटिंग और साइक्लिंग की मेजबानी झारखंड को मिली है।

## व्यापार

### सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड में निवेश का आज आखिरी दिन

# मार्केट रेट से सस्ते में सोना खरीदने का मौका



**एजेंसी। नई दिल्ली**

साल 2023 में सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड में निवेश करने का आज आखिरी दिन है। सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड की ये स्कीम 18 दिसंबर को शुरू की गई थी। इसके तहत एक ग्राम सोने की कीमत 6,199 रुपये तय की गई है, जबकि सरार्फा बाजार में 24 कैरेट हाजिर सोने की कीमत फिलहाल 6,300 रुपये प्रति ग्राम के आसपास बनी हुई है। इसलिए मार्केट रेट से कम रेट पर सोना खरीदने का इस साल का ये आखिरी मौका है। सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड स्कीम के तहत बैंकों के साथ ही क्लीयरिंग कॉरपोरेशन आफ इंडिया लिमिटेड (सीसीआईएल) और स्टॉक होल्डिंग कारपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (एसएचसीआईएल) के जरिए सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड में निवेश किया जा सकता है। इसके साथ ही बीएसई और एनएसई के जरिए भी सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड में निवेश करने की सुविधा दी गई है। केंद्र सरकार की इस योजना के तहत निवेश किए गए पैसे की सिक्योरिटी की गारंटी भारत सरकार देती है। इसका संचालन भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा किया जाता है। इस स्कीम के तहत कम से कम एक ग्राम सोना खरीदा जा सकता है, वहीं इंडिविजुअल इन्वेस्टर्स को अधिकतम 4 किलोग्राम तक सोना खरीदने की छूट दी गई है। इस स्कीम के तहत हिंदू अनडिवाइडेड फैमिली (एचयूएफ) और ट्रस्ट अधिकतम 20 किलो सोना में निवेश कर सकते हैं। सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड स्कीम के तहत मैच्योरिटी पीरियड 8 साल तय की गई है। हालांकि, 5 साल पूरा होने के बाद भी निवेशक अपना पैसा निकाल सकते हैं। इसके अलावा स्टॉक एक्सचेंज के जरिए भी इसकी खरीद बिक्री की जा सकती है। इस योजना के तहत निवेशकों को 2.50 प्रतिशत का ब्याज भी दिया जाता है, जो सीधे उनके खाते में जाता है।

### घरेलू शेयर बाजार में तेजी रुख, सेंसेक्स और निफ्टी उछले

**नई दिल्ली।** घरेलू शेयर बाजार में आज तेजी का रुख बना हुआ नजर आ रहा है। आज के कारोबार की शुरूआत बढ़त के साथ हुई थी। हालांकि कारोबार की शुरूआत होते ही बिकवाली के दबाव की वजह से शेयर बाजार कुछ देर के लिए लाल निशान में भी गया, लेकिन थोड़ी ही देर बाद खरीदारों ने लिवाली का जोर बना कर बाजार की चाल में तेजी ला दी। पहले एक घंटे का कारोबार होने के बाद सेंसेक्स 0.39 प्रतिशत और निफ्टी 0.45 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। शुरूआती एक घंटे का कारोबार होने के बाद स्टॉक मार्केट के दिग्गज शेयरों में से टाटा मोटर्स, कोल इंडिया, टाटा स्टील, हिंडाल्को इंडस्ट्रीज और डिवीज लेबोरेट्रीज के शेयर 2.71 प्रतिशत से लेकर 1.59 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे।

### चेतावनी, बाजार रैली लंबे समय तक जारी नहीं रह सकती

**नई दिल्ली।** अब बाजार में चिंता का विषय मिड और स्मॉल-कैप सेगमेंट में हाई वैलुएशन है। जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के मुख्य निवेश रणनीतिकार वी.के. विजयकुमार ने ये बात कही है। शुक्रवार को बीएसई सेंसेक्स 371 अंक ऊपर 71,236.38 पर है। टाटा मोटर्स और टाटा स्टील में 2 फीसदी से ज्यादा की तेजी है। खुदरा उत्साह और मिड और स्मॉल-कैप म्यूचुअल फंड में निरंतर प्रवाह इस रैली को चला रहे हैं। उन्होंने कहा कि बाजार में यह व्यापक तेजी लंबे समय तक जारी नहीं रह सकती। सुरक्षा जितनी ही रिटर्न महत्वपूर्ण है। निस्संदेह सुरक्षा अब लार्ज-कैप में है। उन्होंने कहा कि आगे चलकर लार्ज-कैप का प्रदर्शन मिड और स्मॉल-कैप से बेहतर रहने की संभावना है। बाजार का संकेत यह है कि बुधवार का करेक्शन एक दिन की घटना थी, न कि कोई बड़ा उलटफेर।

## घरेलू और वैश्विक बाजारों को मिली नई ऊंचाई, मार्केट में तेजी

**एजेंसी। नई दिल्ली**

साल 2023 का अंत घरेलू शेयर बाजार सकारात्मक नोट पर कर रहे हैं। निफ्टी 21,500 के पार पहुंच गया है, वहीं सेंसेक्स 71,000 के पार है।

मोतीलाल ओसवाल ब्रोकिंग एंड डिस्ट्रीब्यूशन की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि नवंबर और दिसंबर के महीने में निवेशकों के सेंटीमेंट्स को काफी बढ़ावा मिला, जिससे घरेलू और वैश्विक बाजारों को नई ऊंचाई हासिल करने में मदद मिली। सेकेंड्री मार्केट में तेजी के रुख के बाद आईपीओ बाजार भी काफी जीवंत रहा। पिछले साल 40 आईपीओ (कुल 64,000 करोड़ रुपए) के मुकाबले इस साल 48,000 करोड़ रुपए का फंड जुटाने के लिए 58 आईपीओ बाजार में आए। रिपोर्ट में कहा गया है कि आगे ओला इलेक्ट्रिक, स्विगी, फर्स्टक्राई, मोबिविक सहित नए जमाने के टेक आईपीओ में तेज वृद्धि की उम्मीद के साथ




पाइपलाइन मजबूत बनी हुई है। भारत के मैक्रो और माइक्रो फंडामेंटल मजबूत बने हुए हैं और बाजार को नई ऊंचाई छूने में मदद कर रहे हैं। निफ्टी ने 2023 में अब तक 18 फीसदी का रिटर्न दिया है। मिडकैप और स्मॉलकैप में भारी तेजी देखी गई, निफ्टी मिडकैप100 में 44 फीसदी की बढ़ोतरी हुई, जबकि निफ्टी स्मॉलकैप100 में 54 फीसदी की। रिपोर्ट में कहा गया है कि पीएसयू, रियल्टी, ऑटो के साथ-साथ बिजली, रक्षा, शिपिंग, उर्वरक, ईएमएस जैसे कई प्रमुख सेक्टर में खरीददारी में भारी दिलचस्पी देखी गई। पीएसयू बैंकों ने निजी बैंकों की तुलना में बेहतर प्रदर्शन किया।

### एस्सार ने औद्योगिक कार्बन कैप्चर सुविधा के लिए भागीदार का किया चयन

# कार्बन उत्सर्जन 10 लाख टन कम करने का लक्ष्य

**एजेंसी। नई दिल्ली**

एस्सार ऑयल यूके ने ब्रिटेन के स्टैनलो स्थित अपने संयंत्र में नियोजित ईईटी औद्योगिक कार्बन कैप्चर (आईसीसी) सुविधा के लिए दूसरे प्रमुख लाइसेंसकर्ता प्रौद्योगिकी प्रदाता कंपनी टॉपसो के चयन की घोषणा की है। टॉपसो इसके लिए अपनी पर्यावरण की दृष्टि से टिकाऊ फ़्लू-गैस उपचार तकनीक स्नोक्सटीएम प्रदान करेगा। यह 20 लाख टन सीओ2 (95 फीसदी) उत्सर्जन को कम करके रिफाइनरी को डीकाबोर्नाइज करने में एस्सार ऑयल यूके के 1.2 अरब डॉलर के निवेश की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जिससे यह दुनिया की पहली कम कार्बन रिफाइनरी और कम कार्बन ईंधन । उत्पादक बन जाएगा। एस्सार ऑयल यूके के सीईओ दीपक माहेश्वरी ने कहा, हम एस्सार ऑयल यूके की डीकाबोर्नाइजेशन रणनीति के अगले



चरण में प्रवेश के लिए तैयार हैं। कुल 1.2 अरब डॉलर के निवेश के साथ, हम दुनिया की पहली कम कार्बन उत्सर्जन वाली रिफाइनरी बनने की दिशा में बढ़ रहा है। हमारी आगामी हाइड्रोजन ईंधन स्विचिंग परियोजना के साथ मिलकर औद्योगिक कार्बन कैप्चर सुविधा रिफाइनरी के सीओ2 के उत्सर्जन को 95 प्रतिशत तक कम कर देगी। इस प्रयास में टॉपसो एक मूल्यवान भागीदार है। टॉपसो स्नोक्स तकनीक से हमें एक अच्छी तरह से परखा हुआ और अत्यधिक टिकाऊ ग्रिप-गैस उपचार मिल रहा है। एस्सार की समग्र डीकाबोर्नाइजेशन रणनीति दो अत्याधुनिक परियोजनाओं के साथ रिफाइनरी उत्सर्जन को कम करने की योजना बना रही है:

1) नवंबर 2022 में स्टैनलो में घोषित औद्योगिक कार्बन कैप्चर (आईसीसी) का लक्ष्य 2028 तक चालू होना है। इस परियोजना के परिणामस्वरूप वार्षिक सीओ2 उत्सर्जन में 10 लाख टन कमी आएगी।

2) हाइड्रोजन ईंधन प्राकृतिक गैस से ईंधन स्रोत के रूप में हाइड्रोजन में बदल रहा है, जिसके परिणामस्वरूप वार्षिक उत्सर्जन में 10 लाख टन सीओ2 की कमी आई है।

यह एस्सार ऑयल यूके को ब्रिटेन के ऊर्जा संक्रमण में अग्रण बनाता है, जिससे यूके की ऊर्जा सुरक्षा और लचीलेपन में रिफाइनरी की महत्वपूर्ण भूमिका सुनिश्चित हो जाती है। टॉपसो और मित्सुबिशी हेवी इंडस्ट्रीज के चयन के साथ, एस्सार ऑयल यूके ने अपने अधिकांश प्रौद्योगिकी भागीदारों की पहचान कर ली है और परियोजना फ्रंट-एंड इंजीनियरिंग डिजाइन (फीड) चरण में आगे बढ़ने के लिए तैयार है। लाइसेंस प्राप्त प्रौद्योगिकियों के लिए बुनियादी इंजीनियरिंग डिजाइन पैकेज (बीईडीपी) का विकास पहले से ही जारी है। टॉपसो में सीसीओ एलेना स्कैल्ट्रिट्टी ने कहा, हम एस्सार ऑयल यूके के लिए प्रौद्योगिकी लाइसेंसकर्ता के रूप में चुने जाने से रोमांचित हैं।

### विकासशील देशों के प्रति पारदर्शी और निष्पक्ष हों क्रेडिट रेटिंग एजेंसियां

**नई दिल्ली।** फिच, मूडीज और एसएंडपी जैसी क्रेडिट रेटिंग एजेंसियों को अपनी रेटिंग प्रक्रिया में सुधार करने की जरूरत है। जो भारत जैसे विकासशील देशों के खिलाफ भारी है, इसके परिणामस्वरूप अतिरिक्त फंडिंग लागत अरबों डॉलर में चल रही है। यह बात सरकार के मुख्य आर्थिक सलाहकार, वी अनंत नागेश्वरन ने कही है। सीईए के कार्यालय द्वारा प्रकाशित री-एग्जामिनिंग नैरेटिव्सः ए कलेक्शन ऑफ एसेज नामक दस्तावेज में, नागेश्वरन ने कहा कि गैर-पारदर्शी और व्यक्तिपरक गुणात्मक कारकों पर अत्यधिक निर्भरता के कारण क्रेडिट रेटिंग पद्धतियों में अपारदर्शिता भी बढ़ती है। बैंडवैगन प्रभाव और संज्ञानात्मक पूर्वाग्रह विभिन्न अध्ययनों में व्यापक रूप से परिलक्षित होते हैं, इससे क्रेडिट रेटिंग की विश्वसनीयता के बारे में चिंताएं पैदा होती हैं।

## जोमैटो ने की शिपरॉकेट के अधिग्रहण की पेशकश

**एजेंसी। नई दिल्ली**

ऑनलाइन फूड प्लेटफॉर्म जोमैटो ने घरेलू लॉजिस्टिक्स समाधान प्रदाता शिपरॉकेट को करीब 2 अरब डॉलर (16,600 करोड़ रुपये से अधिक) में अधिग्रहण करने की पेशकश की है। मीडिया को गुरुवार को यह जानकारी दी गई। ब्लूमबर्ग ने घटनाक्रम से अवगत लोगों का हवाला देते हुए बताया कि जोमैटो ने कंपनी को खरीदने की पेशकश की है और सौदे पर अभी तक कोई अंतिम निर्णय नहीं लिया गया है। पिछले साल अगस्त में जोमैटो समर्थित शिपरॉकेट, जिसे इंफो एज, टेमासेक और लाइटरॉक का भी समर्थन प्राप्त था, ने 3.35 करोड़ डॉलर जुटाए, जिससे इसका मूल्यांकन लगभग 1.2 अरब डॉलर हो गया। जोमैटो ने उसी महीने, क्विक कॉमर्स कंपनी ब्लिंकिट (पूर्व में ग्रोफर्स) और उसके वेयरहाउसिंग और सहायक सेवा व्यवसाय का अधिग्रहण पूरा किया। जोमैटो के बोर्ड ने ब्लिंकिट के अधिग्रहण के




लिए 4,447 करोड़ रुपये के लेनदेन को मंजूरी दे दी। सहायक कारोबार 61 करोड़ रुपये में खरीदा गया था। इस बीच, शिपरॉकेट कथित तौर पर यूएस-आधारित निवेश फर्म ट्राइब कैपिटल के नेतृत्व में 75-100 मिलियन तक फंड जुटाने के लिए शीर्ष वीसी फर्मों के साथ बातचीत कर रही है। सूत्रों के हवाले से पिछले हफ्ते टेकक्रंच की रिपोर्ट के मुताबिक, 'फंडिंग को लेकर बातचीत जारी है और शर्तें बदल सकती हैं।' ट्राइब कैपिटल और शिपरोकेट दोनों ने रिपोर्ट पर कोई टिप्पणी नहीं की। बेंगलुरु मुख्यालय वाले शिपरोकेट का लक्ष्य अगले 12 से 18 महीनों में आईपीओ के लिए तैयार होना है।

### भारत में काम करने के लिए केरल सबसे पसंदीदा राज्य : स्किल रिपोर्ट

**कोच्चि।** इंडिया स्किल्स रिपोर्ट-2024 हाल ही में प्रकाशित की गई है। जिसमें खुलासा हुआ है कि केरल के दो शहर कोच्चि और तिरुवनंतपुरम भारत में युवाओं के बीच काम करने के लिए सबसे पसंदीदा स्थान बनकर उभरे हैं। अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (एआईसीटीई), भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई), भारतीय विश्वविद्यालय संघ (एआईयू), गूगल और टैग्ड के सहयोग से प्रतिभा मूल्यांकन एजेंसी व्हीबॉक्स द्वारा प्रकाशित रिपोर्ट के अनुसार, केरल 18-21 आयु वर्ग के बीच सबसे अधिक रोजगार संसाधनों वाला दूसरा राज्य है। रिपोर्ट में देश भर में आयोजित राष्ट्रीय रोजगार परीक्षण के माध्यम से 3.88 लाख युवाओं का सर्वे किया गया। रिपोर्ट बताती है कि भारत में रोजगार क्षमता में सुधार हुआ है क्योंकि सर्वे में शामिल 51.25 प्रतिशत युवा जरूरी स्किल (कौशल) के साथ रोजगार योग्य हैं।